राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





**11** गहलोत ने तेज गेंदबाज भरत का किया उत्साहवर्धन

कनाडा दौरे पर गए पोप ने माफी मांगने के लिए नुनावुत की यात्रा की **12**

वर्ष : 10 | अंक : 76 | पटना, रविवार, 31 जुलाई 2022 | श्रावण मास शुक्ल पक्ष, तृतीया | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

**पोल**

क्या नशे के खिलाफ कठोर कानून बनाने की जरूरत है ?

| | |
|---|---|
| हां | 70% |
| नहीं | 20% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 51,191 |
| चांदी | 53.,400 |
| सेंसेक्स | 56,308 |
| निफ्टी | 19,503 |

# कॉमनवेल्थ गेम्स का दूसरा दिन: वेटलिफ्टिंग में भारत ने जीते दो मेडल

बर्मिंघम, एजेंसी

कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारत के मेडल का खाता खुल गया है। वेटलिफ्टर संकेत महादेव ने शनिवार को मेंस 55 किलोग्राम वजन की श्रेणी में देश को सिल्वर मेडल दिलाया है। वहीं, मेंस 61 किलोग्राम वजन की श्रेणी में गुरुराजा पुजारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। गोल्ड मलेशिया के अजनील मोहम्मद ने और सिल्वर पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने जीता। संकेत ने स्नैच के पहले ही प्रयास में 107 किग्रा का वजन उठा उठाया। उन्होंनें दूसरे प्रयास में 111 किलोग्राम

**ब्रॉन्ज मेडल**

- संकेत ने सिल्वर और गुरुराजा पुजारी ने ब्रॉन्ज किया अपने नाम

और तीसरे प्रयास में 113 किलोग्राम का वजन उठाया। क्लीन एंड जर्क के पहले प्रयास में संकेत ने 135 किलोग्राम का वजन उठाया है। लेकिन, उनका दूसरा और तीसरा प्रयास विफल रहा। वे 248 किलाग्राम के साथ दूसरे स्थान पर रहे। मलेशियाई वेटलिफ्टर ने कुल 249 किलोग्राम वजन उठाया और सिर्फ 1 किलो के अंतर से



संकेत से आगे निकल गए। दूसरी ओर गुरुराजा ने स्नैच में अधिकतम 118 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 151 किलोग्राम का वजन उठाया।

इस तरह उन्होंने कुल 269 किलोग्राम का वजन उठाया और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

### चोट के कारण गोल्ड से चूके

संकेत ने क्लीन एंड जर्क में अपने पहले प्रयास में ही 135 किलोग्राम वजन उठाया। इसके बाद दूसरे प्रयास में उन्होंने 139 किलोग्राम भार उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं रहे और उनका हाथ भी चोटिल हो गया। तीसरे प्रयास में उन्होंने 142 किलोग्राम उठाने का प्रयाय किया, लेकिन दर्द के कारण वह असफल रहे। वह चोट से कराहते दिखे।

### मैं खुश हूं लेकिन खुद से नाराज भी

प्रतिस्पर्धा के बाद उन्होंने कहा, मैं खुश हूं लेकिन मैं खुद से नाराज भी हूं क्योंकि मुझे स्वर्ण पदक जीतना था और मैंने स्वर्ण पदक के लिए तैयारी भी की थी। मैं 4 साल से स्वर्ण पदक के लिए तैयारी कर रहा था और स्वर्ण पदक एक कदम की दूरी पर था। मुझे इस पदक के मिलने पर खुशी है कि ये देश का पहला पदक है।

भाजपा संयुक्त मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक ज्ञान भवन में शुरू

# ग्राम स्वराज की कल्पना को भाजपा ने किया साकार : जेपी नड्डा

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बिहार ग्राम संसद का किया उद्घाटन, कहा- हम विकास विकास के चैंपियन हैं



- ग्राम स्वराज की कल्पना को महात्मा गांधी ने रखी थी। उसको वैचारिक पृष्ठभूमि पर अमलीजामा पहनाते हुए एक रूप देने का काम भारतीय जनसंघ और भाजपा के नेताओं ने किया है।

### गृह मंत्री अमित शाह कार्यक्रम का आज करेंगे समापन

- पटना। संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकरिणी की बैठक के दूसरे दिन शनिवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुबह आठ बजे होटल मौर्या के सामने नड्डा सात मोर्चा द्वारा आयोजित शोभायात्रा का अवलोकन करेंगे। 10 बजे पटना साहिब जाएंगे और वहां मत्था टेकेंगे। 11 बजे सिटी के कंगनघाट के कम्युनिटी हाल में प्रधानमंत्री की मन की बात सुनेंगे। दोपहर 12 बजे वे भाजपा कार्यालय से 16 जिलों के लिए तैयार भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन और सात जिला भवन निर्माण का शिलान्यास करेंगे। दो बजे सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद की किताब का विमोचन करेंगे। समापन समारोह में गृह मंत्री भी होंगे शामिल 31 को शाम चार बजे से ज्ञान भवन में समापन सत्र होगा। इसमें शामिल होने के लिए दोपहर बाद 1.30 बजे गृह मंत्री अमित शाह पटना पहुंच जाएंगे। शाह, नड्डा के साथ साढ़े तीन बजे ज्ञान भवन पहुंच कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लेंगे। शाम में 6 से 8 बजे तक अन्य राज्यों के जो नेता यहां पहुंचेंगे वे उनसे मुलाकात करेंगे। साथ ही संयुक्त मोर्चा की बैठक में भाग लेने जो बाहर से पहुंचेंगे उनसे भी मुलाकात का कार्यक्रम है।



पटना, प्रात : किरण

भाजपा संयुक्त मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक पटना के ज्ञान भवन में शुरू हो गयी। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर पार्टी के सभी मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मुख्य मंच पर जगह दी गई है। मंच पर मौजूद सभी को फूल और बुके देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद श्री नड्डा ने होटल मौर्या में बिहार ग्राम संसद का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्राम स्वराज की कल्पना को महात्मा गांधी ने रखी थी। उसको वैचारिक पृष्ठभूमि पर अमलीजामा पहनाते हुए एक रूप देने का काम भारतीय जनसंघ और भाजपा के नेताओं ने किया है। श्री नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। कहा कि कांग्रेस ने कभी कोऑपरेटिव फार्मिंग की बात की, कभी कलेक्टिव फार्मिंग की बात की। लेकिन किसान, गांव, गरीब की अन्तरात्मा को पहचानने के विषय में उनकी सोच कहीं न कहीं पीछे रह गई और ग्राम स्वराज की कल्पना को साकार करने में वो असफल रहे। उन्होंने कहा कि मैं गौरव के साथ कह सकता हूं कि हमारी विचारधारा, जिसकी उत्पत्ति श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक मजबूत देश, मजबूत राष्ट्र की कल्पना को लेकर हुई। तो वैचारिक पृष्ठभूमि पर दीनदयाल उपाध्याय जी ने एकात्म मानववाद दिया।

अंत्योदय की कल्पना को पहली बार धरती पर उतारने का काम भाजपा ने और जनसंघ ने किया था। उसी को आगे बढ़ाते हुए हमारे नाना जी देशमुख ने ग्रामोदय का विषय उठाया। नड्डा ने पीएम की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि हम विकास के चैंपियन हैं। पंचायतों को मजबूती देने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। पीएम ने गांव के बजट में पांच गुना वृद्धि की। कहा कि देशभर में 11 करोड़ टायलेट बनवाने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। उज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस के कनेक्शन दिए गए। हमारी सरकार में पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उतर बिहार से दक्षिण बिहार के लिए सोचना पड़ता था। गंगा नदी पार करने के लिए बच्चा बाबू का जहाज पकड़ना पड़ता था। आज कई ब्रिज बने हैं। उन्होंने कहा कि 1.77 लाख ग्राम पंचायतें को सीधे पीएफएमएस से जुड़ गई हैं। अब पंचायतों के खाते में सीधी राशि पहुंच रही है। ग्राम स्वरोजगार का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा 11 करोड़ महिलाओं को इज्जत घर ( शौचालय) बनाने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। उन्होंने नरेन्द्र मोदी सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि मोदी सरकार ने 200 करोड़ वैक्सीन दे कर लोगों को सुरक्षित किया। साथ हीं विश्व के सौ देशों को कोराना का टीका उपलब्ध भारत ने कराया।

# देश में चन्द लोग कर रहे माहौल खराब : अजीत डोभाल

## एनएसए ने पीएफआई को कट्टरपंथियों का हिस्सा बताया, मुस्लिम नेता बोले- लगे प्रतिबंध

नई दिल्ली, प्रात : किरण



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि कुछ तत्व ऐसा माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो देश की प्रगति को बाधित कर रहा है। उन्होंने कहा कि निंदा पर्याप्त नहीं है और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और अन्य सहित कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ काम करने की जरूरत है। अजीत डोभाल ने यह बात दिल्ली में आयोजित अंतर धार्मिक बैठक के दौरान कही। इस दौरान मुस्लिम नेताओं ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। दिल्ली में आयोजित अंतर धार्मिक बैठक के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा, कुछ लोग धार्मिक मान्यताओं के आधार पर समाज के भीतर और बाहर कलह का प्रभाव पैदा करना चाहते हैं। बहुमत खामोश है। हम मूक दर्शक नहीं बन सकते। हमें संगठित होकर आवाज उठानी होगी, गलतियों में सुधार करना होगा। डोभाल ने कहा, वे धर्म और विचारधारा के नाम पर कटुता और संघर्ष पैदा कर रहे हैं, यह पूरे देश को प्रभावित कर रहा है और देश के बाहर भी फैल रहा है। उन्होंने कहा, 'हमें मूकदर्शक बने रहने के बजाय अपनी आवाज को मजबूत करने के साथ-साथ अपने मतभेदों पर जमीनी स्तर पर काम करना होगा। हमें भारत के हर वर्ग को यह महसूस कराना है कि हम एक साथ एक देश हैं, हमें इस पर गर्व है और यहां हर धर्म को स्वतंत्रता के साथ स्वीकार किया जा सकता है। बैठक में मौजूद मुस्लिम नेताओं ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। एनएसए डोभाल की अध्यक्षता में अंतर-धार्मिक बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं ने भाग लिया। धार्मिक सद्भाव सुनिश्चित करने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार के आउटरीच के हिस्से के रूप में आयोजित इस सम्मेलन में सूफी संतों ने भी भाग लिया।

# बिहर में सीएम पद की कोई वैकेंसी नहीं : ललन

पटना, प्रात : किरण



- पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता, गांव से लेकर प्रदेश तक सभी के एक मात्र और सर्वमान्य नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं।

प्रदेश में अभी सियासी तापमान गर्म है। इस बीच जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने बड़ा बयान दिया है। शनिवार को ललन सिंह जदयू के जहानाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष दिवंगत चंदेश्वर बिंद को श्रद्धांजलि देने जहानाबाद के बाला बिगहा में पहुंचे थे। इस दौरान मीडिया से बातचीत में भाजपा के द्वारा बिहार की 200 विधानसभा सीटों पर की जा रही तैयारी के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी को यह अधिकार है। जदयू 243 सीटों पर हाथ आजमाने का प्लान कर रहा है। मौके पर सांसद चंदेश्वर प्रसाद चद्रवंशी, जदयू जिलाध्यक्ष राहुल कुमार, पूर्व विधायक अभय कुशवाहा के अलावा निरंजन केशव प्रिंस, शशिभूषण कुमार आदि उपस्थित थे। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में बड़ा बयान दिया। बिहार का मुख्यमंत्री आरसीपी सिंह जैसा हो नारे पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में सीएम पद की कोई वैकेंसी नहीं है। जदयू के एक-एक कार्यकर्ता के मन में नीतीश कुमार बसे हैं। ऐसे में सीएम को लेकर राज्य में कोई किंतु-परंतु नहीं है। कहा है कि पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता, गांव से लेकर प्रदेश तक सभी के एक मात्र और सर्वमान्य नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। यहां मुख्यमंत्री की वैकेंसी नहीं है। हां, इस पार्टी से बाहर तो कोई भी कहीं से उम्मीदवार हो सकता है। लेकिन, जहां तक जदयू का सवाल है, यहां कोई वैकेंसी नहीं है।

## संक्षिप्त खबर

### 1 अगस्त से गांधी मैदान में प्रवेश पर रोक

पटना। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में इस बार स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके मद्देनजर 1 से 13 अगस्त के बीच गांधी मैदान को आमलोगों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस दौरान यहां पुलिस परेड का पूर्वाभ्यास सुबह नौ बजे से किया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव मनाए जाने के कारण पटना जिले के हर घर पर तिरंगा फहराने की योजना है। स्वतंत्रता दिवस के दिन गांधी मैदान के चारों ओर तिरंगा झंडा दिखेगा। इधर, स्वतंत्रता दिवस पर निकलने वाली झांकी की भी तैयारी शुरू कर दी गई है। 15 अगस्त की सुबह नौ बजे गांधी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन होना है। इस बार आम लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। दर्शक दीर्घा भी बनाने की तैयारी चल रही है। गांधी मैदान में प्रत्येक दिन पूर्वाभ्यास किया जाएगा। अंतिम पूर्वाभ्यास 13 अगस्त को सुबह नौ बजे होगा, जिसमें प्रमंडलीय आयुक्त परेड की सलामी लेंगे। 13 से 15 अगस्त के बीच गांधी मैदान में सुबह की सैर करने वाले लोगों के लिए भी प्रतिबंध रहेगा क्योंकि प्रशासन परेड के समापन होने के बाद सुरक्षा कारणों से गांधी मैदान को बंद करेगा। इसके बाद 15 अगस्त के दिन आमलोगों के लिए इसे पुनः खोल दिया जाएगा।

### आतंकी ढेर, तीन जवान घायल

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और दो जवान तथा एक पुलिस कर्मी घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि बारामूला जिले के वानीगाम बाला गांव में आज सुबह मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। सुरक्षा अधिकारी ने कहा, तलाश अभियान के दौरान जब सुरक्षा बल आतंकवादियों के संदिग्ध ठिकाने की ओर बढ़ रहे थे तभी छिपे हुए आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों के जवाबी कार्रवाई शुरू करते ही मुठभेड़ शुरू हो गयी।

### उद्धव ठाकरे को एक और झटका

मुंबई। शिवसेना के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर ने शनिवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समूह में शामिल होने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय लेने से पहले उन्होंने शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से बातचीत की। वह रविवार को शिंदे समूह में शामिल होंगे। अर्जुन खोतकर ने पत्रकारों से कहा कि जालना सहकारी कारखाना को फिर शुरू करवाना उनकी प्राथमिकता है। इस कारखाने से जालना के किसानों तथा मजदूरों का भविष्य जुड़ा है। इसी वजह से वे दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं से मिले थे।

## नशे के खिलाफ जल्द बनेंगे कठोर कानून : शाह

**चंडीगढ़।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार जल्द ही नशे के खिलाफ कठोर कानून बनाने जा रही है। इसके लिए राज्य सरकारों के साथ तालमेल किया जा रहा है। नशे के खिलाफ लड़ाई के लिए सभी राज्यों को एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है। केंद्रीय गृहमंत्री शनिवार को चंडीगढ़ स्थित पंजाब राजभवन में मादक पदार्थों की तस्करी व राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर उत्तरी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीमा पार से नशा पंजाब के रास्ते भारत में आ रहा है।

## दो बाइकों को पिकअप ने मारी टक्कर, पांच की मौत

बाराबंकी, प्रात : किरण

उत्तर प्रदेश में पिछले दो दिनों से लगातार हादसे हो रहे हैं। शनिवार को एक बौर बड़ा हादसा हो गया। बाराबंकी-बहराइच हाइवे पर बिंदौरा नहर पुल के पास बस को ओवर टेक करते समय तेज रफ्तार पिकप ने पीछे से दो बाइकों में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चार लोगों की मौके पर मौत हा गई जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पिकप सहित चालक फरार हो गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने मामले की जानकारी ली व कार्रवाई के आवश्यक निर्देश दिए। एक मृतक गोंडा जिले का निवासी था। मसौली थाना क्षेत्र में बाराबंकी-बहराइच हाइवे पर बिदौरा चौराहा के पहले शारदा सहायक नहर पुल के पास एक अनुबंधित बस को ओवर टेक कर रही पिकप ने आगे जा रही दो बाइकों में ठोकर मार दी। हादसे के बाद पिकप सहित चालक फरार हो गया। हादसे में मसौली थाना के ग्राम किन्हौली निवासी दीपक कुमार (24) पुत्र मेवालाल, परिवार के ही अभिषेक गौतम (18) पुत्र राजेश, गोंडा जिला के थाना करनैलगंज के गांव काजीमऊ निवासी प्रशांत द्विवेदी (23) पुत्र लक्ष्मीकांत व इसका साथी पंकज मिश्र (22) पुत्र विजय प्रकाश मिश्र की मौके पर ही मौत हो गई।

# महाराष्ट्र में राज्यपाल के भाषण पर बवाल

## कहा-मुंबई से राजस्थानियों-गुजरातियों को निकाल दो तो यहां पैसा नहीं बचेगा, विपक्ष ने कहा- यह मराठियों का अपमान

मुंबई, एजेंसी



महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की मुंबई को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद शुरू हो गया है। मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने मुंबई के आर्थिक राजधानी होने का क्रेडिट यहां रहने वाले राजस्थानियों और गुजरातियों को दिया था। दरअसल, राज्यपाल ने शुक्रवार को मुंबई के अंधेरी में एक कार्यक्रम में बोलते हुए मारवाड़ी गुजराती समुदाय की प्रशंसा की और कहा कि वे जहां भी जाते हैं, अस्पताल, स्कूल आदि बनाकर जगह के विकास में योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर महाराष्ट्र से गुजरातियों और राजस्थानियों को हटा दिया जाता है, तो महाराष्ट्र के पास कोई पैसा नहीं बचेगा और मुंबई को भारत की आर्थिक राजधानी नहीं कहा जाएगा। उनका यह बयान महाराष्ट्र की सत्ता में पक्ष और विपक्ष दोनों को ही नागवार गुजरा है। संजय राउत ने कोश्यारी के बयान पर शिंदे गुट को घेरा है। उन्होंने कहा है कि कोश्यारी ने मराठियों को भिखारी बता दिया है, ऐसे में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक्शन लेना चाहिए। वहीं, शिंदे गुट ने भी कोश्यारी के इस बयान को राज्य का अपमान बताया है। उद्धव और राज ठाकरे ने भी कोश्यारी के बयान पर प्रतिक्रिया दी है।

### मराठियों का घोर अपमान : प्रियंका चतुर्वेदी

शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि यह महाराष्ट्र और मराठी मानुष के लोगों की कड़ी मेहनत का अपमान है, जिन्होंने राज्य को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए दिन-रात मेहनत की है। राज्यपाल को तुरंत माफी मांगनी चाहिए, ऐसा नहीं करने पर हम उन्हें बदलने की मांग करेंगे।

## नहर के अंतिम छोर तक पहुंचाएं पानी : संजय झा

### जल संसाधन मंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

पटना, प्रात : किरण

प्रदेश में इस बार कम बारिश होने के कारण प्रदेश में सूखे की स्थिति से निपटने को लेकर सरकार पूरी तरह अलर्ट है। इस कड़ी में जल संसाधन मंत्री संजय झा ने रोपनी के लिए नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए नहर एवं उनकी वितरणियों की लगातर निगरानी होनी चाहिए। अगर किसी के द्वारा अनावश्यक रूप से पानी रोका जा रहा है तो प्रशासन से मदद लेकर ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करें। जल संसाधन मंत्री ने शनिवार को सिंचाई प्रमंडल भभुआ, सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमंडल भभुआ, जमानिया पंप नहर प्रमंडल मोहनियां एवं सिंचाई प्रमंडल डेहरी के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कैमूर की सोन उच्चस्तरीय नहर, लरमा पंप कैनाल, दुर्गावती जलाशय परियोजना एवं अन्य नहरों में पानी की उपलब्धता की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। मंत्री ने हर खेत तक पानी के लिए नहर पुर्नस्थापन से संबंधित सूची तैयार कर उपविकास आयुक्त को 15 अगस्त तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कहा कि धरहर पंप हाउस एवं लिंक नहर की निर्माण योजना के तहत दुर्गावती एवं तियरा पंप हाउस निर्माण योजना अंतर्गत नुआंव में भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले को डीएम से समन्वय स्थापित कर निष्पादित करें। जल संसाधन मंत्री ने दुर्गावती जलाशय पहुंचकर डैम में पानी की उपलब्धता देखी। दुर्गावती परियोजना से जुड़े पदाधिकारियों से जलाशय का जलग्रहण क्षेत्र तथा कैमूर एवं रोहतास में सिंचित की जाने वाली भूमि के बारे में जानकारी प्राप्त की। पदाधिकारियों ने बताया कि इस साल बारिश कम होने के कारण जलाशय में पानी कम जमा हुआ है।

**समारोह** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित बिजली महोत्सव के समापन पर बोलें ऊर्जा मंत्री

# सरप्लस पावर स्टेट बन चुका है बिहार, बाहर भेजी जा रही बिजली : बिजेन्द्र

## नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने पर विशेष जोर : संजीव हंस

पटना, प्रात : किरण



आजादी के अमृत महोत्सव के 5 दिवसीय समारोह का आयोजन बिजली महोत्सव के रूप में किया गया। शनिवार कोअंतिम दिन ऊर्जा ऑडीटोरियम पटना में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड और एनटीपीसी के तत्वावधान में मेगा इवेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जब 2005 में बिहार की कमान संभाली थी, तब से अब तक बिजली के क्षेत्र में बिहार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 8 वर्षों में मुख्यमंत्री के दृढ़ निश्चय और योजनाओं की सही रूप रेखा ने हर घर में बिजली पहुंचाई है तथा समय से पूर्व इस महत्वकांक्षी लक्ष्य को हासिल किया है। मुख्यमंत्री के निश्चय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के कारण बिहार अंधकार से बाहर तो निकला ही है साथ में आज सरप्लस पावर स्टेट भी बन चुका है तथा यहां से बिजली अब बाहर भी भेजी जा रही है। इस मौके पर ऊर्जा विभाग के सचिव संजीव हंस ने कहा कि कि वर्तमान परिस्थिति में यह अत्यंत आवश्यक है कि हमें गैर- जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर अग्रसारित होना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि लखीसराय जिले के कजरा और भागलपुर जिले के पीरपैंती में लगभग 400-450 मेगावाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा परियोजना के निर्माण की कार्रवाई की जा रही है, जिससे सौर्य ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। श्री संजीव हंस ने कहा कि राज्य में 250 मेगावाट की क्षमता का ग्राउंड माउन्टेड सोलर परियोजना के निर्माण एवं उससे उत्पादित बिजली, बिहार को उपलब्ध कराने हेतु ब्रेडा द्वारा निविदा के माध्यम से एजेंसी का चयन कर लिया गया है। 200 मेगावाट के उत्पादन हेतु एजेंसी के साथ एकरारनामा कर लिया गया है, जिससे वर्ष 2023 के अंत तक बिजली उपलब्ध हो सकेगी। श्री हंस ने यह भी बताया कि आने वाली इन योजनाओं की व्यवस्था से बिहार देश का ऐसा पहला राज्य होगा जहां दो महत्वपूर्ण ऐतिहासिक जगहों (राजगीर एवं बोधगया) को चौबीसों घंटे हरित ऊर्जा की आपूर्ति की जाएगी। वर्ष 2047 तक की चुनौतियों की चर्चा करते हुए श्री हंस ने कहा कि बिजली की उपलब्धता बढ़ाने के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए हमें और काम करना है। साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना है। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में किये गये कार्यों, उपलब्धियों को लघु फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रक्षेपित योजनाओं पर भी लघु फिल्में दिखाई गई।

# लोहिया स्वच्छ भारत के दूसरे चरण का हुआ आगाज

सबौर (भागलपुर) प्रात: किरण



लोहिया स्वच्छ भारत अभियान के दूसरे चरण कार्यक्रम शुरूआत पर मंत्री बिहार सरकार श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में कचरा प्रबंधन समिति की ओर से घर से कचरा का उठाव किया जायेगा। इसके लिए जिले के 67 पंचायत को लिया गया है, लोगों को गीला और सूखा कचरा एकत्रित करने के लिए प्रत्येक परिवार में दो डस्टबिन दिया गया है।मंत्री जी की ओर से कचरा के संबंधित जानकारी और उसके रखरखाव के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को रह भी बताया कि प्रत्येक दिन सुबह कचरा लेने कर्मचारी द्वारा उठाव किया जायेगा, उक्त कचरे को कर्मचारी द्वारा एकत्रित किया जायेगा, जहां तहां कचरे को को न फेंकने की अपील की है।

उक्त बातें बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने सबौर खानकित्ता में लोहिया स्वच्छता अभियान के दूसरे चरण का आगाज करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एकत्रित कचरा एक जगह बड़े पैमाने पर जमा कर रीसाइक्लिंग किया जाएगा। जिससे सड़क आदि का निर्माण किया जाएगा। इस प्रकार कचरा का प्रबंधन किया जाएगा। जिससे स्वच्छ बिहार का निर्माण होगा।उन्होंने कहा कि हो रहे जलवायु परिवर्तन को देखते हुए हरियाली से 17 प्रतिशत बिहार को अच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत हम लोग बिहार में 5 करोड़ पौधा लगाए जायेंगे। खुले में शौच जाने वाले व्यक्तियों का सेटेलाइट से तस्वीर ली जाएगी। उसके बाद उनसे सरकारी लाभ के तहत बनी सौचालय का उक्त ग्रामीणों से सरकार द्वारा देय अनुदानित शौचालय राशि का वसूल किया जाएगा। वही मंत्री श्री कुमार ने कचरे के ठेले को हरी झंडी दिखा कर ग्रामीण क्षेत्रों में रवाना करते हुए लोहिया स्वच्छता अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत की। इस दौरान डीडीसी प्रतिभा रानी ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं कि कचरा उठाव दिन में दो बार कर्मियों द्वारा उठाव किया जाएगा। कचरा उथव के बाद दोनों कचरा को अलग-अलग स्थान पर रखा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिला में चल रहे कचरा के इस्तेमाल के बारे में जानकारी देते हुए डीडीसी में कहीं की गीला कचरा से खाद बनाने के कार्य किए जाएंगे। मौके पर डीआरडीए के निदेशक पांडे जी, सीओ अजीत झा, मुखिया सुनील चौधरी, जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञान चंद पटेल, केदार सिंह नारायण गोस्वामी प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, मनोज मंडल, दयानंद दास,अशोक यादव , अजय कुमार सिंह , गोपाल श्रीवास्तव , संजीत कुमार सिंह , मुनील यादव , बिरेन्द्र कुमार सिंह ,बाबूलाल पौद्दार, आशीष कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

**अभियान**

- कचरा एकत्रित कर रीसाइक्लिंग कर सड़क आदि का होगा निर्माण कार्य: मंत्री श्रावण

## संक्षिप्त खबरें

### ग्राम प्लेक्स भवन में कवि सम्मेलन सह मुषायरा का हुआ आयोजन

जहानाबाद।जिला सृजन दिवस के अवसर पर जिला प्रषासन द्वारा आज ग्राम प्लेक्स भवन में कवि सम्मेलन सह मुषायरा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने सभी कवि एवं शायरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि आप सभी कवि एवं साहित्यकार इस जिला के धरोहर हैं।आपके सकारात्मक लेखन एवं कविता पाठ से जिला का वातावरण सकारात्मक हो रहा है।इसलिए आपको कोटि-कोटि धन्यवाद। इसी तरह आप जिला के विकास में अपनी भूमिका प्रदान करें।इस अवसर पर स्वागत एवं कविता पाठ वरीय उप समाहर्ता मार्गन सिन्हा ने किया जो कवि सम्मेलन के आयोजक भी हैं।इस अवसर पर डॉ रविषंकर शर्मा जहानाबाद कॉलेज जहानाबाद, चितरंजन चैनपुरा डीएवी पब्लिक स्कूल, हास्य कवि महेष कुमार मधुकर, युवा कवि अमृतेष, मानसी सिंह, मुषायरा में जिन शायरों ने भाग लिया उनमें वयोवृद्ध शायर शमसी अंजुम काकवी, अल्पसंख्यक छात्रावास के अधीक्षक गुलाम असदक, एरकी निवासी जेडी विमेंस कॉलेज, पटना में सहायक अध्यापिका डॉ रहमत युनूस, गजल लेखिका सह गायिका सावित्री सुमन, सुधाकर राजेन्द्र, शाह उमैर आलम के द्वारा जिला सृजन दिवस के पूर्व संध्या पर अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष श्रीवास्तव ने किया।वहीं धन्यवाद ज्ञापन अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार ने की।इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता संजीव जमुआर, षिक्षाविद् डॉ एसके सुनील, डॉ वीरेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

रतनी, फरीदपुर।शकूराबाद थाना क्षेत्र के सेसम्बा से बिते गुरूवार की रात्रि में मारपीट के फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया।थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सेसम्बा निवासी अजय लाल मांझी को गिरफ्तार किया गया है।उन्होने बताया कि बिगत दो माह से अभियुक्त फरार था।सूचना मिला की अजय लाल अभी घर आया हुया है।सूचना पर तत्काल छापेमारी कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### शिक्षा मंत्री के आदेश के बावजूद बीआरसी कार्यालय में बीआरपी प्रतिनियुक्त

सबौर (भागलपुर)।जिले के विभिन्न प्रखंडों मैं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में प्रतिनियुक्ति बीआरपी के पद पर कुई वर्षों से शिक्षक बने हुए हैं, प्राप्त जानकारी के अनुसार सबौर मैं 2018 से प्रतिनियुक्त शिक्षक पद पर विराजमान है।मालूम हो कि बीआरपी के मामले को लेकर पिछले दिन राज्य के शिक्षा मंत्री द्वारा एक आदेश जारी करते हुए कहा था कि प्रखंड शिक्षा कार्यालय में बीआरपी का एक भी पद नहीं रहेगा सभी शिक्षक अपने अपने विद्यालय में कार्यरत रहेगें।साथ ही शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा था कि जुलाई माह का वेतन भुगतान विद्यालय में योगदान देने के बाद ही, विभाग से वेतन जारी की जायेगी। सरकार द्वारा जारी घोषणा के बावजूद प्रखंड शिक्षा कार्यालय में बीआरपी का पद पर बरकरार है।

# एसपी बाबुराम ने गंगा घाट सहित कच्ची कांवड़िया पथ का किया निरक्षण



सुलतानगंज, प्रात: किरण

भागलपुर अजगैबीनाथ धाम मे सावन मेला के पुलिसिंग व्यवस्था को लेकर के एसएसपी बाबुराम ने नमामि गंगे घाट सहित कच्ची कांवडिया पथ का निरक्षण कर जायजा लिया है। इस दौरान एसएसपी ने सुल्तानगंज थानाध्यक्ष लाल बहादुर व मेला प्रभारी कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रित के साथ सुलतानगंज थाना परिसर मे बैठक करते हुये मेला में कांवड़िया सुरक्षा व्यवस्था के अलावा अपराधिक गतिविधियों व उनकी गिरफ्तारी को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस दौरान एसपी बाबुराम ने मिडिया को बताया कि श्रावणी मेला अब आधा माह बीत चुका हैं। विधि व्यवस्था कंट्रोल में हैं। गंगा घाट सहित कच्ची कांवडिया पथ मे घोड़ सवार पुलिस,बज्र पुलिस बल सहित महिला पुलिस बल कि अधिक मात्रा मे तैनाती की गई हैं।जिससे कांवडियों को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए सभी थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। शहर मे जाम नहीं लगे इसके लिये जगह जगह बेरिंकेटिंग लगाया गया हैं।कांवडियों कि सुरक्षा को लेकर मेला क्षेत्र मे लगातार मोनिटरिंग कि जा रही हैं।इस दौरान विधि व्यवस्था डीएसपी, इंस्पेक्टर व थानाध्यक्ष सहित पुलिसकर्मी मौजुद थे।

# जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पूर्व जिलाध्यक्ष के शोक-संतप्त परिजनों से मिलकर दी सांत्वना

**रतनी, फरीदपुर।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह शनिवार को परसबिगहा थाना क्षेत्र के बाला बिगहा में दिवंगत पूर्व जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. चंदेशवर बिंद के शोक संतप्त परिवार से मिलकर सांत्वना दिया। जदयू कार्यकताओं ने अपने नेता के स्वागत के लिए करीब सैकड़ों वाहन के साथ जहानाबाद के सीमा पर जोरदार स्वागत करते हुए आगवानी किया। कडी.सुरक्षा के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष बाला बिगहा पहुंच सबसे पहले अपने दिगंवत नेता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात दिवंगत की पत्नी कुंती देवी एवं पुत्र से मिलकर सांत्वना तथा हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया। उन्होने उपस्थित लोगो के बीच कहा कि चंदेशवर बाबू जदयू के सच्चे सिपाही के रूप में आजीवन कार्य किया। जदयू ने इन्हे जहानाबाद जिला का जिलाध्यक्ष का भार सौपा, जो बखुबी पार्टी को मजबुत करने में अपने कर्तव्य को निभाया।इस मौके पर सांसद चंदेशवर प्रसाद चंद्रवंशी, जदयू अध्यक्ष राहुल कुमार, पूर्व विधायक अभय कुशवाहा, गोपाल शर्मा, निरंजन कुमार उर्फ प्रिंस सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

# फायरिंग मामले में तीन गिरफ्तार



भागलपुर, प्रात: किरण

विगत 25,26 जुलाई की रात्रि के करीब 12.00 बजे हटिया चौक स्थित एक विवाह भवन के समीप भीखनपुर इशाकचक भागलपुर में हुई हर्ष फायरिंग में मो.मेराज आलम पिता फकरे आलम साकिन + थाना लोदीपुर को गोली लगी थी। जिनकी मृत्यु विगत 28 जुलाई को पटना में इलाज के दौरान हो गई थी। जिनका अन्त्यांत परीक्षण जेएलएनएमसी अस्पताल भागलपुर में कराया गया। साथ ही साथ अंतिम संस्कार उसके पैतृक घर पर हुआ। इस संबंध में इशाकचक थाना कांड दर्ज कराया गया था। मामले में त्वरित कार्यवाही व अपराधियों की गिरफ्तारी के बरिय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम गठित की गई थी। गठित टीम द्वारा उक्त मामले में तीन नामजद अभियुक्तों गिरफ्तारी के लिए गठित टीम द्वारा मामले की जांच अनुसंधान के क्रम में उक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। मामले की जानकारी सिटी एसपी स्वर्ण प्रभात ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी अभियुक्तों के अलावा भी कुछ लोगों की संलिप्रता आमने आई है। मामले में मून खान उर्फ डकूआ पिता मो. मुस्ताक, शेखू आलम उर्फ छोटू उर्फ एसटी दोनों साकिन टेंकलेन भीखनपुर इशाकचक है, जबकि मो०मोना उर्फ आकीब अली साकिन भीखनपुर गुमटी नं. 2 शामिल हैं।

# बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार के आगमन पर विधायक सहित एनडीए कार्यकताओं ने भव्य स्वागत



सुलतानगंज , प्रात: किरण

(भागलपुर)। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार का अजगैबीनाथ धाम के कृष्णगढ़ चौक पहुंचे। जहां सुल्तानगंज के विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल के नेतृत्व में एनडीए के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया गया।

साथ ही एनडीए कार्यकताओं ने अंगवस्त्रम माल्यार्पण कर माननीय मंत्री का अभिनंदन स्वागत किया गया । साथ ही मंत्री श्रवण कुमार ने कृष्णगढ़ चौक पर मेला का भी अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री ने सभी कांवरियों को श्रावणी मेला की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए यात्रा मंगलमय हो इसकी भी कामना की। ज्ञात हो कि भागलपुर के एक कार्यक्रम में शामिल होने के दौड़े के दौरान उनका काफिला सुल्तानगंज पहुंचा था। जहां पर कार्यकताओं ने जोड़दार उनका स्वागत किया है। इस अवसर पर एनडीए कार्यकर्ता सदानंद कुमार, प्रोफेसर संजय कुमार मंडल, रजनीकांत सोनी पवन, किसान विकास कुमार करण, अजय कुमार, छविनाथ मंडल, गोरेलाल मंडल, सच्चिदानंद सिंह, उमेश प्रसाद सिंह, कौशल किशोर सिंह, मिथिलेश कुमार चौधरी, विनय कुमार, एस.के. प्रोग्रामर विनोद कुमार रजक, अक्षय कुमार राय, प्रेम प्रभात सिन्हा, रूबी कुमारी, डॉ. अलका चौधरी, नीलम कुमारी, रीना देवी, रानी देवी, अजय कुमार साह, विवेकानंद सिंह, दिनेश मंडल आदि एनडीए के कार्यकर्ता शामिल थे।

# मंत्री ने व्रजपात से मरने वाले आश्रीत को दिया चार लाख का चेक



कैमूर, प्रातः किरण ।चांद प्रखंड में भरारी कला पंचायत में ढेढुआ गांव में आकाशीय बिजली से शुक्रवार को मौलवी धोबी की मौत हुई थी।शनिवार को मंत्री जमा खान ने मृतक की आश्रित मंतोरनी देवी को घर जाकर चेक प्रदान किया।कल दोपहर को खेत में काम करते हुए मौलवी धोबी को व्रजपात से मौत हो गई थी।पिछले चार दिनों से बारिश के समय व्रजपात होने लगातार मौत हो रही है। मंत्री जमा खान अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बिहार सरकार 24 घंटे के अंदर मृतक के घर जाकर आश्रित परिवार को चेक प्रदान करते समय ।दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार को दिलासा देते हैं।चेक देते हुए मंत्री जमा खान ने कहा मृतक को हम वापस ला नहीं सकते। उन्होंने ने कहा पीड़ित परिवार को हर तरह सरकार की मदद दी जाएगी।मंत्री ने कहा मैं खुद व्यक्तिगत रूप से आश्रित परिवार की ख्याल रखुंगा।मंत्री के साथ दर्जनों कार्यकर्ता साथ में थे।

## फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल



कैमूर, प्रातः किरण ।रामपुर प्रखंड अंतर्गत करमचट थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम से मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के बरांव गांव से केस नंबर 23/22 के नामजद अभियुक्त, बाबूराम यादव पिता पलक धारी यादव जो कि फरार चल रहा था।जिसे गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर थाना प्रशासन द्वारा गिरफ्तार किया गया।रामपुर पी एस सी मैं मेडिकल जांच के उपरांत अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

## जनता दरबार दो मामले हुआ निष्पादन



कैमूर, प्रातः किरण ।थाना परिसर में लगा जनता दरबार दो मामले हुआ निष्पक्ष रुप से निष्पादित।आपको बताते चलें कि भूमि संबंधित मामले के निपटारे हेतु, बिहार सरकार के निदेर्शानुसार हर शनिवार को थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।इस शनिवार को भी अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार एवं थानाध्यक्ष प्रभार सचिन कुमार की उपस्थिति में भूमि संबंधित मामले के निपटारे हेतु, जनता दरबार का आयोजन किया गया।अंचल वासियों द्वारा भूमि संबंधित मामले के निपटारे हेतु कुल पांच आवेदन दिया गया।जिसमें से की नए एक मामले का एवं पुराने एक मामले का कुल 2 मामले का निष्पादन उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा साक्ष्य देखने के बाद निष्पक्ष रुप से निष्पादित किया गया।एवं चार मामले में द्वितीय पक्ष के ना होने की वजह से,अगले शनिवार के लिए आवेदकों को समय दिया गया।साथ ही द्वितीय पक्ष उपस्थित होने हेतु नोटिस जारी किया गया।

# बिहार सरकार के जल संसाधन सूचना व जनसंपर्क विभाग मंत्री पहुंचे दुर्गावती जलाशय परियोजना



कैमूर, प्रात: किरण

रामपुर प्रखंड स्थित दुर्गावती जलाशय परियोजना की समीक्षात्मक बैठक हेतु। शनिवार को बिहार सरकार के जल संसाधन, सूचना व जनसंपर्क विभाग मंत्री संजय कुमार झा द्वारा कैमूर स्थित प्राचीन मंदिर माँ मुंडेश्वरी दर्शन के बाद सड़क मार्ग के द्वारा काफिले के साथ दोपहर 12:00 बजे दुर्गावती जलाशय परियोजना पहुंचा गया।कैमूर रोहतास की सीमा बने पर दुर्गावती नदी पर बने दुर्गावती जलाशय के रोहतास सीमा के गेट तक कैमूर से पहुंचे। जदयू के नेताओं, कार्यकताओं, सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिसके उपरांत उन्हें समीक्षा बैठक के लिए, रोहतास जिले के वन विभाग के गेस्ट हाउस में पहुँचाया गया। जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा दुर्गावती जलाशय परियोजना से सिंचाई व्यवस्था में आने वाली, परेशानियों को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक करने वाले थे।लेकिन वन विभाग के गेस्ट हाउस में पहुंचने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा समीक्षा बैठक को लेकर कुछ खास व्यवस्था नहीं किया गया था।मंत्री जी द्वारा एक घंटे से डेढ़ घंटे तक सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों के साथ किसानों की समस्याओं, खेतों तक पानी पहुंचाने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया।मीडिया से बातचीत करते हुए जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने कहा, कि सिंचाई विभाग के पदाधिकारियो से सिंचाई व्यवस्था को लेकर डिटेल में रिव्यू किया गया है। क्या समस्या है सिंचाई को लेकर, समाधान के बारे में भी चर्चा किया गया की संवेदक क्यों देर कर रहे है। उन्होंने कहा कि लोगों(किसानो) की सहयोग की भी जरूरत है। कैमूर रोहतास मिलाकर दुर्गावती जलाशय परियोजना से निकलने वाली 32 वितरणी का खुदाई होना था। इसमे 6 ड्रॉप हो गया। बाकी 26 में 16 का काम पूरा हो गया है। 6 वितरणी का काम दिसंबर 2022 तक पूरा हो जाएगा। कहीं 72% तो कही 78 % तक काम पूरा हो चुका है। जिला पदाधिकारी से समस्याओं के समाधान को लेकर बातचीत भी किया गया है। ताकि दुर्गावती जलाशय परियोजना से निकलने वाली कैनाल से खेतों तक पानी पहुँचाया जाए। मौके पर बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान के साथ ही पार्टी के अन्य कार्यकर्ता व प्रशासनिक विभाग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

# जेडीयू में मुख्यमंत्री पद की नहीं है कोई वैकेंसी: ललन

**कहा, भाजपा 200 सीटों के बदले पूरे 243 सीटों पर भी कर सकती है तैयारी**



जहानाबाद, प्रात: किरण

जहानाबाद पहुंचे जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पत्रकारों से बात करते कहा कि जेडीयू में मुख्यमंत्री पद की वैकेंसी नहीं है। दूसरे दल में मुख्यमंत्री पद की वैकेंसी तलाशनी चाहिए। दरअसल, कुछ दिन पूर्व पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह भी जहानाबाद पहुंचे थे। उनके यहां पहुंचने पर शिबहार का सीएम कैसा हो, आरसीपी सिंह जैसा होल्ल के नारे लगे थे। इसी को लेकर ललन सिंह ने इशारों-इशारों में हमला बोलते हुए कहा कि बिहार की आबादी 15 करोड़ है। कहीं से भी 50-100 लोग जुट सकते हैं। लेकिन लोगों को यह पता होना चाहिए कि ये जनता दल यूनाइटेड है। इस पार्टी में एक ही सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार है और वो मुख्यमंत्री हैं। ऐसे में बिहार में मुख्यमंत्री की वैकेंसी कहां है? इस पार्टी के बाहर से तो कोई भी कहीं से उम्मीदवार हो सकता है। जहां तक जेडीयू की बात है तो इस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता गांव से लेकर प्रदेश तक, सबके नेता नीतीश कुमार ही हैं। हम सबको और जेडीयू के कार्यकर्ताओं को इस बात का गर्व है कि हमारे नेता नीतीश कुमार कर्म पुरुष हैं। उन्होंने कहा कि जिसने इस तरह की आवाज उठाई है, वो पार्टी का कार्यकर्ता तो नहीं हो सकता है। पत्रकारों से बात करते हुए बीजेपी के मिशन 200 पर सहयोगी दल ललन सिंह ने कहा कि बीजेपी 200 सीटों के बदले पूरे 243 सीटों पर भी तैयारी कर सकती है। हर पार्टी को यह अधिकार है। उन्होंने कहा कि जेपी नड्डा और अमित शाह अपनी पार्टी के कार्यक्रम में आ रहे हैं। दिल्ली में हमलोगों की रोज मुलाकात होती ही रहती है। इससे पूर्व जहानाबाद पहुंचते ही जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह जिले के बालाबिगहा गांव पहुंचे। वहां पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. चंदेश्वर बिंद के आवास पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शोक-संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया।

# पूर्व सांसद अरुण कुमार को तीन साल की सजा, जाप सुप्रीमों बरी

**सीएम नीतीश को लेकर दिया था विवादित बयान**

जहानाबाद।पूर्व सांसद अरुण कुमार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सीना तोड़ने के बयान पर तीन साल की सजा हुई है। शनिवार को जहानाबाद व्यवहार न्यायालय ने यह सजा सुनाई है। हालांकि कोर्ट ने पांच हजार रुपए के मुचलके पर जमानत दे दिया। वहीं, लालू यादव के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के मामले में



मधेपुरा के पूर्व सांसद और जाप सुप्रीमो पप्पू यादव को कोर्ट ने बरी कर दिया है।ज्ञात हो कि इस मामले में न्यायालय के द्वारा लगातार सुनवाई की जा रही थी। शनिवार को न्यायालय में इस मामले के सुनवाई के लिए दोनों नेता पहुंचे हुए थे।न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद पूर्व सांसद अरुण कुमार को दोषी करार देते हुए 3 साल की सजा सुनाई।इसके साथ ही 5000 के निजी मुचलके पर जमानत दे दिया।वहीं जन अधिकार पार्टी के सुप्रीमो पप्पू यादव को कोर्ट ने बरी कर दिया।सजा मिलने के बाद न्यायालय से बाहर निकलते हुए जहानाबाद के पूर्व सांसद अरुण कुमार ने कहा कि न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं।अरुण कुमार ने कहा कि मैं भ्रष्टाचारियों एवं दलालों के खिलाफ बोलते रहा हूं।इसीलिए मेरे खिलाफ मुकदमा किया गया है।मैं कोर्ट का सम्मान करता हूं, लेकिन मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ता रहूंगा।

# मध्य प्रदेश के विंकलाग कांवडिया पहुंचा अजगैबीनाथ धाम

**दोस्त कि पत्नी को चुनाव जीताने के लिये हुआ पैदल बैधनाथ धाम रवाना**

**सुलतानगंज (भागलपुर)।** बाबा भोलेनाथ के एक ऐसा भक्त जो पैर से विंकलाग होने के बाबजूद अपने दोस्त कि पत्नी को मेयर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश से अजगैबीनाथ धाम पहुचकर गंगा जल लेकर पैदल बैधनाथ धाम के लिए निकल पड़ा हैं। वहीं विकलांग कांवड़िया श्याम लाल श्रीवास्तव से बातचीत में बताया कि में अपने दोस्त रुपेश राय कि पत्नी सहमा राय जो वर्तमान में अनुपुर वार्ड 5 से पार्षद चुनाव में जीत हासिल की हैं। जिसे मेयर बनाने के लिए बाबा भोलेनाथ से आपने दोस्त कि पत्नी सहमा राय को मेयर व अध्यक्ष पद में चुनाव जीते इसके लिये, मन्नत लेकर बाबा भोलेनाथ के दरबार में मध्य प्रदेश से अजगैबीनाथ धाम आए हैं। कांवड़िया श्याम गंगा जल को लेकर बाबा भोलेनाथ कि पुजा अर्चना करते हुये, पैदल देवघर बैधनाथ धाम को रवाना हुआ है।

# पीपी पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

- जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने बच्चों को किया पुरष्कृत
- कहा, अपने कौशल व मेधा से जहानाबाद के साथ-साथ देश का नाम करें रौशन

**जहानाबाद, प्रातः किरण।** स्थानीय प्रतिभा नगर अवस्थित प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल, एरोड्राम में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सीबीएसई की दसवीं एवं बारहवीं उतीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह का उदघाटन जिलाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पीपी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ० अभिराम सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पीपी पब्लिक स्कूल के एमडी अक्षय आनन्द के द्वारा जिलाधिकारी का स्वागत बुके प्रदान कर किया गया। मालूम हो कि विगत दिनों सीबीएसई के 10वीं एवं12 वीं बोर्ड के परिक्षाओं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें जिले के प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आशातीत प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर बच्चों को पुरष्कृत करते हुए जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने बच्चों को कहा कि मेरी आकांक्षा है कि आप अपने कौशल व मेधा से बिहार और देश का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि बिहार के छात्रों में अभुतपूर्व क्षमता होती है और वे मेहनत से हर मुश्किल का सामना करते हैं। यहाँ के बच्चे सिविल सेवा जैसी परिक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। बिहार में असीम संभावनाएं हैं। यहाँ के कई हस्तियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनाई है। समस्त जीवन में आपको कई परीक्षाओं से गुजरना होगा और आपका ये नैतिक दायित्व है कि आप उन परीक्षाओं में खरा उतरें। जिन छात्रों के अंक कम आये हैं वे पुनः सबक लेकर आगे बढ़ें। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। मंच पर उपस्थित डॉ० अभिराम सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कभी भी जीवन में सफल होने के लिए आपको कई मानकों से गुजरना होगा। आज आप शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के मेहनत का यह फल है कि विगत 5 वर्षों से इस विद्यालय के छात्र-छात्राएं जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर रही हैं। इस अवसर पर प्राचार्य के साथ हीं सभी शिक्षक मौजूद थे।

# किसान चौपाल कार्यक्रम की आयोजित

पीरपैंती, प्रात: किरण




(भागलपुर)। प्रखंड क्षेत्र के बाखरपुर स्थित राम रेखा तिवारी उच्च विद्यालय के प्रांगण में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य भरत ढाली के दो दिवसीय प्रवास के कर्म में किसान मोर्चा भागलपुर के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वही कार्यक्रम में चारों मंडल के कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजन किया गया।

इसके साथ ही सोशल मीडिया की बैठक व अतिथियों ने समाज के प्रभावी मतदाताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस से पहले भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकताओं के द्वारा अतिथि और मुख्य अतिथि सहित विधायक ललन कुमार और किसान चौपाल में पहुंचे समस्त किसान को अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ भाजपा उतरी मंडल अध्यक्ष प्रिंस कुमार की अध्यक्षता में किया गया। मंच संचालन कर रहे भिखारी कुंवर के द्वारा बारी-बारी से क्षेत्र के छोटे और बड़े किसानों को मंच से अपनी बात रखने की इजाजत दी गई। इस दौरान प्रिंस मंडल , गांधी तिवारी , सविता राय सहित अन्य किसानों ने बाखरपुर के भरी आबादी बताते हुए कहा कि किसानों के लिए अनाज गोदाम , बैंक, अस्पताल में बड़े डॉक्टर सहित उच्च स्तरीय गर्ल्स स्कूल की मांग की।

वही किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव और विधायक ललन पासवान ने बताया कि यहां के सभी किसानों के लिए ये सभी मांगे सही है और इसे पूरा करने के लिए विधान सभा में सवाल उठाये जाने की बात कही गई है। वही मंच से भाजपा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष निशांत कुमार पांडे ने मिजाचौकी बाबूपुर, बाखरपुर ओपी थाना होकर बाबा प्रोजेक्ट के आड़ में जो अवैध तरीके से ट्रक परिचालन कराया जा रहा है, उस अवैध परिचालन को लेकर ओपी प्रभारी को अल्टीमेटम दिया है। उन्होने कहा कि तीन दिन के अंदर अगर ट्रको का परिचालन बंद नही हुआ तो ग्रामीणों के साथ धरना पर बैठेंगे।

इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री राजीव रंजन सिंह सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्रदीप सिंह जिला महामंत्री श्री राम राय, जिला अध्यक्ष शिवबालक तिवारी, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष निशांत कुमार पांडे उर्फ मिट्ठू पांडे जय प्रकाश पांडे अनिल पंडित रघुनाथ तिवारी अनिल मंडल परमात्मा पांडे, हरेराम पासवान सहित सैकड़ों किसान मौजुद थे।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पटना में मेगा रोड शो

## सड़कों पर सैलाब, समर्थकों में उत्साह, जय श्री राम के लगे नारे





पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने शनिवार को पटना पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पटना को पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। पटना एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल, उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद समेत बड़े नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजधानी में मेगा रोड शो किया। इस दौरान बेली रोड पर हर तरफ भगवा झंडा नजर आ रहा था। पटना एयरपोर्ट से लेकर गांधी मैदान तक सड़क के दोनों ओर बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए हैं। रोड शो के लिए भाजपा ने एक विशेष रथ बनाया है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नड्डा की तस्वीर है। इसे भाजपा के चिन्ह कमल के साथ खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। गाड़ी पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद व रेणु देवी, सांसद रविशंकर प्रसाद आदि सवार हुए। रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का हुजूम चल रहा था। जोश में कार्यकर्ता जोरदार नारे लगा रहे थे। इस दौरान भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे लगने लगे। रोड शो के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष का कई जगहों पर स्वागत व अभिवादन किया गया। जेपी गोलंबर पर उनके स्वागत में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हाईकोर्ट के निकट बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद युवा मोर्चा के मोटर साइकिल सवारों के साथ रोड शो करते हुए संपूर्ण क्रांति के प्रणेता जेपी की प्रतिमा तक गए। इसके पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दोपहर पौने दो बजे होटल मौर्या में आयोजित ग्राम संसद में भाग लिया। इसके बाद साढ़े तीन बजे वे ज्ञान भवन पहुंचे, जहां उन्हें एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने कार्यकारिणी की बैठक का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों से आए अलग-अलग मोर्चा के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। ज्ञान भवन में होनेवाले कार्यक्रम में पहुंचने से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। लोग अपना प्यार फूलों से बरसा रहे थे। लोगों की भीड़ देखते ही बन रही थी। रोड के दोनों किनारे लोगों का जमावड़ा था। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह 2024 की तैयारी है। भाजपा ने सभी सात मोर्चों की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक बुलाकर व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन किया और अपनी ताकत दिखाई।

### बिहार की धरती पर आकर मुझे मिलती है ऊर्जा

पटना। भाजपा के संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल होने पटना पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार के साथ अपने बचपन के दिनों की यादों को स्मरण किया। जेपी प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद जेपी नड्डा ने कहा कि बिहार की धरती पर आकर मुझे ऊर्जा मिलती है। अपने युवावस्था के दिनों का स्मरण होता है कि कैसे हम पटना की सड़कों पर जय प्रकाश नारायण के साथ आंदोलन में उतरे थे। उन्होंने कहा कि बिहार जयप्रकाश नारायण की कर्मस्थली और जन्मस्थली रही है। उन्होंने अपने जीवन में जो संपूर्ण क्रांति का नारा दिया उनकी धरती पटना आने का मुझे मौका मिला है। जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देते हुए उन तमाम बातों को याद करने का सौभाग्य मिला है। मुझे याद है शायद 5 जून 1974 था जब इसी गांधी मैदान से लाखों की संख्या में हस्ताक्षर लेकर तब की बिहार की गफूर सरकार को बर्खास्त करने के लिए हमलोग तत्कालीन गवर्नर को मेमोरेंडम देने गए थे। उन्होंने कहा कि उस समय वे सिर्फ 18 साल के थे। जेपी के सम्पूर्ण क्रांति के नारे वाले आंदोलन में उनके साथ जुड़कर उन्होंने पटना की सड़कों पर डाकबंगला चौराहा, इनकम टैक्स गोलंबर सहित अपने मार्गों पर प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि पटना आता हूं तो वे सारी पुरानी बातें आंखों के सामने से गुजर जाती हैं। हमने उस समय जेपी के आंदोलन से प्रेरणा लेकर जिस दिशा में काम करना शुरू किया था उसी ओर आज भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पटना आकर वे गौरवान्वित महसूस करते हैं और यहां उन्हें ऊर्जा मिलती है। इसके पहले पटना हवाई अड्डे से जेपी गोलम्बर तक भव्य रोड शो का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।

# अब 13 अगस्त तक चलेगा सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ाः मंगल पांडेय

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि 15 जुलाई से लेकर आगामी 30 जुलाई तक पूरे राज्य में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा चलाया गया है। अब इस अभियान को अगले दो सप्ताह तक विस्तारित कर दिया गया है। सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा आगामी 13 अगस्त तक राज्य भर में चलाया जाएगा। राज्य के अधिक से अधिक 5 साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित करने एवं डायरिया से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें बेहतर उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से अभियान को विस्तारित किया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि अभियान के दौरान सभी पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के घरों में प्रति बच्चा एक-एक ओआरएस पैकेट का वितरण किया जा रहा है। साथ ही अभियान के दौरान पांच वर्ष की उम्र तक के समस्त बच्चे जो दस्त रोग से ग्रसित हैं, उन्हें भी लक्षित किया जा रहा है। राज्य से शिशु मृत्यु दर के लक्ष्य को शून्य तक लाने के संकल्प में सघन दस्त पखवाड़ा की भूमिका अहम है। श्री पांडेय ने कहा कि सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान अति संवेदनशील क्षेत्रों में जैसे शहरी झुग्गी-झोपड़ी व बाढ़ प्रभावित इलाका तथा ऐसे चिह्नित क्षेत्र, जहां दो-तीन वर्ष पहले तक दस्त के मामले अधिक संख्या में पाए गए हैं। ऐसे क्षेत्रों में अभियान के दौरान विशेष प्राथमिकता दिया जा रहा है। इसके अलावा नीति आयोग द्वारा चयनित राज्य के 13 जिलों में विशेष रूप से पखवाड़ा का अनुश्रवण किया जा रहा है। साथ ही कोविड गाइडलाइन का भी अनुपालन किया जा रहा है।

## दसई चौधरी बने जदयू के राष्ट्रीय महासचिव

पटना। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह सांसद ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री दसई चौधरी, पूर्व सांसद (उ.प्र.) धनंजय सिंह पूर्व सांसद, सुनील कुमार उर्फ इंजीनियर सुनील पूर्व विधायक को जनता दल (यूनाइटेड) का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। साथ ही उन्होंने सत्येंद्र पटेल को जदयू का उत्तर प्रदेश इकाई का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के विस्तार में आगे हम उनके प्रयासों की सफलता की कामना करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पीयू को केंद्रीय विवि का दर्जा दिलवाएं जेपी नड्डा : राठौड़

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का पटना विश्वविद्यालय के छात्रों के छात्रों द्वारा विरोध किये जाने पर कांग्रेस कांग्रेस ने तंज कसा है। कांग्रेस ने कहा है कि छात्रों भाजपा अध्यक्ष को देश के शैक्षणिक बदहाली का आईना दिखाने का काम किया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि आज पटना विश्वविद्यालय में छात्रों ने काला झंडा दिखाकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की आंखों को खोलने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय बिहार के विश्वविद्यालयों को 10 हजार करोड़ देने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। जो लॉलीपॉप साबित हुआ। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ने पटना विश्वविद्यालय को देश का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाने की बात भी कही थी। लेकिन हुआ कुछ नहीं। जिसके चलते आज पटना विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को काला झंडा दिखाकर वास्तविकता से रूबरू कराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रधानमंत्री समेत बड़े नेता चुनाव के समय छात्रों को बरगलाने के लिए लुभावने वायदे कर जाते हैं। लेकिन चुनाव होते ही अपना वादा भूल जाते हैं। जिसकी परिणति है कि आज पटना पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को छात्रों का विरोध का सामना करना पड़ा। पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार नकार चुकी है। जिसका खामियाजा यहां के छात्रों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हैरत की बात है कि जिस विश्वविद्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वयं पठन-पाठन कर चुके हैं। आज उसी विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने का प्रयास नहीं कर रहे हैं।

### प्रीपेड विद्युत मीटर को जबरदस्ती लगाना बंद हो : जन संघर्ष मोर्चा

पटना। जन संघर्ष मोर्चा ने पांच सूत्री मांग को लेकर शनिवार को एक दिवसीय तिरंगा सत्याग्रह का आयोजन गायघाट गांधी सेतू के नीचे किया। इस मौके पर मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप मेहता ने कहा कि प्रीपेड विद्युत मीटर में अनेको त्रुटिपूर्ण है। बिहार विद्युत पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी इसे जबरदस्ती लगाना बंद करे। श्री मेहता ने सत्याग्रह के माध्यम से कहा कि अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री बिजली महोत्सव के समापन समारोह मौके पर बिहार के 5 जिलों के प्रीपेड मीटर गरीब उपभोक्ताओं से या साधारण परिवार के लोगो से प्रीपेड मीटर के संबंध में अगर सही सही जानकारी लिए होंगे तो निश्चित रूप से सभी ने प्रीपेड मीटर इस संबंध में अनेक प्रकार का त्रुटियों का जिक्र किया होगा। श्री मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री से आग्रह है कि वे बिहार में प्रीपेड विद्युत मीटर लगबाना बंद कराए और खाद्यपदार्थ पर से जीएसटी वापस लेने का आदेश दे। कार्यक्रम का संचालन राजद नेता मो जावेद ने किया। इस मौके पर विद्युत उपभोक्ता महासंघ के संरक्षक राम भजन सिंह यादव, अखिलेश कुमार, आम आदमी बबलू प्रकाश, राजेश सिन्हा, जाफीर अहमद, राजा बाबू अजीत सिंह कुशवाहा, साबिर अली, मो कैसर, रविंद्र कुमार सिन्हा, सत्येंद्र शर्मा, राजेश रजक, उमाशंकर कुशवाहा, संजय रजक, छोटू राम, जितेंद्र कुमार, श्याम किशोर सिंह, गौरी देवी, नदीम अहमद, इजाजऊदीन, शारीफ अहमद, रंगरेज, कारू यादव, इत्यादि सत्याग्रह पर बैठे।

# राज्यपाल ने ब्लड कलेक्शन वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

राज्यपाल फागू चैहान ने 03 ब्लड कलेक्शन वैन को झंडी दिखाकर भोजपुर, सीतामढ़ी एवं समस्तीपुर के लिए रवाना किया तथा इनकी चाबी इन जिलों के रेड क्रॉस शाखा के सचिवों को सौंपी। इस अवसर पर राजभवन के मुख्य द्वार के बाहर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा प्रदत्त इन तीनों वैन में टीवी, फ्रिज, जेनरेटर, लैपटॉप, एसी आदि सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं तथा इन्हें रेड क्रॉस की भोजपुर, सीतामढ़ी एवं समस्तीपुर जिला शाखाओं में कार्यरत ब्लड बैंक के लिए भेजा जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी की तीनों जिला शाखाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ब्लड कलेक्शन वैन गांवों में जाकर रक्त संग्रहण का काम करें। उन्होंने इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की बिहार शाखा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मानवता की भलाई के लिए इसके द्वारा किये जा रहे कार्यों की गति निर्बाध रूप से बनी रहनी चाहिए। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, बिहार शाखा के चेयरमैन डॉ बी बी सिन्हा, वाइस चेयरमैन श्री उदय शंकर प्रसाद सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# 7 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों पर महागठबंधन का आक्रोश मार्च

**राजद के प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन ने दी जानकारी**

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



जन सारोकार से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर महागठबंधन द्वारा आगामी 7 अगस्त को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रतिरोध मार्च का आह्वान किया गया है। राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि सभी जिला मुख्यालयों पर होने वाला प्रतिरोध मार्च ऐतिहासिक होगा और बड़ी संख्या में आम लोग इसमें शामिल होंगे। कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए सभी जिलों में महागठबंधन द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। नीचली ईकाईयों से लेकर प्रदेश स्तर पर संयुक्त रूप से और दल के स्तर पर भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिरोध मार्च के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार से बिहार को सुखाग्रस्त घोषित करने, कृषि कार्य के लिए चौबीस घंटे फ्री बिजली उपलब्ध कराने, जीएसटी वापस लेने और महंगाई पर रोक लगाने, किसानों को पांच लाख तक का लोन माफ करने और गैर आयकरदाताओं को प्रतिमाह 7500 रुपया देने, सभी कार्डधारी को अनाज उपलब्ध कराने की गारंटी देने और राशनकार्डों को रद्द करना बंद करने, अग्निपथ योजना वापस लेकर सेना भर्ती की पुरानी व्यवस्था लागू करने, रिक्त पड़े पदों पर अविलंब बहाली करने, मनरेगा लूट पर रोक लगाने, शहरी बेरोजगार योजना लागू करने, बुलडोजर राज पर रोक लगाने और बगैर वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबों का घर उजाड़ने पर रोक लगाने, आतंकवाद और देश विरोधी गतिविधियों को धर्म से जोड़ कर धार्मिक ध्रुवीकरण की नीति बंद करने साथ हीं नफरत की राजनीति पर रोक लगाने, साम्प्रदायिक हींसा से तबाह हुए लोगों को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ने वाले समाजिक कार्यकर्ताओं पर से झूठे मुकदमे वापस लेने, विरोधी दलों को परेशान और प्रताड़ित करने की नीति पर अविलंब रोक लगाने के साथ हीं अपने राजनीतिक लाभ के लिए केन्द्रीय एजेंसियों का बेजा इस्तेमाल बंद करने की मांग की गई है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करें संस्थान, सरकार व विश्वविद्यालय : न्यायमूर्ति

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

पटना। शैक्षणिक संस्थानों, सरकार और प्रदेश के विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और प्रशिक्षण सुनिश्चित करना चाहिए। शैक्षणिक सत्र नियमित हों और विद्यार्थियों को समय पर उपाधि मिले, यह भी सुनिश्चित होना चाहिए। यह बातें शनिवार को बेउर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट औफ हेल्थ एजुकेशन ऐंड रिसर्च के 33वें शैक्षणिक-सत्र का उद्घाटन करते हुए पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद ने कही। उन्होंने शिक्षा और अनुशासन पर बल देते हुए कहा कि, हर व्यक्ति को अपने स्वयं पर शासन करना चाहिए। यही अनुशासन है। जो अनुशासित नहीं होते, उन पर दूसरे शासन करते हैं। एक अनुशासित विद्यार्थी ही अपने जीवन में सभी वांछित सफलता अर्जित कर सकता है। इस अवसर पर न्यायमूर्ति प्रसाद ने विद्यार्थियों को निष्ठा की शपथ दिलाई।



संस्थान के निदेशक-प्रमुख और सुप्रसिद्ध शिक्षाविद-साहित्यकार डॉ. अनिल सुलभ ने संस्थान के विगत 33 वर्षों के स्वर्णिम काल पर एक संक्षिप्त दृष्टि डाली और कहा कि, यह बिहार के लिए गौरव की बात है कि निजी क्षेत्र में फिज़ियोथेरापी तथा विकलांगों के पुनर्वास के पाठ्यक्रमों को आरंभ करने का श्रेय, इस संस्थानके माध्यम से इसी प्रदेश को जाता है। इसी संस्थान ने देश में पहली बार निजी क्षेत्र मे पुनर्वास तथा पारा-मेडिकल के विभिन्न विषयों में भी स्नातक-स्तरीय पाठ्यक्रम आरंभ किए। संस्थान के

### स्कूलों में शुक्रवार की छुट्टी पर बोले गिरिराज सिंह- यह शरिया कानून है

पटना। बिहार के सीमांचल इलाके में कुछ स्कूलों में रविवार की जगह शुक्रवार छुट्टी होने के मामले पर प्रदेश में सियासी संग्राम छिड़ा है। सियासी बयानबाजी जोरों पर है। इस मसले पर सत्ताधारी एनडीए में भी तकरार है। इसी बीच भाजपा के फायरब्रांड नेता व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस मामले में बड़ी बात कही है। गिरिराज सिंह ने कहा कि स्कूलों में शुक्रवार को छुट्टी ठीक नहीं है। गिरिराज सिंह ने इसे शरिया कानून बताया। कहा कि रविवार की जगह स्कूलों में शुक्रवार को छुट्टी होना ठीक नहीं है। गिरिराज सिंह ने कहा कि यह शरिया का कानून है। उन्होंने आगे कहा कि हर स्कूल में एक समान रविवार को ही छुट्टी होनी चाहिए। बता दें कि किशनगंज समेत कई जिलों के स्कूलों में शुक्रवार को छुट्टी होने के मामले में राजनीति गर्म है। बिहार सरकार ने इस मामले में जांच का आदेश दे दिया है, साथ ही इस मामले की एक रिपोर्ट भी मांगी है।

# बिहार के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी सहित प्रदेश के कई जिलों में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। राज्य में अगले 24 घंटे के लिए विभाग का अलर्ट जारी किया गया है। बिहार के कई जिलों में बारिश हो रही है तो वहीं, कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। इन जिलों में भी भारी बारिश के आसार हैं। जिन जिलों में बारिश होगी, उनमें मुजफ्फरपुर, दरभंगा समेत 19 जिले शामिल हैं। वहीं पटना की बात करें तो यहां भी बूंदा बांदी हो सकती है। मौसम विभाग ने पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, सुपौल, सहरसा, अररिया, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज में अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अच्छी बारिश के आसार हैं। वहीं, नेपाल में बारिश का सिलसिला लगातार जारी है, जिसके कारण बेतिया, सुपौल और खगड़िया



की नदियों में उफान देखा जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में आज बारिश हो सकती है। लिस्ट में पटना, जहानाबाद, नालंदा, बेगूसराय, लखीसराय, शेखपुरा, नवादा, गया, अरवल, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर, खगड़िया, मुंगेर, जमुई, भागलपुर, बांका और औरंगाबाद जैसे जिले शामिल हैं। वहीं, पटना, समस्तीपुर, दरभंगा, सारण, वैशाली, अरवल, नालंदा, नवादा, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है, जिसको लेकर विभाग ने अलर्ट भी जारी कर दिया है।

# नीतीश सरकार ने बदली है महिलाओं की स्थिति : रणबीर नंदन

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधान पार्षद डॉ. रणबीर नंदन ने राज्य में महिलाओं की शिक्षा और बेहतर होते हालात का श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच स्पष्ट रही है कि बिना महिलाओं के उत्थान के समाज का सर्वांगीण विकास असंभव है। इसलिए महिलाओं के लिए हर स्तर पर कार्यक्रम चलाए गए। महिलाओं को शिक्षित करने से लेकर उनके रोजगार, स्वरोजगार, राजनीतिक प्रतिनिधित्व सभी स्तर पर नीतीश कुमार जी के विशेष प्रयासों के कारण सकारात्मक बदलाव आया है। डॉ नंदन ने कहा कि बिहार में वर्ष 2015-16 में 26.4 प्रतिशत महिलाओं के पास अपना अपना बैंक खाता था। जबकि अब 77 प्रतिशत महिलाओं के पास अपना बैंक खाता है। वहीं, मोबाइल का इस्तेमाल करने वाली महिलाओं की संख्या 40.9 फीसदी से बढ़कर 51.4 फीसदी हो



गई है। शहरों में 61.8 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों में 49.3 फीसदी महिलाएं मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं। यह कोई छुपी हुई बात नहीं है, बल्कि यह नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2020 की रिपोर्ट में दिया हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्राथमिक स्तर से ही शिक्षा पर जोर देने की शुरूआत की। निशुल्क शिक्षा के साथ पोशाक, साइकिल और दूसरी योजनाओं का सीधा लाभ पड़ रहा है। पहले बेटियों की शिक्षा का दर 49.6 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 57.8 प्रतिशत हो गया है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे का ही आंकड़ा है कि 2015 तक 42.5 प्रतिशत बेटियों की शादी 18 साल से पहले हो जाती थी। जबकि 2020 में यह आंकड़ा 40.8 फीसदी पर आ गया है। महिलाओं में शिक्षा का स्तर बढ़ने का फायदा यह हुआ है कि वे स्वास्थ्य के प्रति भी वे जागरूक हुई हैं। वे बच्चों के जन्म के लिए अस्पताल को ही सुरक्षित समझ रही हैं। साल 2015-16 में 63.8 प्रतिशत बच्चों का जन्म अस्पताल में होता था, अब 76.2 फीसदी बच्चों का जन्म अस्पताल में हो रहा है।

डॉ. नंदन ने कहा कि 10 सालों में बिहार में बेटियों को शिक्षित करने के लिए चलायी जा रही योजनाओं से चहुमुंखी विकास की झलक दिख रही है। खासकर बेटियों की शिक्षित करने के लिए चलायी जा रही साइकिल, पोशाक और छात्रवृत्ति योजना के कारण लड़कियों की शिक्षा में आठ प्रतिशत का सुधार हुआ है। यह सब कुछ मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का नतीजा है।

### शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते : प्राचार्य

पटना। एएन कॉलेज के पुस्तकालय सभागार में महाविद्यालय के बरसर एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन प्रो. अजय कुमार और जंतु विज्ञान की शिक्षक डॉ. रंजना चौधरी का विदाई समारोह हुआ। प्रो. अजय कुमार और डॉ. रंजना चौधरी ने कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता है। महाविद्यालय की सेवा के लिए वे सदैव तैयार रहेंगे। प्रधानाचार्य प्रो एसपी शाही ने कहा कि दोनों शिक्षकों के योगदान को महाविद्यालय कभी भूल नहीं पायेगा। संचालन डॉ. रत्ना अमृत ने किया।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**खुली ई–निविदा सूचना सं.– 13 सोनपुर 2022–23**

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी0)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 18.08.2022 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर किया जा सकता है। **(1) कार्य का नाम मद सं० सहितः** बरौनी–कटिहार अनुभाग के विभिन्न ब्लॉक सेक्शन में छोटे छोटे लोकेशन पर कुल 21.837 किमी में टीआरआर पी का कार्य एवं 5 किमी दूरी में पीएससी स्लीपरों के आकस्मिक नवीकरण के कार्य एवं 07 अदद एस इ जे नवीकरण का कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में):** 01,12,34,057.45 **अग्रधन राशि (रू. में):** 2,06,200/– **(2) कार्य का नाम मद सं० सहितः** जोनल कार्य समइ/लाइन/सोनपुर अंतर्गत वसेइ/कार्य/शाहपुर पटोरी एवं हाजीपुर के अधीन जोन स० 10 एवं 11 **अनुमानित लागत (रू. में):** 51,50,000.00 **अग्रधन राशि (रू. में):** 1,03,000.00 **(3) कार्य का नाम मद सं० सहितः** हाजीपुर–छपरा ग्रामीण अनुभाग में गर्डर पुल स० 13, 16,19, 20, 21 (अप व डाउन) तथा पुल सं० 36 डाउन लाइन पर कुल 900 अदद एच–बीम स्टील चैनल स्लीपरों से पुल पर लगे वर्तमान चैनल स्लीपरों के नवीकरण का कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में):** 2,54,20,399.48 **अग्रधन राशि (रू. में):** 2,77,100/– **(4) कार्य का नाम मद सं० सहितः** बरौनी स्थित दक्षिणी व उतरी आवासीय कॉलोनियों मे जाम पाइपलाइन तत्काल मरम्मती सहित जल आपूर्ति हेतु ट्यूबवेल का प्रावधान। **अनुमानित लागत (रू. में):** 51,48,772.69 **अग्रधन राशि (रू. में):** 1,03,000.00 **(5) कार्य का नाम मद सं० सहितः** खगड़िया प्लेटफार्म सं० 01, 02 एवं 03 पर 02 अदद शौचालय कॉम्पलेक्स का निर्माण एवं निर्माण कार्यालय से द्वितीय प्रवेश द्वार तक सड़क सतह के मरम्मती का कार्य। **अनुमानित लागत (रू. में):** 60,43,562.84 **अग्रधन राशि (रू. में):** 1,20,900/– **(6) कार्य का नाम मद सं० सहितः** उप मुख्य इंजीनियर /बीआर एल/हाजीपुर के अधीन सोनपुर मंडल के अंतर्गत वसेइ/पुल/ मुंगेर के अधीन क्षेत्र में मुंगेर– सबदलपुर स्टेशन के बीच कुल सं०–17 (2x34+ 29x125मी० स्पैन) किमी० 9/8–13/02, डेक स्लैब का अकार्बनीकरण पेटिंग एवं क्रमबद्ध पेंटिंग के द्वारा गर्डर सतह का सुधार। **अनुमानित लागत (रू. में):** 2,17,45,836.15 **अग्रधन राशि (रू. में):** 2,58,700/– उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार– किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमे कोई दावा मान्य नही होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**

**पीआर/00733/एसईई/ईएनजीजी/टी/22–23/68**


# राज्य समुद्रपार नियोजन ब्यूरो विदेश जाने वाले कामगारों के लिए कारगर : जिवेश

## श्रम संसाधन मंत्री ने दी जानकारी

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

राज्य समुद्रपार नियोजन ब्यूरो बिहार से विदेश जाने वाले कामगारों के हितों की रक्षा के लिए सतत रूप से कार्यरत है। वैसे आवेदक, जिन्हें विदेश में रोजगार के अवसर प्राप्त हो गया है, उनके प्रस्थान से पूर्व उन्मुखीकरण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में गन्तव्य देश के प्रचलित व्यवहार, प्रवासन नियम इत्यादि की समुचित जानकारी दी जाती है। विदेश मंत्रालय के मार्गदर्शन में अब तक 1680 लोगों को यह प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वर्तमान में पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा तथा गया के नियोजनालयों में यह प्रशिक्षण प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध है। ये जानकारी श्रम संसाधन मंत्री जिवेश कुमार ने दी।

मंत्री ने बताया कि जिला नियोजनालय, बेतिया में भी यह सुविधा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। इसके अतिरिक्त राज्य के 18



अन्य जिलों- सिवान, गोपालगंज, मधुबनी, सुपौल, भागलपुर, बांका, रोहतास, मुंगेर, बक्सर, नालंदा, किशनगंज, सीतामढ़ी, पूर्णिया, कटिहार, मोतिहारी, बेगुसराय, नवादा तथा भभुआ (कैमूर) में यह प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने हेतु अनुमति के लिए विदेश मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध किया गया है।

मंत्री ने बताया कि इसी क्रम में रोजगार हेतु विदेश जाने के इच्छुक नागरिकों को समुचित सहायता प्रदान करने के लिए सभी जिला नियोजनालयों को माइग्रेशन रिसोर्स सेंटर के रूप में चिन्हित किया गया है। इस केन्द्र पर विदेश में रोजगार के लिए आवश्यक दस्तावेजों, प्रक्रिया, नियम इत्यादि की समुचित जानकारी उपलब्ध करायी जाती है।

उन्होंने बताया कि बिहार राज्य समुद्रपार नियोजन ब्यूरो को विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रिक्रुटिंग एजेंट का लाइसेंस प्रदान किया गया है। फलतः निकट भविष्य में विदेश जाने के इच्छुक आवेदकों को समुद्रपार नियोजन ब्यूरो द्वारा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। रोजगार हेतु विदेश जाने के इच्छुक आवेदक अपना निबंधन संबंधित जिले के नियोजनालय में करा सकते हैं। निकट भविष्य में रिक्ति आने पर उन्हें सूचित किये जाने का प्रावधान है।

### जेपी नड्डा के स्वागत में पानी की तरह बहाया गया पैसा : भाई अरुण

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रोड शो पर राजद ने तंज कसा है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव, भाई अरुण कुमार अत्यंत पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रवक्ता उपेंद्र चंद्रवंशी युवा राजद नेता मनोज यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रोड शो के दौरान गरीबों के पैसों को पानी की तरह बहाया गया। कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने अध्यक्ष जेपी नड्डा के औचित्यहीन, रोड शो के दौरान जिस प्रकार से पैसों का एवं सरकारी उपक्रमों का खुल्लम खुल्ला दुरुपयोग किया गया यह दुर्भाग्यपूर्ण है। राजद नेताओं ने कहा कि जेपी नड्डा जी ने बिहार के गरीब जनता एवं बेरोजगार जनता के मुंह पर करारा तमाचा मारने का काम किया है। नड्डा जी को जिस प्रकार से छात्रों ने पटना यूनिवर्सिटी को केंद्रीय विश्वविद्यालय के दर्जा नहीं दिए जाने के विरोध में छात्रों ने प्रदर्शन किया एवं छात्रों पर जिस प्रकार लाठीचार्ज की गई यह भी निंदनीय है। जेपी नड्डा जी को बिहार की जनता को बताना चाहिए की 19 लाख बेरोजगार लोगों की नौकरी कब देंगे। उन्हें घरेलू गैस सिलेंडर पेट्रोल डीजल एवं अन्य खाद्य वस्तुओं के आसमान छूती दामों से कब छुटकारा मिलेगा इसे बताने का काम करना चाहिए था।

# जनता महंगाई से त्रस्त और पानी की तरह पैसा बहा रही भाजपा : पप्पू



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

पटना में बीजेपी संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बैठक और पार्टी नेताओं स्वागत के लिए पूरे पटना में लगाएं गए बैनर, होर्डिंग, बड़े-बड़े तोरणद्वार व झंडों को लेकर जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि एक तरह जहां राज्य की जनता महंगाई से त्राहिमाम कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ बीजेपी बैठक के नाम पर पानी की तरह पैसा बहा रही है। पप्पू यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि देशभर के जुमलेबाज नेता पटना पहुंचकर रोड शो कर रहे हैं। करोड़ों-अरबों रुपया पानी की तरह बहाया जा रहा है। पटना में सिर्फ 20-25 करोड़ का तो झंडा लगाया गया है। पप्पू यादव ने कहा कि बिहार के लोगों को इन जुमलेबाजों के खिलाफ आवाज बुलंद करनी चाहिए और अग्निवीर को वापस लेने के साथ साथ बिहार को सुखाड़ राज्य घोषित करने की लड़ाई लड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी को रोजगार, महंगाई, सुखाड़, अग्निवीर के मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। पूरे बिहार के लोग महंगाई से त्रस्त हैं। मध्यम वर्ग से लेकर व्यवसायी वर्ग के लोग कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं वहीं गरीबों को खाने के लाले पड़े हुए हैं। दिखावे के लिए करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाए जा रहे हैं, इससे बिहार के लोगों को कोई फायदा नहीं मिलने वाला है। पप्पू यादव ने कहा कि आज जब रसोई गैस आम लोगों की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। खाने पीने की चीजों पर जीएसटी बढने से महंगाई की दोहरी मार लोगों को झेलनी पड़ रही है। किसान और मजदूर वर्ग के लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। ऐसे में बीजेपी जनता के पैसों को बर्बाद करने में लगी है। बीजेपी नेताओं को जनता से कोई लेना देना नहीं है वह सिर्फ अपनी राजनीत चमकाने में लगे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 12 बोतल शराब बरामद, एक नामजद

विभूतिपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया बुजुर्ग उत्तर वार्ड 07 से पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर हीरालाल उर्फ राज किशोर कुमार के घर के पीछे से 12 बोतल में 9 लीटर शराब बरामद किया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस छापेमारी कर 12 बोतल में 9 लीटर शराब बरामद किया। वहीं इस घटना में हीरा लाल उर्फ राज किशोर कुमार को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### गंगापुर में आभूषण की दुकान में चोरी

सरायरंजन। मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के गंगापुर चौक स्थित जगदंबा मार्केट में एक सोनार के दुकान में हजारों मूल्य के आभूषण व नकदी के चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। दुकानदार अभिमन्यु कुमार ने थाना में आवेदन देकर कहा है कि शुक्रवार की शाम करीब 7:00 बजे अपनी दुकान बंद कर आधारपुर अपने घर चले गए। शनिवार की सुबह जब दुकान खोले तो पीछे से दुकान का दीवाल टूटा हुआ था। साथ ही दुकान में रखे तिजोरी को तोड़कर 3 केजी चांदी, 20 हजार नगद एवं 40 ग्राम के लगभग सोना की आभूषण दुकान से चोरी कर लिया गया था। जिसमें कुछ सामान ग्राहक का था। उक्त दुकानदार ने थाना में अज्ञात लोगों के विरुद्ध आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। वहीं थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### सीओ ने अग्नि पीड़ित को दिया सहायता राशि का चेक

मोरवा। मोरवा प्रखंड क्षेत्र के बाजीतपुर करनैल पंचायत के अग्नि पीड़ित को मोरवा के सीओ प्रीति लता ने दिया सहायता राशि का चेक। विदित हो कि बाजीतपुर करनैल पंचायत के पूनम देवी एवं सुमन देवी के घर आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई थी। वही सीओ के द्वारा अग्नि पीड़ित दोनों परिवार के लोगों को 9800 रुपए के आपदा राशि एवं क्षतिपूर्ति राशि के रूप में 4100 का चेक दिया गया।

### गैस एजेंसी कर्मी की हत्या की घटना की विधायक ने की तीव्र निंदा

मोरवा। मोरवा प्रखंड क्षेत्र के ताजपुर थाना अंतर्गत मोरवा दक्षिणी पंचायत के मोहनपुर के वार्ड संख्या बारह निवासी रामनरेश राय के 27 वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार राय व भारत गैस एजेंसी मोरवा के कर्मी की मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के रामपुर पुल के पास बीते दिन अपराधियों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिए जाने की घटना से संपूर्ण मोरवा में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है। वहीं मोरवा विधायक रणविजय साहू ने युवक को गोली मारकर हत्या कर दिए जाने की घटना की तीव्र निंदा करते हुए दोषी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### भूमि विवाद के निपटारे को लेकर थाना परिसर में जनता दरबार का हुआ आयोजन

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर थाना परिसर में भूमि विवाद के निपटारे को लेकर शनिवार को राजस्व कर्मचारी हेमंत अंकुर के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित जनता दरबार में कुल 6 मामलों की सुनवाई उनके द्वारा की गई। जिसमें 5 मामलों का निपटारा पक्ष-विपक्ष की आपसी सहमति एवं तथ्यों के मद्देनजर उनके द्वारा किया गया। शेष मामलों को दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु अगली तारीख दी गई। उक्त आशय की जानकारी अंचल निरीक्षक वेद प्रकाश के द्वारा दी गई। मौके पर अंचल कर्मी दानिश खान के साथ पुलिसकर्मी व अन्य फरियादी मौजूद थे।

# 11 सूत्री मांगों को लेकर संयुक्त छात्र-युवा मोर्चा का आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन

## आइसा, एसएफआई, एआईएसएफ, एनएसयूआई, युवा राजद के कार्यकर्ता कर रहे थे एसपी को हटाने की मांग

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

संयुक्त छात्र-युवा संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शनिवार को आइसा, एसएफआई, एआईएसएफ, एनएसयूआई, युवा राजद के सैकड़ों कार्यकताओं ने हाथों में झंडा बैनर लिए जिले बढ़ते हत्या, दुष्कर्म, लूट, अपराध और पुलिसिया जुल्म पर रोक लगाने, कॉलेज कैंपस में बाहरी अराजक तत्व के प्रवेश पर रोक लगाने, शहर के शैक्षणिक संस्थान के आसपास ऑपरेशन मजनू अभियान चलाने, दलसिंहसराय थाना के हाजत में युवाओं के हत्या के दोषी थाना प्रभारी को बर्खास्त करने, बीआरबी कॉलेज के कर्मचारियों के साथ मारपीट मुफस्सिल थाना कांड संख्या 283/22 अभियुक्त के अभियुक्त की गिरफ्तारी करने, बीआरबी कॉलेज के मार्केट कंपलेक्स का अविलंब निर्माण कराने समेत 11 सूत्री मांगों को लेकर शहर के पटेल गोलंबर से जुलूस निकालकर स्टेडियम मार्केट, ओवर ब्रिज चौराहा होते हुए समाहरणालय पहुंचकर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करते हुए सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता आइसा जिला अध्यक्ष लोकेश राज, एआईएसएफ जिला अध्यक्ष सुधीर राय, एसएफआई जिला अध्यक्ष अवनीश कुमार,




युवा राजद जिलाध्यक्ष राजू यादव, एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष राजन वर्मा तथा संचालन तथा संचालन आइसा जिला सचिव सुनील कुमार ने किया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जिले में जब से वर्तमान एसपी आए हैं तब से प्रत्येक दिन हत्या, गोलीबारी, लूट, दुष्कर्म, कॉलेज कैंपस में अराजकता चरम पर हैं वरीय पुलिस पदाधिकारी के निष्क्रियता एवं पुलिस द्वारा तकनीकी अनुसंधान में शिथिलता का परिणाम हैं कि जिले में प्रत्येक दिन घटनाएं घट रही हैं और पुलिस उदासीन है।

जिले के सड़क से लेकर शैक्षणिक संस्थानों तक सुरक्षित नहीं हैं शैक्षणिक कैंपस अपराधियों का सेफ जोन बन गया हैं। अग्निपथ आंदोलन में गिरफ्तार छात्र-युवाओं को रिहा कर झूठा मुकदमा वापस लेने की मांग प्रशासन की गई।

आइसा इनौस के जिला प्रभारी सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि दलसिंहसराय थाना के हाजत में समस्तीपुर प्रखंड के हकीमाबाद के युवक की हत्या के दोषी थाना प्रभारी को तत्काल बर्खास्त करते हुए उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। वहीं सभा को युवा राजद के प्रदेश महासचिव सूरज दस, इनौस नेता गंगा प्रसाद ने भी संबोधित करते हुए एसपी को जिले से हटाने की मांग की। प्रदर्शन सभा को राजद की सरिता कुमारी, प्रभात कुमार, पंकज कुमार, सुबोध कुमार, संतोष कुमार, आइसा के मनीषा कुमारी, रौशन कुमार, मो० फरमान, राजू झा, मनीष कुमार, अभिषेख, अनिल, गौतम कुमार, सोनू कुमार, विकास कुमार, उदय कुमार एसएफआई के रूपेश कुमार, विपिन कुमार, विकास कुमार, संजीव कुमार, चंदन कुमार, नीलकमल, अभिषेक सीआईएसएफ के एआईएसएफ के अभिषेक आनंद गौरव कुमार मो० सिराज एनएसयूआई के प्रणव कुमार, भविष्य कुमार, प्रियांशु कुमार, दानिश भरत कुमार कमलेश कुमार, बिरजू महात्मा इत्यादि उपस्थी थे। अंत में 7 सदस्ययी प्रतिनिधिमंडल के द्वारा डीएम के ओएसडी व डिप्टी कलेक्टर अली इकराम से मिलकर स्मार पत्र सौंपा गया।

# उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कलवारा में छात्र अभिभावक बैठक संपन्न



रोसड़ा, प्रात : किरण संवाददाता

रोसड़ा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कलवारा में प्रधानाध्यापक सिकंदर राम की अध्यक्षता में छात्र और अभिभावक की बैठक विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय में बच्चों का लगातार व ससमय विद्यालय भेजने पर जोर दिया गया।

संबोधित करते हुए शिक्षक नेता अशोक कुमार साहू ने बताया कि बच्चे हमारे भविष्य हैं आप सभी लगातार अपने बच्चों के लिए हीं मेहनत करते हैं और वो तभी संभव हो पाएगा जब आप अपनी बच्चों को ससमय व हर रोज विद्यालय में पहुंचा देंगे एवं हर हाल में उसके पास एक घंटा समय देंगे।

विद्यालय में 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति पर कोई सरकारी लाभ भी देय नहीं है। बैठक में वर्ग 8 के वर्ग शिक्षक सुबोध कुमार, अम्विकेश्वर चौधरी, प्रीति कुमारी, विवेक कुमार, मोहम्मद अंसार, रिंकू देवी, पिंकी देवी, मरनी देवी, मो.हातीम, गीता देवी, संगीता देवी, मीना देवी, लीला देवी, आरती देवी आदि शामिल थे।

# पंजाबी कॉलोनी शिक्षक गोलीकांड में दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर नगर थाना क्षेत्र के पंजाबी कॉलोनी में बीते दिनों बदमाशों के द्वारा एक शिक्षक को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार इसी मामले में पुलिस ने दो लोगों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिनकी पहचान पूसा थाना क्षेत्र के मलिकौर निवासी अमोद राय के पुत्र राजदीप कुमार और नगर थाना क्षेत्र के आजाद चौक वार्ड नंबर चार निवासी राकेश सिंह के पुत्र वरुण सिंह के रूप में हुई है। जिनसे पूछताछ के बाद मेडिकल उपरांत जेल भेज दिया गया। बता दें कि जख्मी शिक्षक हथौड़ी थाना क्षेत्र के सहरु वार्ड 02 निवासी लाला प्रसाद सिंह के पुत्र मिथिलेश कुमार सिंह के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें शिक्षक के अनुसार वह पंजाबी कॉलोनी स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ाते हैं। गुरुवार को दोपहर विद्यालय से अवकाश के बाद पंजाबी कॉलोनी



गली नंबर एक स्थित अपने किराए के मकान पर पहुंचे। जहां पूर्व से दो युवक बाइक लगाकर गेट पर खड़े हुए थे। देखते ही एक युवक ने उनसे पूछा कि क्या वह छात्रों को पढ़ाते हैं। इसी बीच दूसरे युवक ने कनपटी पर पिस्टल सटाकर फायरिंग कर दी। हालांकि आड़ा-तिरछा भागने के क्रम में गोली उनके बाएं कंधे पर लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के पीछे पूर्व के विवाद की आशंका व्यक्त की है। पुलिस को उन्होंने बताया कि निजी विद्यालय में जहां वह शिक्षक हैं। वहां पूसा थाना क्षेत्र के मलिकौर गांव की एक छात्रा पढ़ती थी। जिसे शिकायत मिलने पर पूर्व में स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यालय से निष्कासित कर दिया गया था। आशंका जतायी है कि कि इसके आक्रोश में उक्त छात्रा के भाई ने अपने सहयोगियों के साथ इस वारदात को अंजाम दिया है। थानाध्यक्ष अरुण कुमार राय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि छात्रा के स्कूल निष्कासन के विरोध में इस घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों को पकड़ कर जेल भेज दिया गया है।

# राजद के पूर्व जिला महासचिव को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रखंड के जितवारपुर निजामत में राजद के पूर्व जिला महासचिव सतेन्द्र प्रसाद यादव के द्वादशा के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य राजकुमार राय राजेश, संचालन साहित्यकार रामाश्रय राय राकेश तथा धन्यवाद ज्ञापन संवेदक सह पूर्व मुखिया रामनेरश राय ने की। अपने सम्बोधन के क्रम में बिहार वित्त सेवा के पूर्व वरीय अधिकारी सह राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी ने कहा कि सतेन्द्र यादव ने जीवन पर्यन्त समाज के कल्याण व सामाजिक समरसता के लिए काम किया।

उन्होंने कहा कि एक लोकप्रिय समाजसेवी, चर्चित राजद नेता, ओजस्वी वक्ता तथा सामाजिक न्याय के मजबूत स्तम्भ के रूप में सतेन्द्र यादव सदैव याद आते रहेंगे। कार्यक्रम को पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती, समस्तीपुर सहकारिता बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार राय, पूर्व प्राचार्य राजकुमार राय राजेश, साहित्यकार




रामाश्रय राय राकेश, जिला राजद उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद सिंह, स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर, माकपा नेता रघुनाथ राय, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष डोमन राय, पूर्व मुखिया सह संवेदक रामनरेश राय, पूर्व सरपंच विष्णु राय, पूर्व मुखिया प्रो० भिखारी लाल सिंह, पूर्व नगर पार्षद राकेश राज, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शत्रुध्न यादव, वरीय नेता पीपी शर्मा, जदयू के वरीय नेता अनंत कुशवाहा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राम विनोद पासवान, अधिवक्ता मो० शाहिद हुसैन, समाजसेवी संजय कुमार बबलू, ललन यादव, मो० रूहुल्लाह खान गुड्डु, जिला राजद सचिव राकेश यादव, पूर्व शिक्षक रामाशीष राय, ई० राजेश कुमार राय, राजद नेता प्रमोद कुमार पप्पू, मनोज कुमार राय, रंजीत कुमार रम्भू, रेलवे ट्रेड यूनियन नेता एस.के.निराला, रंजीत कुशवाहा, राकेश कुमार मिश्रा, जयलाल राय, विजय कुमार राय, संदीप सरकार, शिव सेना नेता अजय कुमार राय, युवा राजद के जिला महासचिव संतोष कुमार यादव, ज्योतिष महतो, बैकुण्ठ राय, सुबोध कुमार, संतोष कुमार, नीरज कुमार, नीतीश कुमार, डेवीड कुमार तथा सोनू कुमार ने भी सम्बोधित किया।

# समस्तीपुर जिला की टीम भागलपुर के लिए हुई रवाना




समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर के सैंडिस मैदान में आयोजित 8वीं राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए समस्तीपुर महिला एवं पुरुष टीम को समस्तीपुर रेलवे स्टेशन से जिला परिषद उपाध्यक्ष अंजना कुमारी, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन समस्तीपुर के अध्यक्ष महेंद्र प्रधान और जिला सहकारिता बैंक के अध्यक्ष विनोद राय ने रवाना किया।

सभी खिलाड़ियों को समस्तीपुर केन्द्रीय सहकारिता बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार राय ने जर्सी भी प्रदान किया तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए सकारात्मक मनोभाव से खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। सभी लोगों ने टीम को रवाना करते हुए शुभकामनाएं दिया। इस बात की जानकारी रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ समस्तीपुर के सचिव संजय कुमार राय ने प्रेस को दी है।

### 3551 बोतल विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र में मद्यनिषेध पटना और वारिसनगर पुलिस के द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में कुल 3551 बोतल विदेशी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में एक ट्रक एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल जब्त किया गया। इस कार्रवाई में रॉयल्सन गोल्ड व्हिस्की कम्पनी का 750एमएल का 1722 बोतल, रॉयल्सन गोल्ड व्हिस्की कम्पनी का 375एमएल का 1760 बोतल, रॉयल्सन गोल्ड व्हिस्की कम्पनी का 180एमएल का 69 बोतल, कुल 1963.920 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान चंदन कुमार एवं मुन्ना चौधरी के रूप में हुई है। जिनके ऊपर वारिसनगर थाना में मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# हसनपुर प्रखण्ड जदयू की बैठक में किया पार्टी की सदस्यता ग्रहण




रोसड़ा, प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर प्रखण्ड जदयू कार्यालय लोहिया आश्रम में पूर्व विधायक राज कुमार राय की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें हसनपुर प्रखण्ड के दर्जनों युवाओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आस्था रखते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। जिन्हें पूर्व विधायक ने अंग बस्त्र एवं पुष्पमाला से स्वागत कर पार्टी का सदस्य बनाया सदस्यता ग्रहण करने वाले में मुख्य रूप से विकास राज,आशिष कुमार मोनू, रौशन कुमार, अभिषेक कुमार, मन्टुन कुमार, गौरव कुमार, राजीव कुमार, साकेत कुमार, पन्ना लाल यादव, शत्रुघ्न यादव, अंजय यादव, घनश्याम यादव एवं अन्य लोगों ने भी सदस्य बने। मौके पर पूर्व विधायक राज कुमार राय, प्रखण्ड अध्यक्ष संजीव कुशवाहा, रामचन्द्र पासवान, रामचन्द्र यादव, राजू कुमार, बैदेही शरण सिंह, पंकज मिश्रा, राजकुमार आजाद ललित कुमार गुड्डू समेत कई पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित थे।

# एएमएस हॉस्पिटल में हुआ 7 वर्षीय बच्चे के जबड़े के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के पंजाबी कॉलोनी धरमपुर पूसा रोड स्थित एएमएस हॉस्पिटल में एमबीबीएस (ऑनर्स), एमएस (पैट) सर्जन एवं कान, नाक, गला-कंठ, माथा व मुंह रोग विशेषज्ञ तथा डीएमसीएच में सहप्राध्यापक डॉ रिजवान अहमद एवं सहयोगी डॉक्टरों की टीम के द्वारा एक 7 वर्षीय मो० सोहेल के जबड़े के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया गया। जिस मरीज के जबड़े के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया गया वह वैशाली जिले के पातेपुर प्रखंड के काबा चिकनौटा का रहने वाला है। जो देश के बड़े-बड़े निजी चिकित्सा संस्थानों से थक-हार कर समस्तीपुर शहर के एमएस हॉस्पिटल में आया। जहां डॉक्टर रिजवान अहमद के द्वारा उक्त मरीज के बीमारी के बारे में जानकारी ली गई और संबंधित कई जांच किए गए। बताया गया कि मरीज जबड़े के ट्यूमर से पिछले दो वर्षों से पीड़ित था और



कई बड़े संस्थानों के चक्कर लगा चुका था। कहीं से कुछ लाभ होता न देख उसने एमएस हॉस्पिटल के संचालक व पीएमसीएच पटना के पूर्व सीनियर रेजिडेंट सर्जन डॉ रिजवान अहमद को अपनी समस्या के बारे में बताया। जिसके बाद डॉ रिजवान अहमद, पटना पारस के ऑकोलॉजी सर्जन डॉ तशबिहुल अजहर, एमएस सर्जरी डॉ मुस्तेहासन अहमद, डेंटल टीम से बीडीएस डॉ असरार अहमद व अंथेसिया के डॉक्टर सुशील एवं सहायक अबुजार एजाजी उर्फ शहरु तथा एहतेशामउद्दीन के द्वारा लगभग 4 घंटों तक चले ऑपरेशन में मरीज के जबड़े से ट्यूमर को निकाला गया। आपको बता दें कि डॉ रिजवान अहमद के द्वारा इस तरह के कई ऑपरेशन इससे पूर्व भी सफलता पूर्वक किए जा चुके हैं। एमएस हॉस्पिटल में दूरबीन के द्वारा कान के फटे परदे की जांच व ऑपरेशन तथा गला-कंठ में गिल्टी, टॉन्सिल एवं पुराना गला फंसने संबंधित बीमारी का दूरबीन द्वारा इलाज ऑपरेशन किया जाता है। इसके अलावा एमएस हॉस्पिटल में गूंगे व बहरेपन की जांच व्यवस्था तथा हर तरह के कान की डिजिटल मशीन मरीजों की आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध है।

# ऑन ड्यूटी डॉक्टर के गायब रहने से मरीज हुए परेशान, सिविल सर्जन ने कहा सरकार दोषी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के सदर अस्पताल से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां समस्तीपुर सदर अस्पताल से ऑन ड्यूटी डॉक्टरों के गायब रहने पर सिविल सर्जन ने इसके लिए सरकार को ही दोषी ठहरा दिया। बताते चलें कि 30 जुलाई समय सुबह के 9 बजे समस्तीपुर सदर अस्पताल के ओपीडी शल्य कक्ष के बाहर दूर-दूर से इलाज के लिए आए मरीजों की भीड़ जमा थी, लेकिन जिस डॉक्टर के ऊपर इलाज की जिम्मेदारी थी वह डॉक्टर उस समय तक अपने कक्ष में पहुंचे ही नहीं थे। जिस कारण मरीजों को उनके कक्ष के बाहर काफी देर इंतजार करना पड़ा। डॉक्टर का इंतजार कर रहे सरायरंजन प्रखंड के लाटबसेपुरा निवासी साजन कुमार ने बताया कि वह काफी देर से डॉक्टर के आने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन डॉक्टर साहब अभी तक नहीं आए हैं। वहीं सरायरंजन प्रखंड के लाटबसेपुरा से ही आए राजू कुमार ने कहा कि डॉक्टर को 8 बजे ही आ जाना चाहिए था



लेकिन अभी 9 बज रहे हैं डॉक्टर का कोई अता पता नहीं है। आपको बता दें कि ओपीडी शल्य कक्ष में शनिवार को डॉ सुमित की ड्यूटी लगी हुई थी। उन्हें 8 बजे सुबह में अपने कक्ष में उपस्थित हो जाना था, बावजूद इसके वह 9 बजे तक आए ही नहीं थे। आपको बता दें कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से करोड़ों-अरबों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन समस्तीपुर जिले में जिनके कंधों पर लोगों को सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्वास्थ्य सुविधाएं देने की जिम्मेदारी है वह निष्क्रिय बने हुए हैं। जब इस बाबत समस्तीपुर सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी से बात की गई तो उन्होंने इसे संज्ञान में लेने के बजाय सरकार को ही दोषी ठहरा दिया। उन्होंने डॉक्टरों की कमी का बहाना बनाते हुए कहा कि समस्तीपुर सदर अस्पताल में पदस्थापित डॉक्टर दूर-दूर से आते हैं जिस कारण उन्हें आने में देर हो जाती है, जिसका ख्याल सदर अस्पताल प्रबंधन नहीं रखेगा तो कौन रखेगा। उन्होंने कहा कि कड़ा रुख अपनाने पर डॉक्टर काम छोड़ देने की धमकी देते हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट से 7 वर्षीय बच्ची जख्मी

**विभूतिपुर।** विभूतिपुर थाना क्षेत्र के बेलसंडी तारा वार्ड नंबर 12 निवासी मोहम्मद शमशाद की 7 वर्षीय पुत्री शाहिमा खातून सड़क हादसे में बुरी तरह जख्मी हो गई। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना को लेकर मृतिका के पिता मोहम्मद शमशाद ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए बताया कि 29 जुलाई को मेरी पुत्री बिस्कुट खरीदने के लिए सड़क पार कर गई थी। बिस्कुट खरीद कर लौटने के क्रम में अज्ञात ट्रक चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए मेरे पुत्री को ठोकर मार दिया। जिससे मेरी पुत्री गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसे आनन फानन में निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर कर दिया। जहां इलाज के लिए ले जाने के क्रम में ही रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई। वहीं घटना के संबंध में थाना अध्यक्ष चंद्रकांत गौरी ने बताया कि मृतका के पिता के आवेदन पर अज्ञात वाहन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### जल जमाव से मुक्ति के लिए मुखिया ने करवाया महादलित बस्ती की नाले का सफाई

मझौलिया। शनिवार के दिन ग्रामीणों की मांग को देखते हुए और बरसात काल में सड़क पर जगह-जगह पानी लग जाने के चलते जलजमाव हो गया था ।जिसके के निदान के लिए पंचायत के मुखिया लालदेव राम के द्वाराआमवा माझार पंचायत के महादलित बस्ती वार्ड नंबर 5 में करीब 600 फिट नाले की सफाई कराकर जल जमाव से निजात दिलाई ।इस मौके पर पंचायत के मुखिया लालदेव राम ने कहा कि मेरा प्रथम कर्तब्य है कि जल जमाव से निजाद दिलाना ।इसी कड़ी में पंचायत के वार्ड नंबर 5महादलित बस्ती में नाला सफाई कर जल जमाव से निजाद दिलाया है। इस सराहनीय कार्य होने पर हर्ष ब्यक्त करने वालों मे वार्ड सदस्य दीपेंद्र साह,धर्मेंद्र प्रसाद ,महेंद्र प्रसाद सहित ग्रामीणजन जगदीश मुखिया ,नागिन महतो,भोला माझी, धर्मेंद्र माझी, मुन्ना माझी, मुनिलाल मांझी ,सुनील माझी आदि गड़मान्य शामिल थे।

### मझौलिया थाना में लगा जनता दरबार

मझौलिया। शनिवार को मझौलिया थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया ।जिसमे भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निबटारे की कोशिश की गई। अंचल अधिकारी सूरज कांत की उपस्थिति में अंचल क्षेत्र से कई फरियादी अपने मामलों से जुड़े कागजी साक्ष्यों के साथ उपस्थित हुए। भूमि विवाद से जुड़े यहां कुल 4 मामले आए। जिनमें पूर्व और वर्तमान के 7 मामले का निबटारा मौके पर हो गया। बाकी मामले के लिए अगले शनिवार को उपस्थित होने के लिए दोनों पक्षों को कहां गया ।जनता दरबार के आयोजन के अवसर पर अंचलाधिकारी सूरज कांत थाना अध्यक्ष अशोक कुमार साह, अंचल निरीक्षक राधेश्याम यादव, रामु उराव ,विकास कुमार , राजन कुमार सहित बड़ी संख्या में जनता दरबार में आए ग्रामीण उपस्थित थे।

### डीजे संचालक पर पुलिस ने की कार्रवाई

सुगौली। शांति पूर्ण माहौल में पर्व संपन्न करने को लेकर थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने 85 डीजे संचालक पर करवाई की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी धार्मिक त्यौहार को शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सुगौली थाना क्षेत्र के डीजे संचालकों के साथ थाना पर बैठक की गई थी। सभी संचालकों को स्पष्ट रूप से आगामी त्योहार में डीजे नहीं बजाने हेतु सख्त हिदायत किया गया था।

# मानव व्यापार रोकथाम के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रक्सौल, प्रात : किरण संवादाता

भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 47वीं वाहिनी एसएसबी कमांडेंट विकास कुमार द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानव व्यापार निषेध दिवस के अवसर पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी के जागृति रथ को शुभकामनाएं देते हुए झंडा दिखा कर मार्च कराया गया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कमांडेंट विकास कुमार ने कहा कि मानव तस्करी एक संगठित एवं सुनियोजित अपराध है, इसे हम सबको मिलकर निपटना होगा।

गौरतलब है कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के परियोजना के तहत प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी एवं चाइल्ड लाइन सब सेंटर रक्सौल के द्वारा मानव व्यापार, बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल दुब्यार्पार, बाल श्रम रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाए गए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि मानव व्यापार एक बहुत बड़ी अपराध है, जो एक मनुष्य को दूसरे मनुष्य द्वारा खरीद बिक्री की जा रही है, इसे रोकने के लिए समय-समय पर जागरुकता कार्यक्रम की जा



रही है, जिससे इस अपराध पर नियंत्रण किया जा सके। इस अपराध को रोकने के लिए हम सभी समाज के लोगों को सामने आना होगा तथा इसे रोकने में मदद करनी होगी। आए दिन देखने को मिल रही है कि नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर लाया जा रहा है और उसे बड़े-बड़े महानगरों में ले जाकर वेश्यावृत्ति में लगाई जा रहे हैं। हमारे जागरूक होने से बहुत सारी बच्चियों को इस अपराध में जाने से पहले हम लोगों द्वारा मुक्त कराया गया है। प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण की परामर्शदाता आरती द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि मानव व्यापार हमारे समाज के लिए कलंक है, जो दीमक की तरह खोखला कर रही है। इसे रोकने के लिए हम सभी समाज के लोगों के एकजुट होने पर इस अपराध पर नियंत्रण किया जा सकता है। इस अपराध में बच्चे से लेकर बूढ़ों तक का व्यापार हो रहा है। ज्यादातर नाबालिक लड़कियों तथा नाबालिग बच्चे इस अपराध का शिकार बन रहे हैं। उन्हें बड़े-बड़े महानगरों में ले जाकर उनके साथ लैंगिक उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसे रोकथाम हेतु आज आप सभी के बीच में यह जागरूकता कार्यक्रम रखा गया है, आप सभी का सहयोग अनिवार्य है। अगर ऐसी घटना आपके आस पड़ोस में देखने को मिलती है तो तुरंत 1098 के माध्यम से इसकी सूचना दे सकते हैं। जागृती रथ से ग्राम पन्टोका के सभी ग्रामवासियों को जागरूक किया गया, जिसमे सैकड़ों लोगों ने भाग लिया तथा हरैया प्राथमिक विद्यालय के सभी बच्चों ने सौ के संख्या में भाग लिया।

**कार्यक्रम**

● एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एसएसबी एवं प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर द्वारा आयोजित

वहीं जागृति रथ में सिंडे एकेडमी स्कूल में बच्चों ने भी भाग लिया, जिन्हें मानव व्यापार संबंधित जानकारी दी गई। रथ भ्रमण करते हुए इंडो नेपाल बॉर्डर पर सभी यात्रियों को जागरूक किया। रथ घूमते हुए रक्सौल रेलवे स्टेशन पहुंची, वहां जीआरपी, आरपीएफ व प्रयास संस्थान द्वारा मानव व्यापार, बाल मजदूरी के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में प्रयास संस्था से विजय कुमार शर्मा, राज गुप्ता तथा राजकीय रेल पुलिस रक्सौल से थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, रेलवे सुरक्षा बल रक्सौल से संतोष कुमार मिश्रा, स्वच्छ संस्था रक्सौल से रंजीत कुमार सिंह, प्लान इंडिया के राम जनम कुमार , चाइल्ड लाइन सब सेंटर रक्सौल से अभिषेक कुमार, नवीन कुमार, किरण वर्मा, पवन कुमार, उमेश कुमार श्रीवास्तव तथा उनके टीम उपास्थित थे। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से सब इंस्पेक्टर नेहा सिंह, राम कुमार, कल्पना वाजपेई, मोनिका सहित सुरक्षा बल मौजूद थे।

# शिक्षक के सकारात्मक प्रयास ने विद्यालय को दिलाया अवार्ड

बगहा, प्रात : किरण संवादाता



● वन एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु डब्ल्यू डब्ल्यू एफ-इंडिया ने विद्यालय को दिया प्रशस्तिः पत्र

विश्व व्याघ्र दिवस के अवसर पर डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया एवं वन विभाग द्वारा वन विभाग के सभागार में आयोजित समारोह में एक पृथ्वी कार्यक्रम के तहत वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए चयनित सक्रिय विद्यालयों को संयुक्त रुप से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इससे विद्यालय परिवार, स्थानीय जनता व जनप्रतिनिधि में हर्ष है। डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया द्वारा बाघ संरक्षण थीम को लेकर विद्यार्थियों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

बच्चों ने चित्र के माध्यम से अपने विचारों को प्रदर्शित किया। उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय पचरुखा के सहायक सह पर्यावरण की पोटली के प्रभारी शिक्षक सुनिल कुमार के मार्गदर्शन में वर्ग 6 की छात्रा प्रेमशीला की पेंटिंग को प्रथम स्थान मिला जिसे पुरस्कृत किया गया। प्रधानाध्यापक उमेश प्रसाद साह ने कहा कि डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया द्वारा विद्यालय को प्रशस्ति पत्र (अवार्ड) दिया गया है जो विद्यालय परिवार के लिए सम्मानजक है। यह हम सभी शिक्षकों के सामूहिक प्रयास का प्रतिफल है तथा हम सभी के लिए गर्व एवं उत्साहवर्धक है। विद्यालय के वर्ग 6 की छात्रा को पेंटिंग में प्रथम स्थान मिला। विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण शिक्षा की भी जानकारी दी जाती है। बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ वन एवं पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता, कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण शिक्षा आदि से सम्बन्धित जानकारी देने तथा इस दिशा में सकारात्मक प्रयास के लिए उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय पचरुखा के शिक्षक सुनिल कुमार एवं अन्य सहयोगी शिक्षकों के सकारात्मक प्रयास ने विद्यालय को राज्य के बेहतर स्कूलों में शामिल कराते हुए अवार्ड दिलाया है। विद्यालय के पर्यावरण की पोटली के प्रभारी शिक्षक सुनिल कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि विद्यालय को डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया द्वारा प्रशस्ति पत्र मिलना विद्यालय परिवार के लिए उत्साहवर्धक है। इससे हमें और बेहतर करते रहने की प्रेरणा मिली है। हमारा प्रयास निरंतर चलता रहेगा। बकौल शिक्षक सुनिल कुमार वे विद्यालय को रोल मॉडल स्कूल बनाने के लिए सक्रिय प्रयास कर रहें हैं। शिक्षक धर्मेंद्र भारती, अभिमन्यु कुमार, महेश कुमार, शशि कुमारी, नरेंद्र पाण्डेय, शक्ति प्रकाश, हरिद्वार आदि ने हर्ष व्यक्त किया। पुरस्कृत होने वाले पाँच विद्यालय बगहा दो प्रखंड के संकुल संसाधन केंद्र पचरुखा से चयनित हुए हैं।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय पचरुखा के प्रधानाध्यापक उमेश प्रसाद साह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मदनपुर के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार गुप्ता, उत्क्रमित मध्य विद्यालय दरदरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत कुमार तिवारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेरई के प्रधानाध्यापक राजकुमार शर्मा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय केरई- बेरई के प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने कहा कि यह सम्मान विद्यालय परिवार के लिए गौरवान्वित करने वाला है। इससे हम सभी शिक्षकों को ऊर्जा मिलेगी।

### शिक्षकेतर कर्मचारी संघ ने अपनी मांगे को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**भभुआ।** सरदार बल्लभभाई पटेल महाविधालय, भभुआ के शिक्षकेतर कर्मचारी, विहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविधालय कर्मचारी महासंघ , वीर कुंवर सिंह प्रक्षेत्र , आरा के आह्वान पर अपनी पुरानी मांगे यथा लंबित प्रोन्नति , सेवा स्मपुष्टि, अनुकपा पर नियुक्ति , acp/ macp का वेतन निर्धारण विसंगति का निराकरण , अविलंब निष्पादन करने के लिए चरण वृद्ध आंदोलन के क्रम में काला बिल्ला बांधकर महाविधालय में विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञातव्य हो की उक्त अवसर पर इकाई सचिव सुजीत कुमार सिंह एवं इकाई अध्यक्ष विनोद बृद्धन ने विश्वविद्यालय के तानाशाही रवैए से अजीज होकर आगे भी संघर्ष जारी रखने का मंतव्य जाहिर किया है । इस कार्यक्रम के बारे में महासंघ के जिला सचिव सत्येंद्र कुमार ने संगठित होकर साकारात्मकता के साथ मनोबल के साथ डटे रहने का आह्वान किया ।

# महावीरी झंडा एवं मोहर्रम को ले शांति समिति की बैठक आयोजित



रक्सौल, प्रात : किरण संवादाता

आगामी 2 अगस्त को होने वाले महावीरी झंडा एवं 9 अगस्त को होने वाले मोहर्रम पर्व को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को एक बैठक का आयोजन स्थानीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ शहर के गणमान्य लोगों के बीच हुई। पर्व में विधि व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए आयोजित हुई इस बैठक की अध्यक्षता स्थानीय अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री आरती एवं एएसपी चंद्रप्रकाश ने संयुक्त रूप से की। बैठक के दौरान अधिकारीद्वय ने लोगों से उक्त पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शुरू से रक्सौल में सभी पर्व भाईचारे के रूप में मना है और आगे भी मनाते रहें। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह अवर निवार्ची पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, रक्सौल थाना इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष शशिभूषण ठाकुर, हरैया ओपी प्रभारी विवेक कुमार जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि राजकिशोर राय उर्फ भगत जी, विजय यादव, कबीर आलम, शंभू दास, अशोक साह, मोगले आलम, प्रदीप साह, सच्चिदानंद सिंह व चीनी राम सहित अन्य मौजूद थे।

# यूरिया की कालाबाजारी को लेकर भाकपा माले ने किसानों के साथ किया प्रदर्शन

बेतिया, प्रात : किरण संवादाता

कृषि कार्यालय कर्मियों की मिली भगत से खाद दुकानदारों द्वारा 266 के बदले 500 से सात सौ रुपए मे बेचने के खिलाफ अखिल भारतीय किसान महासभा और भाकपा माले ने बगहीं नाथबाबा चैक पर किसानों के साथ प्रदर्शन कर रोड़ जाम किया और यूरिया की कालाबाजारी करने वाले सुमित इंटरप्राइजेज और मनीष खाद भंड़ार समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज करने की मांग किया।

उक्त बाते अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सह माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि जिला कृषि पदाधिकारी के बड़े स्टाकिस्टो के मेल से यूरिया कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों को दिया जा रहा है जो मनमाने रेट पर यूरिया बेंच किसानों को लुट रहे



हैं ।जिला प्रशासन इसपर रोक लगाए और निर्धारित मूल्य पर यूरिया उपलब्ध कराए। भाकपा माले अंचल सचिव सुरेंद्र चैधरी ने कहा कि बैरिया प्रखंड कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर सुमित इंटरप्राइजेज और मनीष खाद भंडार बगही को जिला द्वारा नियुक्त कर्मी के देख रेख मे 300/- से 500/-मे यूरिया बेंचा गया। एक किसान को एक बोरा यूरिया देकर उसके नाम पर दो से चार बोरा चढा स्टाक समाप्त कह घंटो लाइन मे लगे लोगों को भगा दिया गया। प्रशासन उन पर कानूनी कार्वाई करे ।नही तो किसानो के साथ भाकपा माले और किसान महासभा आंदोलन के लिए बाध्य होगा। किसान नेता बिनोद कुशवाहा ने कहा कि नीतीश सरकार की जिरो टालरेंश की नीति का मजाक खाद दुकानदार उड़ा रहे है। माले नेता हारुण गद्दी ने कहा कि यूरिया के लिए हाहाकार मचा हुआ है। शासन और प्रशासन के लोग सुनने के लिए तैयार नही है। किसान लुटे जा रहे है ।बरसात नही होने से महंगे दाम पर ड़िजल खरीद रोपनी कर पटवन किए है अब निर्धारित मूल्य से दो से चार गुणा अधिक मूल्य पर खरीदना पड़ रहा है। पहले से घाटे की खेती और महंगी हो जा रही है। मौके पर अवध बिहारी पटेल,अखिलेश प्रशाद,राजेश्वर महतो,अनिरूद्ध महत्तो,सचिन कुमार,नथु महतो,शंभु साह,हरेंद्र साह,किरानी महतो,राजेश्वर साह,चन्द्रिका शर्मा,आदि उपस्थित थे।

### जलस्तर में वृद्धि से लोगों को हो रही परेशानी

**रक्सौल।** बीते तीन दिनों से हो रही सीमाई क्षेत्र में रूक-रूककर बारिश से नेपाल से आने वाली गाद, तिलावे, धुतहा व सरिसवा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। वही प्रखंड क्षेत्र के भेलाही से गुजरने वाली गाद नदी के जलस्तर में काफी वृद्धि होने से गाद नदी उछल कर बह रही है। जिससे प्रखंड क्षेत्र के भेलाही, मुसहरवा, पुरंदरा गांवों के सरेहों में नदी का पानी प्रवेश कर गया है। जिससे हजारों एकड़ में लगी धान की फसल डूब गयी है। वही गाद नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण उछल कर बहने से भेलाही स्टेशन रोड पर एक से डेढ़ फीट नदी का पानी चढ़ गया है। जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। वही सीमाई क्षेत्र के लोगों को बाढ़ का भय सताने लगा है। यहां बता दे कि बारिश यदि लगातार हुयी तो सीमाई क्षेत्र की सभी नदियां उफनाएंगी, जिससे रिहायसी इलाके में बाढ़ का पानी प्रवेश कर सकता है।

# सीपीएम ने ग्राम पंचायत सीवों में किया धरना-प्रदर्शन




भभुआ, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कैमूर के तत्वाधान में भभुआ प्रखंड के ग्राम पंचायत सीवो में धरना प्रदर्शन किया। धरना के माध्यम से सभी ग्रामीणों को बिहार सरकार में बसे हुए लोगों को बासगीत पर्चा देने, सभी घरों में जल योजना के तहत पानी पहुंचाने, सभी गरीबों को राशन कार्ड देने, एवं सभी गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाने का प्रतिरोध किया है। कैमूर जिला महामंत्री रंग लाल पासवान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र के इशारे पर राज्य सरकार गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने ही लोगों के साथ दुर्व्यवहार करने पर तुली हुई है। धरना प्रदर्शन को रामचंद्र प्रसाद, भीम सिंह, शिव मूरत शाह, बब्बन राम, रामराज सिंह, कपिल देव राम रामजी बिंद प्रमिला देवी, यशोदा देवी, मंजू देवी, लीलावती कुंवर, तारा देवी, फूला देवी, नंदनी देवी, बिंदू देवी, पार्वती कुंवर, महेंद्र राम आदि लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजराज सिंह ने किया।

# चिरैया: मानव तस्करी के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

चिरैया, प्रात : किरण संवादाता

विश्व मानव तस्करी रोधी दिवस के अवसर पर शनिवार को ट्रैफिकिंग इन पर्सन के खिलाफ कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के कार्यकताओं ने जागरूकता अभियान चलाया। फाउंडेशन के कार्यकताओं ने प्रखंड मुख्यालय स्थित चिरैया बाजार से राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खड़तरी कन्या तक जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मानव तस्करी के खिलाफ जागरूक किया।

इसके उपरांत कार्यकताओं ने उक्त विद्यालय के बच्चों तथा गांव के लोगों को मानव तस्करी व बाल मजदूरी के खिलाफ सावधान किया। मालूम हो कि फाउंडेशन के सर्वाइवर लेड इंटेलिजेंस नेटवर्क द्वारा समय- समय पर पंचायत स्तर पर गांवों में मानव एवं बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाता हैं। जिसमें



स्थानीय लोगों व बच्चों को मानव तस्करी, बाल तस्करी तथा बाल मजदूरी के दुष्प्रभावों के बारे में बताया जाता है।

चूकि मानव व बाल तस्करी दुनिया का तीसरा बड़ा अवैध व्यापार है और आज भी यह एक सामाजिक कलंक के रूप में जीवित है। इसके कारण हजारों की संख्या में बच्चे, वयस्क व औरतें तस्करी की शिकार हो जाती हैं और उनका आगे का जीवन नरक हो जाता है। जिसके कारण उन्हें गुलामी की जिंदगी गुजारनी पड़ती है। ज्ञात हो कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा गत कई वर्षों से बिहार व झारखंड के 20 जिलों में सर्वाइवर लेड इंटेलिजेंस नेटवर्क के जरिये बाल श्रम, बाल तस्करी व बाल विवाह समेत सभी प्रकार के बाल हिंसाओं के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है।

यहां बता दें कि सर्वाइवर लेड इंटेलिजेंस नेटवर्क उन युवाओं का नेटवर्क है जो कभी न कभी बाल मजदूरी, बाल तस्करी के शिकार रहे हैं और उन्हें कैलाश सत्यार्थी का संगठन 'बचपन बचाओ आंदोलन' द्वारा बाल मजदूरी से मुक्त कराया गया है। आज वही बच्चे अन्य बच्चों की जिंदगी संवारने में लगे हैं। मौके पर फाउंडेशन के जिला समन्वयक पंकज कुमार, कार्यकर्ता श्रवण कुमार ओम, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक चुनचुन कुमार सहित खड़तरी पूर्वी पंचायत के कई वार्ड सदस्य मौजूद थे।

### एनएच को बंद कर खाली किया गया पलटा हुआ गैस टैंकर

**सुगौली।** बीते 28 जुलाई को सुगौली नगर के अमीर खा टोला के समीप गैस टैंकर पलट जाने के कारण ड्राइवर की मृत्यु हो गई थी। वही टैंकर के अंदर 40 टन गैस मौजूद था, जो सड़क के किनारे गड्ढे में पड़ा हुआ था, घटना के समय गैस भरा हुआ था जो सही सलामत था, एहतियातन के तौर पर सुगौली थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने घटना के दिन से ही गैस टैंकर के आगे पुलिस बल की तैनाती कर दिया था, वआस पास के गाँव वाले इस बात को लेकर पिछले दो दिन से काफी परेशान थे कि दुर्घटना के बाद 40 टन गैस वही मौजूद है, कही लीकेज ना हो। इसकी कामना ग्रामीण कर रहे थे। उक्त बाबत थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने बताया कि दो दिन से लगातार गैस टैंकर पर पैनी नजर थी। आज सुबह से ही चार क्रेन द्वारा गैस के टैंकर को हटाया जा रहा है। सुबह नौ बजे से ही कार्य हो रहा है, चूकि टैंकर में ज्वलनशील पदार्थ है, जिसको लेकर एहतियातन राजमार्ग पर यातायात को पूरी तरह से बाधित कर दिया गया है। समाचार प्रेषण तक गैस टैंकर को नही उठाया जा सका है।

# नेपाल के युवक की हत्या कर शव को नहर के पास फेंका



महुआ, प्रात : किरण संवादाता

● अपराधिक छवि का था युवक, आपसी वर्चस्व में हत्या की आशंका

पूर्वी चंपारण के महुआ थाना अंतर्गत कोरैया नहर के समीप एक शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी। शनिवार की सुबह जब ग्रामीण नहर होकर गुजर रहे थे तभी उनकी नजर खून से लथपथ एक युवक के मृत शरीर पर पड़ा। इसके बाद ग्रामीणों ने उसकी सूचना पुलिस को दी। शव को देख आसपास के इलाकों में सनसनी मच गई। तुरंत पुलिस पहुंची और शव को सिनाख्त में जुट गई, कुछ मेहनत के बाद जब शव का सिनाख़्त हुआ तो पता चला कि वह युवक खुद अपराधिक घटनाओं से जुड़ा हुआ था, जिसपर महुआवा, दरपा व आदापुर थाना में मामला दर्ज है। ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है कि आपसी गैंगवार या वर्चस्व की लड़ाई में युवक की जान गई है। हालांकि पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और हत्यारों को चिन्हित कर गिरफ्तारी में लगी है। हत्या का असली वजह क्या है, ये तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। मृतक की पहचान नेपाल के बारा जिला अंतर्गत फुलवरिया गांव निवासी रंजित सिंह के पुत्र अमित सिंह के रूप में हुई है।

# डीजे बजाने या किसी तरह के अस्त्र शस्त्र के प्रर्दशन पर होगी कार्यवाही: थानाध्यक्ष

भितहा, प्रात : किरण संवाददाता

शनिवार को थाना परिसर मे थानाध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी की अध्यक्षता में एवं बीडीओ पन्नालाल व अंचलाधिकारी अबु अफसर की उपस्थिति में मुहर्रम और महावीरी झंडा पर्व को लेकर शान्ति समिति की बैठक की गई।

जिसमे उक्त पर्व को लेकर सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों को थानाध्यक्ष द्वारा उपस्थित लोगों के समक्ष विंदुआर पढ़कर सुनाया गया। जिसमे बताया गया कि बिना अनुमति अर्थात बिना लाइसेंस के किसी तरह का जुलूस नही निकलेगा ।साथ ही साथ किसी भी सूरत मे कहीं भी डीजे नही बजेगा ।यदि कोई डीजे बजाते हुए पकड़ा जायेगा तो उसपर कानूनी कार्यवाही की



जायेगी। जुलूस में किसी तरह अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होगा, अगर कोई ऐसा करता है तो उसपर विधिसंवत कार्यवाही सुनिश्चित है। उक्त बातें वही बैठक को सम्बोधित करते हुए अंचलाधिकारी अबु अफसर ने कहा कि आपलोग दोनों पर्व आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। वहीं बीडीओ पन्नालाल ने आगामी पन्द्रह अगस्त को आजादी के 75 वे वर्षगाठ पर हर घर तिरंगा फहराने को लेकर लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग कोशिश कीजिए कि आपके टोले मुहल्ले के हर घर मे तिरंगा फहराया जाय ।बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि संजय निषाद,जिला पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा मुखिया संजय यादव,अशोक गुप्ता,रामाधार यादव, जितेंद्र बैठा , मुखिया प्रतिनिधि मंटू सिंह प्रदीप गुप्ता, सरपंच प्रतिनिधि रमाशंकर यादव सहित बहुत से गणमान्य लोगों की उपस्थित रही।

# शिक्षक अपने जिम्मेदारियों का करें पूर्ण निर्वहन: अवधेश राय

सकलडीहा, प्रात : किरण संवाददाता

स्थानीय बीआरसी धरहरा पर परिषदीय विद्यालयों में संचालित योजनाओं के सही क्रियान्वयन हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी अवधेश राय ने शनिवार को शिक्षकों के साथ एक समीक्षा बैठक किया। इस दौरान विद्यालयों में चल रहे मिड डे मील के सफल संचालन के बाबत जानकारी लिया।

वहीं निपुण भारत अभियान की प्रगति पर्दा कार्यक्रम के अंतर्गत आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन व नामांकन की जानकारी बारी-बारी सभी प्रधानाध्यपको से लिया। इसके अलावा उन बच्चों का आंकड़ा पोर्टल पर अपलोड करने की स्थिति का भी अवलोकन किया। विभाग द्वारा विद्यालयों का ऑपरेशन कायाकल्प की प्रगति की भी समीक्षा किया। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी अवधेश राय ने कहा कि सभी शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचने का कार्य करें। अनुपस्थित मिलने पर कड़ी कार्यवाही किया जाएगा। बैठक के अंत में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले अमृत महोत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया।

बताया कि शिक्षक अपने स्तर पर अमृत महोत्सव को लेकर लोगों को जागरूक करें। इस दौरान डॉ. देवेंद्र प्रताप यादव, अशोक सिंह, जयनारायण यादव, प्रदीप यादव, गीता गुप्ता, विपिन बिहारी यादव, यशवंत सिंह, ऐश्वर्या गुप्ता, हरिओम प्रकाश, लता देवी सहित अन्य शिक्षक रहे।

# क्रांति दिवस पर मोहनिया में 'आप' पार्टी की होगी बिहार स्तर की बैठक

भभुआ, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी जिला इकाई कैमूर के बैठक कार्यालय कक्ष भभुआ में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता कैमूर जिला प्रभारी सह अब्दुल कलाम यूथ लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित दिनेश सिंह कुशवाहा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 8 अगस्त को क्रांति दिवस के अवसर पर मोहनिया के कुशवाहा भवन में दिल्ली (बाडली) विधायक अजेश यादव चुनाव प्रभारी मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे इनके साथ बिहार संगठन प्रभारी राहुल तंवर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि बिहार से 38 जिला के जोनल प्रभारी भाग लेंगे। श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार में



भ्रष्टाचार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य बुनियादी सवालों को लेकर अगले सत्र लोकसभा एवं विधानसभा की चुनाव को लेकर रणनीति तय होगा।

उन्होंने पार्टी कताओं का आह्वान किया कि 8 अगस्त क्रांति दिवस पर सभी कार्यकर्ता समर्पित होकर माननीय दिल्ली के मुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल के नीतियों पर अमल करना सभी कार्यकताओं का दायित्व है। बैठक में उपेंद्र तिवारी, राजू सिंह, सुनील सिंह, कपिल मुनि सिंह, अरविंद कुमार, अजय चौबे, प्रेमचंद सिंह, शशी पटेल, रामप्रवेश सिंह, गोपाल कुशवाहा, सुनील पासवान, रामाकांत सिंह, अजय सिंह, सुमित कुमार सिंह प्रदीप,तसरिफ आदि लोगों ने बैठक में भाग लिया। सभी कार्यकताओं ने एकमत होकर 8 अगस्त को क्रांति दिवस पर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

सम्पादकीय

# राष्ट्रपत्नी कहने के मायने

लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी की जुबान कितनी बार फिसलेगी? यदि कांग्रेस के दो और सांसद जीत कर आ जाते, तो अधीर को सदन में नेता प्रतिपक्ष का ओहदा मिल जाता, जो एक कैबिनेट मंत्री के समान होता है। अधीर नौसीखिया सांसद नहीं हैं। संसद में उनका अनुभव पुराना हो चुका है। वह सभी कायदे-कानून और मर्यादाओं को अच्छी तरह जानते हैं, लेकिन उनकी जुबान फिसलती है, तो वह देश के प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को घुसपैठिया बोल देते हैं। स्वामी विवेकानंद का बचपन में नाम नरेंद्र देव था। उनके किसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम आ जाता है, तो अधीर तुलना करते हैं-कहां मां गंगा और कहां गंदी नाली ऐसे कई उदाहरण हैं कि अधीर की जुबान फिसली है अथवा वह बंगाली हूं, हिंदी अच्छी नहीं की आड़ में छिपते रहे हैं। देश ने उनके अमर्यादित और अभद्र शब्दों को सहन किया है, बल्कि नजरअंदाज किया है, लेकिन वह सार्वजनिक तौर पर देश की आदिवासी महिला राष्ट्रपति को राष्ट्रपत्नी कहें और टोकने के बावजूद उसी शब्द को दोहराते रहें, तो इसे जुबान की फिसलन अथवा हिंदी ज्ञान की कमी नहीं मान सकते। अधीर रंजन विजय चौक पर कांग्रेस सांसदों के साथ धरने पर बैठे थे। एक टीवी रिपोर्टर ने जानना चाहा कि क्या सांसद आज राष्ट्रपति से मिलने जाएंगे? सवाल पर अधीर रंजन ने दो बार राष्ट्रपत्नी शब्द कहा और फिर बोले-हिंदुस्तान की राष्ट्रपत्नी जी सबके लिए हैं, हमारे लिए क्यों नहीं हैं? हम अपने संसदीय कवरेज के अनुभव के आधार पर दावा कर सकते हैं कि अधीर ने जानबूझ कर अथवा तंज कसते हुए राष्ट्रपत्नी शब्द का इस्तेमाल किया था।

यह उनका पुरुषवादी और कांग्रेसी अहंकार भी हो सकता है, क्योंकि राष्ट्रपति चुनाव के दौरान कांग्रेस नेताओं ने द्रौपदी मुर्मू के लिए कठपुतली, राक्षसी मनोवृत्ति की प्रतीक और जहरीली मानसिकता की प्रतिनिधि सरीखे आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। अधीर इतने भोले और मासूम नहीं हैं कि पति और पत्नी शब्दों का फर्क न जानते हों! कुछ भी हो, महामहिम राष्ट्रपति का अपमान अस्वीकार्य होना चाहिए, क्योंकि यह किसी की निजी प्रतिष्ठा और गरिमा का सवाल नहीं है, यह देश का वैश्विक अपमान भी है। अधीर रंजन ने चूक या गलत तो कबूल की है, लेकिन यह भी कहा है कि वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिल कर माफी मांगेंगे, लेकिन पाखंडियों से माफी नहीं मांगेंगे। उन्होंने भाजपा नेताओं के लिए पाखंडी शब्द कहा है। क्या यह भी कोई फिसलन है? इस मुद्दे पर भाजपा की महिला सांसदों, खासकर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, का बेहद आक्रामक होना हमें उचित लगा, क्योंकि सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति की पैरोकारी और हिफाजत करना तथा हमलावर रुख अख्तियार करना तर्कसंगत है। महिला सांसदों ने इस आपत्तिजनक शब्द के लिए देश से, गरीबों से, आदिवासियों से और औरतों से माफी मांगने का लगातार आग्रह किया। स्मृति ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी लपेटते हुए जिम्मेदार माना और माफी मांगने को कहा।

सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद लोकसभा में ही सोनिया-स्मृति के बीच जो नोंकझोंक हुई, वह अभूतपूर्व और अप्रत्याशित थी। उस दृश्य को हम शब्दशः दोहराना नहीं चाहते, लेकिन राजनीति की यह सोच और मानसिकता हमारे लोकतंत्र के लिए बेहतर नहीं है। हमारा मानना है कि भाजपा संसदीय दल के महिला प्रतिनिधियों को स्पीकर से मिलकर आग्रह करना चाहिए कि अधीर रंजन को कमोबेश इस शेष सत्र के लिए निलंबित किया जाए। कांग्रेस समेत विपक्षी वैसे भी सदन में लगातार हंगामा मचा रहे हैं। भाजपा विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव भी पेश कर सकती है। इस संदर्भ में नोटिस देने की बात हुई है। यह महज एक शब्द नहीं है, अधीर रंजन ने हमारे लोकतंत्र, संविधान और गणतांत्रिक परंपराओं को भी गाली दी है, कालिख पोतने का दुस्साहस किया है, लिहाजा उन्हें दंडित तो जरूर किया जाना चाहिए। इस तरह के मसले उछलने के कारण देशहित के मसलों पर चर्चा नहीं हो पाती है। यह सत्ता पक्ष तथा विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि देशहित के मसलों पर चर्चा जरूर हो। सदन में चर्चा के लिए आवश्यक माहौल तैयार किया जाना चाहिए। अनावश्यक मसले उछलने से सदन का बहुमूल्य समय नष्ट होता है। इससे अंततः देश तथा आम लोगों को ही क्षति उठानी पड़ती है। बार-बार सदन में अनावश्यक बहसबाजी भारतीय लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। सत्ता पक्ष तथा विपक्ष, दोनों को परिपक्वता दिखाते हुए लोकतंत्र के हित में काम करना चाहिए।

# वैश्विक मंदी की आशंका

सिद्धार्थ शंकर

जर्मनी की अध्यक्षता में आयोजित जी-7 की बैठक में भारत को इंडोनेशिया, अर्जेंटीना, सेनेगल और दक्षिण अफ्रीका के साथ आमंत्रित किया गया था। इस सम्मेलन में अनेक मुद्दे, जैसे खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, लैंगिक समानता आदि थे। यहां तक कि लोकतंत्र भी एक मसला था। परंतु सभी के जेहन में जो चिंता सबसे ऊपर रही, वह यूक्रेन में युद्ध और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभाव था। सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जर्मनी जाने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा था कि वे विश्व नेताओं से मिलेंगे, पर उन्होंने अर्थव्यवस्था को लेकर अंतरराष्ट्रीय सोच का भी जायजा जरूर लिया होगा। भारत की स्थिति ऊर्जा स्त्रोतों के लिए आयात पर निर्भर होने के नाते अतिसंवेदनशील है। तेल की कीमतें लगातार उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। भारत तेल खरीद पर रूस द्वारा दी जा रही भारी छूट का लाभ उठाने का इच्छुक है। ऐसा करने पर जी-7 के सदस्य देश नाराज होंगे, जो रूस का संपूर्ण बहिष्कार चाहते हैं ताकि उसके ऊपर यूक्रेन से पीछे हटने के लिए आर्थिक दबाव बनाया जा सके। लेकिन जर्मनी समेत यूरोप यह अहसास कर रहे हैं कि रूस पर उनकी ऊर्जा निर्भरता कितनी अधिक है। कोयला उत्पादित ऊर्जा का विकल्प अपनाना आसान भी नहीं है और यह वांछनीय भी नहीं है। इस अजीब भू-राजनीतिक स्थिति में कुछ लोग जर्मनी की पूर्व चांसलर और सम्मानित नेता एंगेला मर्केल की समझदारी पर सवाल उठा रहे हैं, जिनके लंबे कार्यकाल में रूस से जर्मनी का ऊर्जा जुड़ाव बहुत सघन हुआ था। अब जर्मनी में गैस की आपूर्ति सीमित कर दी गयी है, जिससे मुश्किलें बढ़ रही हैं। यूक्रेन संघर्ष की वजह से ऊर्जा के अलावा खाद्य वस्तुओं के मूल्य भी बहुत अधिक हो गये हैं। मुद्रास्फीति अन्य उपभोक्ता वस्तुओं और निमार्ताओं की लागत को भी प्रभावित कर रही है। मुद्रास्फीति का एक अतिरिक्त कारण चीन के लॉकडाउन भी हैं। जीरो-कोविड नीति के तहत लगी कड़ी पाबंदियों की वजह से चीनी बंदरगाहों पर पश्चिम में आपूर्ति करनेवाले जहाजों का अंबार लग गया। इसका नतीजा यह हुआ कि पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति और सामानों की कमी के लिए अलग-अलग कारणों से चीन और रूस को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। दोनों देशों के राष्ट्रपतियों को जी-7 में आमंत्रित नहीं किया गया। समूह की बैठक ने रूस और चीन के रवैये के बरक्स सभी लोकतंत्रों के एकजुट होने का संदेश देने का भी प्रयास किया है। लेकिन यह आसान नहीं है। भारत रूस से सस्ती दरों पर तेल आयात की आजादी चाहता है और वह किसी बहिष्कार में शामिल नहीं होगा। रूस कई दशकों से सैन्य साजो-सामान और तकनीक की आपूर्ति में भरोसेमंद सहयोगी रहा है। गलवान घाटी में हुई झड़प और मौतों के बाद सीमा विवाद के समाधान के लिए चीन से भी भारत की लगातार उच्चस्तरीय बातचीत का सिलसिला (अब तक 15 ऐसी बैठकें हो चुकी हैं) चल रहा है। भारत में चीन के आयात में बढ़ोतरी के साथ लगातार द्विपक्षीय व्यापार के मजबूती से बढे के आसार हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। विश्व बैंक ने इस वर्ष वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 4।1 प्रतिशत से घटाकर 2।9 प्रतिशत कर दिया है। इस कमी का अर्थ यह है कि आमदनी में लाखों करोड़ों डॉलर की कमी आयेगी। अमेरिका और यूरोप के मंदी की स्थिति में जाने की आशंका है यानी लगातार दो तिमाहियों में सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में गिरावट आयेगी। बीते छह माह में विदेशी निवेशकों ने भारत से 40 अरब डॉलर निकाल लिया है। ऐसे में अचरज की बात नहीं कि शेयर बाजार में गिरावट आ गयी है। जोर-शोर से जारी हुए जीवन बीमा निगम के शेयरों के दाम घटे हैं और इसके बाजार मूल्य में करीब 1।2 लाख करोड़ रुपये की कमी आयी है। इसका मुख्य कारण विदेशी निवेशकों का रुख है। घरेलू खुदरा निवेशक भी भागीदारी घटा रहे हैं।

# प्रकृति संरक्षण : हमारे समाधान प्रकृति में हैं

**विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस हर साल 28 जुलाई को मनाया जाता है ताकि यह पहचाना जा सके कि एक स्वस्थ पर्यावरण एक स्थिर और उत्पादक समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नींव है। प्रजातियां ऊर्जा भंडारण और उपयोग करती हैं, कार्बनिक पदार्थों का उत्पादन और विघटन करती हैं, पूरे पारिस्थितिकी तंत्र में पानी और पोषक तत्वों के चक्र का हिस्सा हैं, वातावरण में गैसों को ठीक करती हैं और जलवायु को विनियमित करने में भी मदद करती हैं। इस प्रकार, वे मिट्टी के निर्माण, प्रदूषण को कम करने, भूमि, जल और वायु संसाधनों की सुरक्षा में मदद करते हैं। जैव विविधता के ये कार्य पारिस्थितिक तंत्र के कार्यों और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। विभिन्न पौधे, जानवर और सूक्ष्मजीव जो जैव विविधता का निर्माण करते हैं, हमें अनाज, मछली आदि जैसे खाद्य पदार्थ प्रदान करते हैं, हमारे कपड़ों के लिए फाइबर जैसे कपास, ऊन आदि, जीवित रहने के लिए ईंधन लकड़ी के साथ-साथ नीम जैसे दवा उत्पाद भी प्रदान करते हैं।**





**सत्यवान सौरभ**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

प्रकृति में कई प्रकार की प्रजातियां एक पारिस्थितिकी तंत्र में कार्य करती हैं। प्रत्येक जीव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ-साथ पर्यावरण के विभिन्न अन्य जीवों के लिए भी कुछ उपयोगी योगदान देता है। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस हर साल 28 जुलाई को मनाया जाता है ताकि यह पहचाना जा सके कि एक स्वस्थ पर्यावरण एक स्थिर और उत्पादक समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक नींव है।

प्रजातियां ऊर्जा भंडारण और उपयोग करती हैं, कार्बनिक पदार्थों का उत्पादन और विघटन करती हैं, पूरे पारिस्थितिकी तंत्र में पानी और पोषक तत्वों के चक्र का हिस्सा हैं, वातावरण में गैसों को ठीक करती हैं और जलवायु को विनियमित करने में भी मदद करती हैं। इस प्रकार, वे मिट्टी के निर्माण, प्रदूषण को कम करने, भूमि, जल और वायु संसाधनों की सुरक्षा में मदद करते हैं। जैव विविधता के ये कार्य पारिस्थितिक तंत्र के कार्यों और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

विभिन्न पौधे, जानवर और सूक्ष्मजीव जो जैव विविधता का निर्माण करते हैं, हमें अनाज, मछली आदि जैसे खाद्य पदार्थ प्रदान करते हैं, हमारे कपड़ों के लिए फाइबर जैसे कपास, ऊन आदि, जीवित रहने के लिए ईंधन लकड़ी के साथ-साथ नीम जैसे दवा उत्पाद भी प्रदान करते हैं। जैव विविधता स्थानीय और साथ ही वैश्विक जलवायु को नियंत्रित करती है, ऑक्सीजन, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों के वैश्विक स्तर का प्रबंधन करती है, मीठे पानी की गुणवत्ता बनाए रखती है, कार्बन सिंक आदि के रूप में कार्य करके कार्बन को अवशोषित करती है। इस प्रकार जैव विविधता जीवन और जीवन को नियंत्रित करती है।

जैव विविधता परागण, पोषक तत्वों के चक्रण के साथ-साथ पुनर्चक्रण, ग्रीनहाउस गैस को कम करने में मदद करती है। जैव विविधता हमें सौंदर्य सुख प्रदान करती है। समृद्ध जैविक विविधता पर्यटन को प्रोत्साहित करती है। कई समुदायों और संस्कृतियों ने जैविक रूप से विविध वातावरण द्वारा प्रदान किए गए परिवेश और संसाधनों के साथ सह-विकसित किया है। इसलिए, यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक भूमिका भी निभाता है। जैव विविधता द्वारा प्रदान की जाने वाली महत्वपूर्ण सेवाएं हैं: मनोरंजन और विश्राम, पर्यटन विशेष रूप से पारिस्थितिकी पर्यटन, कला, डिजाइन और प्रेरणा आध्यात्मिक अनुभव।

जैव विविधता खाद्य जाल को बनाए रखने में मदद करती है। इसलिए, प्रत्येक प्रजाति के जीवित रहने की संभावना अधिक होती है। इसके परिणामस्वरूप अधिक स्थिर खाद्य श्रृंखलाएं और खाद्य जाले बनते हैं। जैव विविधता वैज्ञानिक अनुसंधान, शिक्षा और निगरानी में मदद करती है। जैव विविधता, इस प्रकार, जीवन के कामकाज और भूमिका को समझने में मदद करती है जो प्रत्येक प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र को बनाए रखने में निभाती है जिसमें हम मनुष्य भी एक हिस्सा हैं।

विशेष रूप से, प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र का फसल भूमि में परिवर्तन, रेल और सड़क मार्ग जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का विकास, शहरीकरण और खनन गतिविधियों में वृद्धि से जीवों के निवास स्थान का नुकसान और विखंडन भूमि उपयोग के परिवर्तन के माध्यम से हुआ है। लिविंग प्लैनेट की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 40 वर्षों में लगभग 50% उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय वन और 45% समशीतोष्ण घास के मैदानों को मानव उपयोग के लिए परिवर्तित कर दिया गया है। कुछ नुकसान के अलावा, प्रदूषण से कई आवासों का क्षरण भी कई प्रजातियों के अस्तित्व को खतरे में डालता है।

अधिक शिकार या प्रजातियों का अवैध शिकार, पौधों के उत्पादों की अधिकता और अधिक कटाई से जैव विविधता में तेजी से गिरावट आ सकती है। मानव के बदलते उपभोग पैटर्न को अक्सर प्राकृतिक संसाधनों के इस सतत दोहन के प्रमुख कारण के रूप में उद्धृत किया जाता है। कई प्रजातियां जो पिछली 5 शताब्दियों में विलुप्त हो गई, जैसे स्टेलर की समुद्री गाय, यात्री कबूतर, मनुष्यों द्वारा अति-शोषण के अधीन थीं। इसी तरह प्लास्टिक प्रदूषण से जानवरों की मौत होती है। साथ ही, उद्योगों और वाहनों से वायु प्रदूषण के कारण शहरी क्षेत्रों में कई पक्षी प्रजातियों की मृत्यु हुई है।

वन्य जीवन, पौधे और पशु संसाधनों और क्षेत्र में रहने वाले आदिवासियों के पारंपरिक जीवन के संरक्षण के लिए संरक्षित भूमि के बड़े क्षेत्र राष्ट्रीय उद्यान व वन्य जीव अभ्यारण्य हो सकते हैं। भारत के आदिवासियों ने वनों की जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आदिवासियों ने पवित्र उपवनों में वनस्पतियों और जीवों का संरक्षण किया है। अन्यथा, ये वनस्पति और जीव प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र से गायब हो गए होते। सरकार को क्षेत्र में अपनी एजेंसियों और इन वनों पर निर्भर लोगों के बीच विश्वास पैदा करने का प्रयास करना चाहिए, उन्हें देश में हर किसी की तरह समान नागरिक माना जाना चाहिए।

आज की वैश्वीकृत दुनिया में वन्य जीवन और प्रकृति के संरक्षण ने अधिक महत्व ग्रहण कर लिया है। दूसरों के जीवन की देखभाल और प्रकृति के लिए सहानुभूति हमें मानसिक रूप से हमारी प्रकृति के साथ जोड़ सकती है जो हमें उपभोग के लालच से छुटकारा दिला सकती है जिसने हमारे पर्यावरण को नष्ट कर दिया है। विकसित राष्ट्र इस बात से अवगत हैं कि उनका विकास प्रकृति या अन्य विकासशील देशों की कीमत पर नहीं हो सकता है। संरक्षण पर सार्वजनिक करुणा को बढ़ावा देने से इन प्रयासों में मजबूत तालमेल हो सकता है। पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों में हवा, पानी, मिट्टी, खनिज, ईंधन, पौधे और जानवर शामिल हैं। इन संसाधनों की देखभाल करना और इनका सीमित उपयोग करना ही प्रकृति का संरक्षण है ताकि सभी जीवित चीजें भविष्य में उनके द्वारा लाभान्वित हो सकें। प्राकृतिक, संसाधन और पर्यावरण हमारे जीवन और अस्तित्व का आधार हैं। प्रकृति है तो जीवन है, जीवन है तो मानव है, मानव है तो मानवता है। प्रकृति संरक्षण सबसे बड़ा पुण्य का काम है। हम बड़े भाग्यशाली हैं कि हमारा संबंध ब्रह्मांड के उस सबसे अनोखे ग्रह से है जिस पर जीवन है। लेकिन हमारी जीवनशैली के कारण केवल मानव ही नहीं बल्कि सभी जीवों के अस्तित्व पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। हम ये भी कह सकते हैं कि हमारे इस सबसे अनोखे ग्रह पर जीवन के अस्तित्व का खतरा पैदा हो गया। विश्व प्रकृति दिवस पर आइये हम मिलकर संकल्प लें कि प्रकृति संरक्षण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। लेकिन ये कानून की बाध्यता से संभव नहीं है ये हमारे और आपके सामूहिक प्रयास से ही संभव हो सकेगा।

# 31 जुलाई तीज पर विशेष : प्रकृति से जुड़ाव का पर्व है श्रावणी तीज

**हरियाली के आगोश में प्रकृति इस तरह झूम उठती है मानो पृथ्वी अपनी हरी-भरी बाहें फैलाकर सबका अभिनंदन कर रही हो। श्रावण के महीने को हिंदू धर्मावलंबी भगवान शिव का महीना मान मानकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। कावड़िए देशभर में विभिन्न नदी, तालाबों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। गणगौर के बाद त्योहारों का सिलसिला रुक जाता है वह एक बार फिर श्रावण मास की तीज से प्रारंभ हो जाता है। श्रावण का महीना महिलाओं के लिए विशेष उल्लास का महीना होता है। इस महीने में आने वाले अधिकांश लोक पर्व महिलाओं द्वारा ही मनाए जाते हैं। श्रावण के महिने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज कहते हैं**





**रमेश सर्राफ धमोरा**
**लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।**

वर्षा ऋतु में श्रावण के महीने में हमारे देश में चारों तरफ पानी बरसता रहता है। इस दौरान चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आती है। हरियाली के आगोश में प्रकृति इस तरह झूम उठती है मानो पृथ्वी अपनी हरी-भरी बाहें फैलाकर सबका अभिनंदन कर रही हो। श्रावण के महीने को हिंदू धर्मावलंबी भगवान शिव का महीना मान मानकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। कावड़िए देशभर में विभिन्न नदी, तालाबों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। गणगौर के बाद त्योहारों का सिलसिला रुक जाता है वह एक बार फिर श्रावण मास की तीज से प्रारंभ हो जाता है। श्रावण का महीना महिलाओं के लिए विशेष उल्लास का महीना होता है। इस महीने में आने वाले अधिकांश लोक पर्व महिलाओं द्वारा ही मनाए जाते हैं।

श्रावण के महिने में चारों ओर हरियाली की चादर सी बिखर जाती है। जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन का महिना एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के मध्य में आता है तीज का त्यौहार। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज कहते हैं। उत्तर भारत में यह हरियाली तीज के नाम से भी जानी जाती है। सावन के महीने में सिंजारा, तीज, नागपंचमी एवं सावन के सोमवार जैसे लोकपर्व उत्साह पूर्वक मनाए जाते हैं। श्रावण के महीने में मनायी जानेवाली हरियाली तीज आस्था, प्रेम, सौंदर्य व उमंग का त्यौहार है। तीज को मुख्यतः महिलाओं का त्यौहार माना जाता है। यह पर्व महिलाओं की सांस्कृतिक मान्यताओं का प्रतीक है। सावन माह में मनाया जाने वाला हरियाली पर्व दंपतियों के वैवाहिक जीवन में समृद्धि, खुशी और तरक्की का प्रतीक है। तीज का त्यौहार भारत के कोने-कोने में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार भारत के उत्तरी क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। श्रावण का आगमन ही इस त्यौहार के आने की आहट सुनाने लगता है। समस्त सृष्टि सावन के अदभूत सौंदर्य में भिगी हुई सी नजर आती है। यह पर्व भारतीय जनमानस के अटूट विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करने का पर्व है। इस पर्व में हरियाली शब्द से ही साफ है कि इसका ताल्लुक पेड़-पौधों और पर्यावरण से है। यह त्योहार जीवन में जश्न का प्रतीक है और हरियाली तीज का पर्व प्रकृति का त्योहार हैं। इस मौके पर महिलाएं अच्छी फसल के लिए भी प्रार्थना करती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। तीज पर मेहंदी लगाने, चूडियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन खुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेंहदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वतः ही मधुर झनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछारें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं।

राजस्थान में जिन कन्याओं की सगाई हो गई होती है। उन्हें अपने होने वाले सास ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में सिंझारा कहते हैं। सिंझारा में मेंहदी, लाख की चूडियां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, घेवर नामक मिठाई जैसी कई वस्तुएं होती हैं। पीहर पक्ष द्धारा अपनी विवाहित पुत्री को भी सिंजारा भेजा जाता है। जिसे पूजा के बाद सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। राजस्थान में नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुलाने की भी परम्परा है। तीज के अवसर पर नवयुवतियां हाथों में मेंहदी रचाते हुए गीत गाती हैं। समूचा वातावरण श्रृंगार से अभिभूत हो उठता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है कि महिलाओं का हाथों पर विभिन्न प्रकार से बेलबूटे बनाकर मेंहदी रचाना। राजस्थान में हाथों व पांवों में भी विवाहिताएं मेंहदी रचाती हैं। जिसे मेंहदी मांडना कहते हैं। इस दिन राजस्थानी बालाएं दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं। जो कि उनके लोकगीतों में भी मुखरित होता है। अपने सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिये स्त्रियां यह व्रत किया करती हैं। इस दिन उपवास कर भगवान शंकर-पार्वती की बालू से मूर्ति बनाकर शोडशोपचार पूजन किया जाता है जो रात्रि भर चलता है। स्त्रियों द्धारा सुंदर वस्त्र धारण किये जाते है तथा घर को सजाया जाता है। इसके बाद मंगल गीतों से रात्रि जागरण किया जाता है। इस व्रत को करने वालि स्त्रियों को पार्वती के समान सुख प्राप्त होता है। तीज का आगमन वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही आरंभ हो जाता है। आसमान काले मेघों से आच्छादित हो जाता है और वर्षा की फोहार पड़ते ही हर वस्तु नवरूप को प्राप्त करती है। ऐसे में भारतीय लोक जीवन में हरियाली तीज या कजली तीज महोत्सव का बहुत गहरा प्रभाव देखा जा सकता है। राजस्थान के गांवों में पहले लड़किया गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलती थी। तीज के दिन से गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलना बन्द कर देती थी। इसलिये गांव की लड़किया एक साथ एकत्रित होकर अपनी पुरानी गुड्डे-गुड्डी को गांव के पास के नदी, तालाब, जोहड़ में बहा देती थी। जिसे गुड्डी बहावना कहा जाता था। आज के दौर में ये सब बीती बाते बन कर रह गयी है। राजस्थान में मान्यता है कि गणगौर के साथ ही पर्व-त्यौंहार मनाना बन्द हो जाते हैं। वो तीज के दिन से पुनः मनाये जाने लगते हैं। तीज से शुरू होने के बाद त्योंहारों का सिलसिला गणगौर तक चलता है। इसीलिये राजस्थान में एक कहावत प्रचलित है तीज त्योंहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर।

# मानसून में मजे के साथ संकट

सुदर्शन सोलंकी

मानसून एक तरफ जहां आनंद, उल्लास और खुशियों की बौछार कर हमें भिगोता है तो वहीं इस मौसम में बिजली गिरने, बादल फटने और बाढ़ आने से अत्यधिक हानि भी होती है। अचानक आने वाली इन आपदाओं से भारी नुकसान होता है। ये प्राकृतिक घटनाएं हैं, किन्तु इनको विनाशकारी हम लोगों ने ही बनाया है। यदि हम प्रकृति के प्रति सचेत, संवेदनशील, जाग्रत और उदार रहें तो इन आपदाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। चलिए समझते हैं बिजली, बादल, बारिश, बाढ़ व इनसे बचने के उपायों के बारे में। बिजली गिरना : मानसून में जब नम और शुष्क हवा के साथ बादल टकराते हैं तो बिजली चमकती है और इसके गिरने का खतरा होता है। वर्ष 1872 में वैज्ञानिक बेंजामिन फ्रेंकलिन पहले शख्स थे जिन्होंने बिजली चमकने का सही कारण बताया था। उनके मुताबिक जब आकाश में बादल छाए होते हैं तो उसमें मौजूद पानी के छोटे-छोटे कण वायु की रगड़ के कारण आवेशित हो जाते हैं। कुछ बादलों पर पाजिटिव चार्ज आ जाता है तो कुछ पर निगेटिव चार्ज। जब ये दोनों तरह के चार्ज वाले बादल मिलते हैं तो उनके मिलने से लाखों वोल्ट की बिजली पैदा होती है। केलिफोर्निया के बर्कले विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के एक अध्ययन के अनुसार ग्रीनहाउस गैसों के बढे से हुए बदलाव से बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं नासा के अध्ययन के अनुसार यदि धरती का तापमान एक डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो बिजली गिरने की लगभग 10 प्रतिशत घटनाएं बढ़ती हैं। वैश्विक स्तर पर प्रतिवर्ष बिजली गिरने की 2.5 करोड़ घटनाएं होती हैं। हमारे देश में हर साल 2000 से अधिक मौतें बिजली गिरने के कारण होती हैं। बिजली गिरने से सबसे ज्यादा मौतें उन लोगों की होती हैं जो बारिश के वक्त किसी पेड़ के नीचे खड़े रहते हैं। इस प्रक्रिया को साइड फ्लेश कहते हैं। बिजली गिरने संबंधी अलर्ट सिस्टम में सेंसर के माध्यम से ऐसे यंत्र लगाए जाते हैं जो बादलों की गतिविधियों का आकलन कर बिजली चमकने या गिरने का पूवार्नुमान आंधे घंटे पहले दे देते हैं। साथ ही एडवांस सेंसर की मदद से तीन से चार घंटे पहले भी अनुमान मिल सकते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा तरीका आधुनिक तकनीक के जरिये एप्स के माध्यम से पूवार्नुमान पाया जाना हैं, जो सैटेलाइट के डेटा के माध्यम से लगाए जाते हैं। भारत के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने दामिनी एप की सुविधा दी है, जो पूवार्नुमान लगा सकता है। आकाशीय बिजली का बनना और गिरना एक सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है। इससे बचाव के लिए हमारे देश में बिजली गिरने संबंधी अलर्ट सिस्टम को और अधिक उन्नत करने के साथ ही सूचना तंत्र में भी सुधार लाना होगा जिससे बिजली गिरने से पहले ही हम सुरक्षित हो जाएं। बारिश : जब समुद्र का जल वाष्प बनकर ऊपर उठता है और जब बादल ठंडे होते हैं तो गैसीय भाप तरल पानी में बदलने लगती है और ज्यादा ठंडक होने पर यह बर्फ में भी बदलने लगती है। वाष्प के सघन होने की प्रक्रिया को संघनन कहते हैं, लेकिन बारिश होने के लिए केवल यही काफी नहीं है। पहले तरल बूंदें जमा होती हैं और बड़ी बूंदों में बदलती हैं। जब ये बूंदें भारी हो जाती हैं तब कहीं जाकर बारिश होती है। पानी के आसमान से नीचे आने की प्रक्रिया को वर्षण कहते हैं। वर्षण कई तरह से होते हैं। यह बारिश, ओले गिरना, हिमपात आदि के रूप में हो सकता है। जब पानी तरल रूप में न गिरकर ठोस रूप में गिरता है तो उसे हिमपात कहते हैं। वहीं बारिश के साथ बर्फ के टुकड़े गिरना ओलों का गिरना कहलाता है। इसके अलावा कई जगह सर्दियों में पानी की छोटी-छोटी बूंदें भी गिरती हैं जिन्हें हम ओस कहते हैं। बारिश होने के कई सिस्टम : पृथ्वी पर बहुत सारी प्रक्रियाएं हैं जिनके कारण किसी स्थान पर बारिश होती है। भारत में सबसे जानी-मानी प्रक्रिया है मानसून की प्रक्रिया जिसकी वजह से एक ही इलाके में एक से तीन-चार महीने तक लगातार या रुक-रुककर बारिश होती है। वहीं कई बार बेमौसम बारिश होती है जिसे स्थानीय वर्षा कहा जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### महावीर स्थान न्यास समिति पुनर्गठित

पटना सिटी। बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के द्वारा महावीर स्थान न्यास समिति का पुनर्गठन किया गया है। इसके तहत एसडीओ पदेन अध्यक्ष, पूर्व पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा कार्यकारी अध्यक्ष, जयराम यादव उपाध्यक्ष, ओमकारनाथ महासचिव, संजीव यादव सचिव, उमेश यादव कोषाध्यक्ष के अलावा 11 सदस्य कार्यसमिति के सदस्य बनाए गए हैं। समिति की अधिसूचना ज्ञापांक 4367 के द्वारा न्यास परिषद के अध्यक्ष अखिलेश कुमार जैन के हस्ताक्षर से जारी किया गया है। समिति के सदस्यों का शिष्टमंडल अध्यक्ष सह सिटी एसडीओ से कार्यालय में मिलकर उन्हें इस अधिसूचना से अवगत कराया। साथ ही न्यास समिति के चल एवं अचल संपत्ति के संरक्षण का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महावीर मंदिर को हर तरह से संरक्षण प्रदान किया जाएगा तथा मंदिर परिसर के अंदर एवं बाहर में जो भी अतिक्रमण है, उसे मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने मंदिर परिसर में शादी या अन्य मांगलिक कार्यों पर उपयोग में आने वाले पौधारोपण की जरूरत पर भी बल दिया। साथ ही जल्द ही मंदिर परिसर तथा इससे जुड़े अचल संपत्तियों का निरीक्षण कर शीघ्र अतिक्रमण और अवैध कब्जा से मुक्ति दिलाने का समिति को आश्वासन दिया है। शिष्टमंडल का नेतृत्व कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश कुमार सिन्हा ने किया।

### हथियार के साथ आलमगंज ने दो व अगमकुआं ने एक को दबोचा

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता
आलमगंज थाना की पुलिस ने डंका इमली से पिस्तौल के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि डंका इमली मुहल्ला के पास से इसी मुहल्ला निवासी रियाज आलम उर्फ बिट्टू और बहादुरपुर थाना के संदलपुर बाजार समिति का रहने वाला सुमित कुमार उर्फ गौरव को गिरफ्तार किया गया है। दोनों अपराध की योजना को अंजाम देने को जुटे थे कि गश्ती के दौरान दोनों पर पुलिस की नजर पड़ते ही भागने की कोशिश किया, मगर दोनों को दबोच लिया गया। गिरफ्तार दोनों के पास से एक पिस्टल व दो मैगजीन मिला है। पुलिस पकड़े गये बदमाशों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। इधर अगमकुआं थाना की पुलिस ने टीवी टावर झोपड़पट्टी के पास से एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि अजय पासवान उर्फ पंडित को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास एक देसी कट्टा और दो गोली बरामद किया है।

# तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष के पहुंचते गतिविधियां तेज

## जत्थेदार गए कोलकाता, आज लौटेंगे, रात में हुई मंत्रणा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित अपराहन पांच बजे तख्तश्री परिसर में पहुंच गए। उनकी अगवानी कमेटी के सदस्य गुरुबिंदर सिंह एवं प्रबंधन से जुड़े लोगों ने किया। उनके साथ मीडिया प्रभारी सुदीप सिंह भी आए हैं। दूसरी ओर जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन अचानक दिल्ली प्रस्थान कर गए। उनके रविवार सुबह पटना साहिब लौटना है। ऐसे में जत्थेदार साहिब की गैरमौजूदगी में उनसे कोई बात नहीं हो पाई। रात में अध्यक्ष श्री हित ने वरीय उपाध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, लखबिंदर सिंह और सदस्य गुरुबिंदर सिंह से मंत्रणा की और सारी स्थितियों पर चर्चा की। दरअसल सबसे बड़ा विवाद गुरुप्रेमी जालंधर के करतारपुर के रहने वाले डॉ गुरुबिंदर सिंह सामरा के द्वारा करोड़ों का दिया गया दान को लेकर उत्पन्न हुआ है।

फिलहाल दान की गई तीन सामान की जांच स्वर्णकार के यहां कराया गया है। इसमें श्री साहिब और पीढ़ी साहिब में जितना सोना और चांदी बचाया गया था, उस अनुसार नहीं है। अन्य सामान की जांच कराए जाने की बात भी कही जा रही है। दूसरी ओर इस मामले का खुलासा जांच समिति के नेतृत्वकर्ता और तख्तश्री कमेटी के सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, सदस्य राजा सिंह और हरपाल सिंह जौहल की मौजूदगी में उजागर किए जाने के बाद एक धड़ा लगातार अध्यक्ष अवतार सिंह हित, महासचिव इंद्रजीत सिंह और जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह के प्रति विरोध जता रहा है और उनके बारे में सोशल मीडिया में अनेक तरह की बातें लिखी जा रही हैं। वही दूसरा मामला कमेटी के कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह के द्वारा धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन के नाम और पदनाम का गलत ढंग से इस्तेमाल किए जाने को लेकर है। अध्यक्ष के अनुसार फिलहाल स्कूल की कमेटी ही काम कर रही है, बाकी अन्य समितियों को विघटित कर दिया गया है और उन सबों को अब नए सिरे से पुनर्गठित किया जाएगा। इस बीच धर्म प्रचार के नाम पर कमेटी के कार्यालय के लेखापाल से राशि उठाए जाने को लेकर भी विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय संगतों का कहना है कि जब लखबिंदर सिंह धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन है ही नहीं, तो किस हैसियत से उन्होंने धर्म प्रचार के नाम पर राशि का उठाव कर खर्च किया। यही नहीं लखबिंदर के द्वारा गलत ढंग से की गई दैनिक वेतनभोगी के रूप में बहाली को भी अध्यक्ष के संज्ञान में आने के बाद उसे रद्द कर दिया गया है। इन सारी बातों पर रात में अध्यक्ष के साथ चर्चा हुई है। वहीं इस पूरे मामले में दानकर्ता डॉ गुरुबिंदर सिंह सामरा ने कहा कि उन्होंने अपना एक ही वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने अपनी बात रखने का काम किया है। उन्होंने फिलहाल कोई दूसरा वीडियो जारी करने की बात से इनकार किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह अब भी छह अगस्त को पटना साहिब में मीडिया की मौजूदगी में देश-विदेश के लोगों को सही बात से अवगत कराने का काम करेंगे, ताकि कोई भी संगत अब सोच-समझ कर गुरु घर में किसी भी मूल्यवान वस्तु को दान कर सके। हालांकि पटना में भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न मंच और मोर्चा की हो रही कार्यसमिति की बैठक और तख्तश्री हरमंदिर जी पटना साहिब के पास अवस्थित कंगन घाट के पास भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा रविवार को मन की बात सुना जाना है। ऐसे में कमेटी के कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह और सदस्य गुरुबिंदर सिंह भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों से लेकर बिहार के भाजपा कोटे के मंत्री और पार्टी के कद्दावर नेताओं के आव भगत में लगे हैं। इनमें जो भी तख्तश्री पटना साहिब पहुंच रहे हैं, उनकी अगवानी कर दरबार साहिब ले जाना, उन्हें गुरु घर से आशीष के रूप में सिरोपा प्रदान करवाना और लॉबी में बिठा कर उन्हें इतिहास से अवगत कराने का काम कर रहे हैं।

# आज पटना साहिब में जेपी नड्डा के स्वागत को भाजपाई व जनता तैयार

## तख्तश्री पटना साहिब में मत्था टेकने के बाद कंगन घाट में सुनेंगे पीएम के मन की बात

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को पटना साहिब आएंगे। उनके आगमन को लेकर स्वागत की भव्य तैयारी की गई है। वे पीएम के मन की बात कार्यकताओं के साथ यहीं कंगन घाट के पर्यटक भवन में सुनेंगे। इसे लेकर खाजेकलां में वरीय भाजपा नेता और क्षेत्रीय विधायक नंदकिशोर यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। पटना में ही जन्मे और यहां की धरा पर खेले, कूदे व पढ़े श्री नड्डा के ऐतिहासिक स्वागत की शुरूआत पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करते ही छोटी पहाड़ी से होगी। बाइपास रोड होते हुए जैसे ही उनका काफिला पटना साहिब रेलवे स्टेशन के पास रेल ओवरब्रिज पार करेगा, चौकशिकारपुर में कार्यकर्ता पुष्पों की वर्षा कर उनका अभिनंदन करेंगे।

इस क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले भाजपा के सभी मंडलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हैं। चौकशिकारपुर के बाद श्री नड्डा 9.15 बजे भगत सिंह चौक व 9.20 बजे कचौड़ी गली मोड़ पर पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया जाएगा। तख्तश्री हरिमंदिर साहिब में मत्था टेकने के बाद श्री नड्डा कंगन घाट स्थित पर्यटन भवन में आमजनों के साथ पीएम के मन की बात सुनेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर सिटीवासियों में भारी उत्साह है।

**क्या है व्यवस्था:** कंगन घाट के पर्यटक भवन में करब तीन सौ लोगों के बैठने की व्यवस्था है। आगे में तीन सिंगल सोफा, इसके पीछे एक साथ तीन लोगों के बैठने का 12 सोफा और फिर पीछे में कुर्सी लगाया गया है। साथ ही गर्मी से निजात को टावर एसी लगाया गया है। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास चार टन का और बाकी दो टन का एसी टावर लगा है। यहां की व्यवस्था की कमान प्रदीप काश व अमित कानोडिया के साथ इंद्रजीत सिंह बग्गा तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

# प्रीपेड मीटर लगाना बंद हो व खाद्य पदार्थ पर जीएसटी वापस हो

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




जन संघर्ष मोर्चा का पांच सूत्री मांग प्रीपेड विद्युत मीटर उपभोक्ता के घरों में जबरदस्ती लगाना बंद हो, अन्य राज्यों की तरह बिहार सरकार भी 300 यूनिट विद्युत उपभोक्ता को निःशुल्क दे या 25 प्रतिशत विद्युत दर में कमी करें, सैदपुर- पहाड़ी नाला को पाट कर सड़क का निर्माण कराने, कामर्शियल कचरा व पानी टैक्स को कम करने और खाद्य वस्तुओं पर जीएसटी लगाने के आदेश को केंद्र सरकार से वापस लेने की मांग को लेकर एकदिवसीय तिरंगा सत्याग्रह आयोजन किया गया। शनिवार को गायघाट गांधी सेतु के नीचे अशोक राजपथ पर आयोजित तिरंगा सत्याग्रह की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व निगम पार्षद प्रदीप मेहता ने अपने कहा कि प्रीपेड विद्युत मीटर जनविरोधी, महिला, गरीब व किसान विरोधी और साथ-साथ अनेकों त्रुटि है। बिहार विद्युत पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी इसे हर हाल में जबरदस्ती लगाना बंद करे। श्री मेहता ने सत्याग्रह के माध्यम से कहा कि अमृत महोत्सव पर प्रधानमंत्री ने बिजली महोत्सव के समापन समारोह के मौके पर देश के 106 और बिहार के पांच जिलों के प्रीपेड मीटर के गरीब उपभोक्ताओं से या साधारण परिवार के लोगों से इसके संबंध में अगर सही जानकारी लिए होंगे, तो निश्चित रूप से सबों ने इस संबंध में अनेक प्रकार का त्रुटियों का जिक्र किया होगा। लेकिन अगर आपने अपने अंधभक्त से बात किए होंगे। श्री मेहता ने प्रधानमंत्री से मांग किया कि बिहार में प्रीपेड विद्युत मीटर लगवाना बंद कराएं और खाद्य पदार्थ पर से जीएसटी वापस लेने का आदेश दें। संचालन राजद नेता मो जावेद ने किया। इसमें समाजसेवियों और बुद्धिजीवी लगभग पांच घंटा सत्याग्रह पर लगातार बैठे रहे। सत्याग्रह में विद्युत उपभोक्ता महासंघ के संरक्षक राम भजन सिंह यादव, डॉ एकबाल अहमद, पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, देवरतन प्रसाद, रजनीश कुमार राय, उमेश पंडित, विनोद अवस्थी, फिरोज हसन, अखिलेश कुमार, आप के बबलू प्रकाश, राजेश सिन्हा, जाफीर अहमद, राजा बाबू, अजीत सिंह कुशवाहा, साबिर अली, मो कैसर, रविंद्र कुमार सिन्हा, सत्येंद्र शर्मा, राजेश रजक, उमाशंकर कुशवाहा, संजय रजक, छोटू राम, जितेंद्र कुमार, अरुण स्वर्णकार, मुन्ना खान, अमोद कुमार, धीरेंद्र चौधरी, मुकेश सिन्हा, प्रतिमा कुमारी, संगीता यादव, रुबी शर्मा, विमला देवी, रामेश्वर सिंह, नैयर कमाल, मोईन अंसारी, मो मोनू, बबलू राम, बिट्टू चौधरी, रंजीत गुप्ता, अशोक पाल, भोला पासवान, प्रेम कुमार, रतन यादव, सुजीत कसेरा, मो सलीम, श्याम किशोर सिंह, गौरी देवी आदि सत्याग्रह पर बैठे।

### भारी बारिश हुई तो काफिला गुजरना मुश्किल

**पटना सिटी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के तख्तश्री पटना साहिब और कंगन घाट पहुंचने का रूट एनएच 30 से गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ, गुरु गोविंद पथ, शहीद भगत सिंह चौक होते हुए आयोजन स्थल तक जाना है। ऐसे में यदि सुबह 8.30 से पूर्वाह्न 11 बजे के बीच भारी बारिश हुई, तो गुरु गोविंद पथ में आरपीएम कॉलेज मोड़ से लेकर मंगल तालाब स्लम एरिया के मोड़ के बीच खासा जलजमाव हो जाता है। ऐसे में श्री नड्डा के काफिला को गुजरने में खासा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कारण कि यहां पानी दो से ढाई फीट तक रोड पर जमा हो जाता है। यदि नगर निगम तत्परता के साथ यहां मोटर लगाकर पानी निकासी की व्यवस्था करे, तो शायद स्थिति बदल सकती है। वैसे शनिवार को अपराह्न में हुई बारिश ने चिंता की लकीरें खींच दी हैं। हालांकि इस संबंध में सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी उत्तम कुमार ने कहा कि जिस रूट से श्री वीवीआईपी को गुजरना है, उस रूट में सफाई से लेकर चुनाव तक की खासी व्यवस्था की गई है। अतिक्रमण को हटाया गया है। साथ ही यदि बारिश होती है, तो अतिरिक्त मोटर पंप लगाकर पानी को खींचकर मंगल तालाब की ओर या बड़े नाला में उलीचवाने का काम किया जाएगा।

# जिस रास्ते आएंगे नड्डा हुआ रंग-रोगन, हटा अतिक्रमण

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा के रविवार को सुबह तख्तश्री हरमंदिर जी पटना साहिब और कंगन घाट स्थित पर्यटक भवन में जिस रूट से आना है, उस रास्ते को चकाचक किया गया है। आरोबी के दोनों छोर को रंगा गया है, जबकि अन्य फ्लैंक को छोड़ दिया गया है। इसी तरह से उनके गुजरने वाले काफिले के रूट में नमामि गंगे सीवरेज पाइप लाइन को बिछाने को किए गए गड्ढा के बाद उबड़-खाबड़ व टिल्लानुमा रोड को व्यवस्थित कर पैबंद लगाने का काम किया गया है, जबकि चौक से लेकर महावीर घाट के मोड़ के बीच, सुदर्शन पथ, शेरशाह रोड, चमडोरिया मोड़ से दीदारगंज के बीच खाजेकलां घाट रोड को छोड़ दिया गया है। यही नहीं, गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ से लेकर गुरु गोविंद सिंह पथ, चौक सब्जी बाजार से लेकर आयोजन स्थल के बीच फुटपाथ की



दुकानों को हटा दिया गया है। ठेला व खोमचे वालों को भी सड़क किनारे नहीं लगाने दिया गया है। लगातार पुलिस की गाड़ियां गश्त कर रहे हैं। वहीं नगर निगम के सिटी अंचल के द्वारा माइकिंग और जेसीबी के द्वारा लाउडस्पीकर से प्रचार करते हुए पूरे दिन फुटपाथ से अतिक्रमण को हटाने, ठेला एवं अन्य पर सामान बेचने वालों को भी हटने की बात कही गई। पूरे दिन दो वाहनों का इंधन जलता रहा। वहीं दूसरी ओर शहीद भगत सिंह चौक से लेकर पश्चिम दरवाजा के बीच फुटपाथ पर कायम अतिक्रमण और यातायात जाम से लोग बेहाल दिखे।

### निकला आगाज-ए-गम का जुलूस

**पटना सिटी।** मुहर्रम को लेकर शिया समुदाय की ओर से चोआ लाल लेन स्थित जिन्दाने शाम आगाज-ए-गम का जुलूस निकाला गया। चांद दिखने जे बाद रविवार से मुहर्रम की पहली तारीख शुरू होगी। दीगते अजा, दस्ते सज्जादिया अगाजे गम का जुलूस निकाला गया। यह चोवा लाल लेन से निकला और मोगलपुरा दोरुखी होते हुए नौढाल इमामबाड़ा तक आकर समाप्त हुआ। उसमें अंजुमने दस्ते अंजुमने पंजतनी, अंजुमने अब्बासिया के द्वारा नौहाखानी और सीनाजनी की गई। इसमें लोग अलम लेकर चल रहे थे। इसमें दरगाह ए बाबुल हवायज, चमडोरिया इमामबाड़ा के अध्यक्ष सैयद सलमान हुसैन, सचिव शाह जौहर इमाम जौनी, सैयद सरवर इमाम, तनवरूल हसन तन्नू, डॉ सिकंदर अली खां, शाह इरफान इमाम समेत अन्य जायरीन शामिल थे। सचिव ने बताया कि इसी के साथ दो माह 40 दिन का शोक का पर्व शुरू हो गया।

# मस्तिष्क व स्पाइनल घातक बीमारी, समय से कराएं इलाज

## जल्ला हनुमान परिसर में लगाया हेल्थ कैम्प

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार राज्य पंचायत परिषद के तत्वावधान में जल्लावाले हनुमान मंदिर परिसर में स्वास्थ शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन मर्ची पंचायत के मुखिया परिमल कुमार रय उर्फ नागेश्वर सिंह ने किया। मौके पर मर्ची पंचायत के उपमुखिया मनीष कुमार सिंह, सिसरो अस्पताल के प्रमुख डॉ महेश कुमार, रमेश गुप्ता, मिथलेश कुमार जायसवाल, रमन केडिया, पवन झुनझुनवाला, उज्जवल कांत, संजीव यादव आदि मौजूद रहे। वहीं जल्ला हनुमान मंदिर, जल्ला विकास समिति के उपाध्यक्ष एवं मर्ची पंचायत के मुखिया परिमल कुमार ने बताया कि जल्ला हनुमान मंदिर प्रांगण में



मस्तिष्क, हड्डी, स्पाइनल सहित अनेक रोगों के चिकित्सक पहुंचे। इस कैम्प का मकसद जरूरतमंद का इलाज करना है। सिसरो प्रमुख डॉ महेश कुमार ने बताया कि मस्तिष्क एवं स्पाइनल रोग घातक बीमारी है। इसे नजरअंदाज न कर समय पर इलाज करे, नहीं तो पैरालाइसिस का डर है। कैम्प में मरीजों को चिकित्सकीय सलाह के अलावा ।दवा भी प्रदान किया गया।

# मंगल पांडे ने मुफ्त आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र शुभारम्भ किया

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता

शनिवार को बिहटा के राघोपुर स्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम में मुफ्त आयुर्वेद चिकित्सा केंद्र शुभारम्भ किया गया ।जिसका विधिवत उद्घाटन बिहार सरकार स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने किया ।इस मौके पर आयोजित को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह केंद्र आयुर्वेद चिकित्सा पद्धतियों का मानकीकरण कर इन्हें वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने के लिए एक बड़ी पहल है ।स्वामी सहजानंद सरस्वती बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उनके कर्मस्थल पर उनकी यादों को समेटते हुए उनके आदर्शों के अनुरूप मुफ्त आयुर्वेद केंद्र के शुभारंभ करने का मौका मिलना मेरे लिए हर्ष का विषय है।



उन्होंने कहा की आज का देश आयुर्वेदिक की ओर जा रहा है जो स्वामी जी का सपना था वह आज पूरा हो रहा है ।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आयुर्वेदिक प्रथा को लाने के लिए देश और प्रदेश में मुहिम चला रहे हैं ।जिसका असर भी दिख रहा है आश्रम में आयुर्वेदिक केंद्र का शुरूआत ।वही श्री सीताराम आश्रम ट्रस्ट के सचिव डॉ. सत्यजीत सिंह ने कहा आश्रम के जीर्णोद्धार पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि स्वामीजी के परमभक्त मेरे पिता एडवोकेट चिंताहरण सिंह थे ।उनके साथ कई बार स्वामी जी से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ था।

लेकिन उनके आकस्मिक निधन के बाद आश्रम का स्थिति काफी जर्जर हो गयी थी ।जिसे पिता जी के नाम जीर्णोद्धार करने का कार्य किया है ।उन्होंने बतलाया की स्लम इलाके के करीब 280 बच्चो को मुफ्त इंग्लिश,कम्प्यूटर, साइंस की शिक्षा दी जा रही ।मुफ्त आयर्वेद क्लिनिक का आज से शुभारम्भ किया गया है ।जो सप्ताह में दो दिन गुरुवार एवं शनिवार को प्रख्यात चिकित्सक डॉ कविता सिंह के द्वारा इलाज एवं उचित सलाह दी जाएगी ।उन्होंने कहा जल्द एक संस्कृत स्कूल,फाइन आर्ट स्कूल ,किसान परामर्श केन्द्र एवं योगा की शुरूआत की जाएगी।

वही महान अर्थशात्री डॉ नवल किशोर चौधरी,डॉ कैलाश चंद्र झा,डॉ कविता सिंह,योगेंद्र प्रसाद सिंह आदि ने इस पहल को बिहटा वासियो के लिये वरदान बताते हुए स्वास्थ मंत्री से बिहटा एयरपोर्ट एवं रेलवे स्टेशन स्वामी सहजानंद सरस्वती के नाम पर नामकरण करने की मांग किया ।इस मौके पर विनेश कुमार, गोपाल कुमार,नवीन कुमार सिंह,संजेश कुमार,गिरवेंद्र कुमार गिरी,लव कुमार,वीरू कुमार,अनिल कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# तीन दिवसीय श्री पद्मावती माता आराधना में झूमे जैन श्रद्धालु



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

लंगूर गली स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री पद्मावती माता महाअर्चना के कार्यक्रम में जैन श्रद्धालुओं ने भक्ति-आराधना की। इस पूजा में संगीतमयी मनमोहक भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

प्रवीण जैन ने बताया कि शनिवार को दोपहर एक बजे से मंदिर में माता पद्मावती भक्ति आराधना का कार्यक्रम कोलकाता से पधारे प्रतिष्ठाचार्य डॉ आनंद प्रकाश जैन शास्त्री के निर्देशन में शुरू हुआ। इसमें महामंत्र णमोकार के जाप के साथ जिनाभिषेक, पूजा, श्री पद्मावती नहावन व विधान, आह्वान एवं सहस्त्रनाम, कुमकुमार्चन, पुष्पार्चन, शांति हवन किया गया। रविवार को सुबह से शाम तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ सोलह श्रृंगार व गोद भराई की रस्म पूरी की जाएगी। सावन पर श्रद्धालुओं ने माता पद्मावती का मनमोहक दरबार सजा कर विशेष पूजा-अर्चना की।

# रक्षाबंधन पर भाई को राखी बांधने आई बहन ने भाई को दिया मुखाग्नि

दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता



**दानापुर खगौल।** शनिवार की सुबह मृतक पत्रकार विशाल कुमार सिन्हा का शव जब गाड़ीखाना स्थित जब उनके निवास पर पहुंचा तो मोहल्ले में चित्कार मच गई। चारों ओर से रोने की आवाज आ रही थी। वहीं मृतक की पिता एवं मा का रो रो के बुरा हाल था। मां होते-होते बेहोश हो जा रही थी। मृतक के पिता ने रोते हुए कह रहे थे कि बेटा पिता की अर्थी को कंधा देता है, मैं कितना बदनसीब हूं जो अपने इकलौते पुत्र के अर्थी को कंधा दे रहा हूं। मृतक पत्रकार का शव जब श्मशान घाट पहुंचा तो रक्षाबंधन के पूर्व अपने भाई को राखी बांधने आई मृतक की बहन वैशाली सिन्हा ने अपने भाई को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। मृतक की छोटी बहन वैशाली में पुलिस ने अपना फर्द बयान दर्ज करवाते हुए कहां है के जदयू नेत्री बदना सिंह ने विशाल कुमार सिन्हा को अपने प्रेम जाल में फसाकर 2 अक्टूबर 2020 को किसी एकांत जगह पर जाकर शादी कर ली थी। शादी के बाद विशाल सिन्हा इस विवाह को समाज के सामने उजागर करना चाहता था।

इस बात को लेकर दो बच्चों की मां स्वर्गीय मनोज महतो की पत्नी बंदना सिंह ने विशाल को मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना देना शुरू कर दिया था। वह कभी नहीं चाहती थी कि समाज के सामने विशाल एवं उसके रिश्ते का पता समाज को चले। घटना के 1 दिन पूर्व वंदना सिंह अपने दो भाई मिथिलेश सिंह एवं अभिषेक सिंह एवं वंदना की मां तथा बेटा वैभव सिंह के साथ गरीखाना स्थित विशाल के घर में आई थी। उस समय भी उन सभी लोगों ने विशाल सिन्हा को रास्ते से हटने का निर्देश देते हुए मानसिक प्रताड़ना दिया था। वंदना सिंह एवं उनके भाइयों ने अपना एक पिस्तौल विशाल सिन्हा को देते हुए कहा था कि अगर तुम में दम है तो तुम आत्महत्या ही कर लो। कुछ देर के बाद वंदना सिंह की बहन का बेटा कुछ वस्तु लेकर विशाल के घर आया था और मेरे भैया विशाल को आत्महत्या करने के लिए उकसा कर चला गया। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे के आसपास में उस हथियार से अपने सिर में गोली मार कर आत्महत्या कर ली। अपने हत्या के लगभग 20 मिनट पहले मृतक विशाल ने अपनी बहन वैशाली के व्हाट्सएप पर अपने मोबाइल से एक सुसाइड नोट भी भेजा था।

जिसमें अपने आत्महत्या का जिम्मेदार वंदना सिंह उनके दोनों भाई मां एवं उसके पुत्र को बताया गया है। इस संबंध में खगौल थाना प्रभारी फुलदेव चौधरी ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस अपनी कार्रवाई में जुट गई है। गौरतलब है कि शुक्रवार की सुबह खगौल के स्थानीय हिंदुस्तान दैनिक के पत्रकार ने अपने ही सर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी,इस घटना के 9 घंटे बाद पटना के आईजीआईएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी ।खगौल। शनिवार की सुबह मृतक पत्रकार विशाल कुमार सिन्हा का शव जब गाड़ीखाना स्थित जब उनके निवास पर पहुंचा तो मोहल्ले में चित्कार मच गई। चारों ओर से रोने की आवाज आ रही थी। वहीं मृतक की पिता एवं मा का रो रो के बुरा हाल था। मां होते-होते बेहोश हो जा रही थी। मृतक के पिता ने रोते हुए कह रहे थे कि बेटा पिता की अर्थी को कंधा देता है, मैं कितना बदनसीब हूं जो अपने इकलौते पुत्र के अर्थी को कंधा दे रहा हूं।

मृतक पत्रकार का शव जब श्मशान घाट पहुंचा तो रक्षाबंधन के पूर्व अपने भाई को राखी बांधने आई मृतक की बहन वैशाली सिन्हा ने अपने भाई को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। मृतक की छोटी बहन वैशाली में पुलिस ने अपना फर्द बयान दर्ज करवाते हुए कहां है के जदयू नेत्री बदना सिंह ने विशाल कुमार सिन्हा को अपने प्रेम जाल में फसाकर 2 अक्टूबर 2020 को किसी एकांत जगह पर जाकर शादी कर ली थी। शादी के बाद विशाल सिन्हा इस विवाह को समाज के सामने उजागर करना चाहता था। इस बात को लेकर दो बच्चों की मां स्वर्गीय मनोज महतो की पत्नी बंदना सिंह ने विशाल को मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना देना शुरू कर दिया था। वह कभी नहीं चाहती थी कि समाज के सामने विशाल एवं उसके रिश्ते का पता समाज को चले। घटना के 1 दिन पूर्व वंदना सिंह अपने दो भाई मिथिलेश सिंह एवं अभिषेक सिंह एवं वंदना की मां तथा बेटा वैभव सिंह के साथ गरीखाना स्थित विशाल के घर में आई थी। उस समय भी उन सभी लोगों ने विशाल सिन्हा को रास्ते से हटने का निर्देश देते हुए मानसिक प्रताड़ना दिया था। वंदना सिंह एवं उनके भाइयों ने अपना एक पिस्तौल विशाल सिन्हा को देते हुए कहा था कि अगर तुम में दम है तो तुम आत्महत्या ही कर लो।

कुछ देर के बाद वंदना सिंह की बहन का बेटा कुछ वस्तु लेकर विशाल के घर आया था और मेरे भैया विशाल को आत्महत्या करने के लिए उकसा कर चला गया। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे के आसपास में उस हथियार से अपने सिर में गोली मार कर आत्महत्या कर ली। अपने हत्या के लगभग 20 मिनट पहले मृतक विशाल ने अपनी बहन वैशाली के व्हाट्सएप पर अपने मोबाइल से एक सुसाइड नोट भी भेजा था।

जिसमें अपने आत्महत्या का जिम्मेदार वंदना सिंह उनके दोनों भाई मां एवं उसके पुत्र को बताया गया है। इस संबंध में खगौल थाना प्रभारी फुलदेव चौधरी ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस अपनी कार्रवाई में जुट गई है। गौरतलब है कि शुक्रवार की सुबह खगौल के स्थानीय हिंदुस्तान दैनिक के पत्रकार ने अपने ही सर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी,इस घटना के 9 घंटे बाद पटना के आईजीआईएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

### निकला 54 फीट कांवर यात्रा, जाएगा गरीबनाथ

**पटना सिटी।** वार्ड 62 के दुंदी बाजार व्यायामशाला परिसर से विशाल शिवधारा कांवर यात्रा शनिवार को निकाला गया। यह 54 फीट का कांवर यात्रा यहां से निकल कर शहीद भगत सिंह चौक, खाजेकलां, पश्चिम दरवाजा होते गायघाट स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर गया। वहां से वापस अपने स्थान को पहुंचा। कांवर यात्रा रविवार को शुरू होकर मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ पर जलार्पण करने को पैदल प्रस्थान करेगा।

इसमें तत्कालीन पार्षद तारा देवी, उमेश मेहता, शशिशेखर रस्तोगी, मधु मंजरी, सोनू कुशवाहा, रवि रोशन मेहता के अलावा शिव मेहता ने सभी कांवरियों का स्वागत किया। यात्रा में बैंड बाजा व लाउडस्पीकर पर बज रहे भक्ति गीत पर कांवरिया झूम रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

मुंगेर । स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार गंगटा पंचायत के भीम बांध क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में यक्ष्मा के प्रति जागरूकता एवं मलेरिया की जानकारी दी गई। शिविर में कुल 127 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उचित चिकित्सा परामर्श के साथ ही दवाइयां का वितरण किया गया। इस दौरान जिला मलेरिया इंस्पेक्टर संजय कुमार डॉ अंकित कुमार यक्ष्मा पर्यवेक्षक शिशुपाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के यक्ष्मा कोआर्डिनेटर एलटी राजेश कुमार सिंह सीलबंत कुमार सहित अन्य ने भीम बांध चोरमाहा सोनरवा में कैंप लगाकर लोगों के यक्ष्मा मलेरिया सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की।

### पेंशनर समाज की बैठक आज

मुंगेर। बिहार पेंशनर समाज जिला शाखा की बैठक 31 जुलाई को डॉ नरेश मोहन झा की अध्यक्षता में होगी इसमें संगठन पर विचार के साथ पेंशनरों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया जाएगा इसमें सभी पेंशनर समाज सदास मजूद रहेंगे ।

# 'स्वतंत्रता दिवस पर दो लाख से अधिक घरों पर फहरेगा तिरंगा'

## समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया निर्णय

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

डीएम यशपाल मीणा की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन को लेकर स्थानीय समाहरणालय सभागार में जिलास्तरीय पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत वैशाली जिले में कम से कम दो लाख घरों पर तिरंगा झंडा फहराया जाएगा। इसमें जीविका दीदी से तैयार किए गए खादी के झंडे का उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी ने डीपीएम जीविका को आवश्यक तैयारी के लिए जरूरी निदेश भी दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि हाजीपुर शहर में रामाशीष चौक से लेकर कौनहारा घाट तक मुख्य पथ के दोनों ओर स्थित सभी घरों पर तिरंगा फहराई जाएगी। इसके लिए उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद हाजीपुर को कई निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि झंडा फहराते समय प्रोटोकाल का अनुपालन जरूरी है। इस विषय में लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए इस बार स्वतंत्रता दिवस का आयोजन बिहार मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देश के आलोक में किया जाएगा।



जिलाधिकारी ने कहा कि झंडोतोलन का मुख्य कार्यक्रम स्थानीय अक्षयवट राय स्टेडियम में आयोजित होगा। समारोह में अतिविशिष्ट महानुभावों एवं चिन्हित व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए महानुभावों को ई-आमंत्रण पत्र भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर वाहन, स्टेज, पोर्डियम आदि सेनिटाईजेशन की समुचित व्यवस्था रखी जाए। इस अवसर पर मुख्य समारोह स्थल के अतिरिक्त सभी प्रमुख कार्यालयों में झंडोतोलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महादलित टोलों में पहले की तरह ही पदाधिकारीगण वहां जाकर झंडातोलन कराएंगे। मुख्य समारोह स्थल अक्षयवट राय स्टेडियम में झंडोतोलन के लिए अस्थायी मंच, प्रेस दीर्घा, वीआईपी दीर्घा बनाने का कार्य दायित्व कार्यपालक अभियंता क्षेत्र संगठन को दिया गया। स्टेडियम में बैंरीकेडिंग की व्यवस्था एवं सतह के समतलीकरण का कार्य कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल हाजीपुर को दिया गया। पूरे शहर की सफाई, सभी चौक-चौराहों की सफाई, स्टेडियम की साफ-सफाई, स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वारा के बाहर पानी का एक टैंकर लगाने तथा शहर में अवस्थित महात्मा गांधी एवं अन्य महापुरूषों की मूर्तियों की साफ-सफाई कराने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी हाजीपुर नगर परिषद को दिया गया।

**बैठक**

- पंचायतों में जीविका दीदी से तैयार किए गए खादी के झंडा का किया जाएगा उपयोग

### आठ लीटर अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**कुर्था।** पुलिस की लाख चौकसी के बाद भी शराब माफिया समानांतर चुनौती पेश कर रहे हैं शराब कारोबारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं इसी क्रम में मानिकपुर ओपी की पुलिस ने शनिवार को केमदारचक गांव में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें सफलता भी हाथ लगी छापेमारी के दौरान आठ लीटर अबैध शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया और उसके घर से शराब बनाने के उपकरण भी जब्त किए गए। इस मामले पर पूछे जाने पर ओपी अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि केमदारचक में अवैध शराब चुलाई जा रही है। जिसकी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन कर छापेमारी की गई। घरों की जांच पड़ताल में आठ लीटर चुलाई शराब की बरामदगी की गई। तथा महिला शराब कारोबारी भूखली देवी को गिरफ्तार किया गया है साथ ही उसके घर से शराब बनाने के कई उपकरण भी जब्त किए गए हैं। हालांकि मद्द निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है छापेमारी अभियान में एसआइ दीपक कुमार ,उमेश सिंह सहित अन्य पुलिस के जवान शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने अन्नपूर्णा रसोई का किया उद्घाटन

गया, प्रात : किरण संवाददाता

विश्व प्रसिद्ध अंतः सलिला फल्गु तट पर स्थित गया जी की भूमि पर अन्नपूर्णा रसोई की शुरूआत विश्व के सनातन धर्मावलंबियों की आस्था और समर्पण की भूमि गयाजी में मात्र रुपया10 में स्वादिष्ट लजीज भरपेट भोजन की शुरूआत आज से शुरू की गई है। अब गरीब एवं असहाय लोगों को भूखे पेट नहीं सोना पड़ेगा। अब उनके लिए गया जी सेवा समिति के समर्पित लोगों ने प्रतिदिन लगभग 5000 लोगों के लिए ₹10 में भरपेट भोजन की व्यवस्था की है।

बिहार की धार्मिक राजधानी गया जी में अब हर रोज हजारों गरीब और असहाय लोगों को भूखे पेट नहीं सोना पड़ेगा। आज गयाजी गया विकास समिति के दृढ़ निर्णय ने 2 जून की रोटी के साथ था भर पेट लजीज व्यंजन का स्वाद समाज के अंतिम पायदान पर जीने वाले लोगों को मिल पाएगा और यह कर दिखाया है गया जी के रहने वाले जिम्मेदार नागरिकों ने ,जिसमें अहम भूमिका निभाई है नगर के समाजसेवी



मुन्ना डालमिया और पूर्व उपमहापौर मोहन श्रीवास्तव,अनिल स्वामी,अनंत दिश अमन। इन दोनों की दृढ़ इच्छा ने गया जी विकास समिति को जन्म दिया और कारवां अच्छे लोगों की बनती चली गई। दरिद्र नारायण की क्षुधा तृप्ति के लिए गयाजी विकास समिति के समर्पित लोगों ने लजीज स्वादिष्ट व्यंजन बनाने के लिए बड़ी-बड़ी मशीनें लगाई है। इन मशीनों के माध्यम से रोटियां सब्जियां चावल और कई व्यंजन बनाए जाएंगे। हर दिन सुबह की पहली किरण के साथ गया के नई गोदाम आनंदी माई मंदिर के निकट अन्नपूर्णा रसोई की शुरूआत दरिद्र नारायण की क्षुधा तृप्ति के साथ शुरू हो गयी। हर दिन लगभग 3 से 5 हजार गरीब असहाय लोगों के लिए मात्र ₹10 के अनुदान राशि पर भरपेट रोटी दाल , सब्जी चावल के साथ स्वादिष्ट मधुर मिष्ठान गरीबों के लिए परोसे जाएंगे।

# राष्ट्रीय स्तर पर मनाया गया बिजली महोत्सव का समापन समारोह



आरा, प्रात : किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव के मद्देनजर विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 25 से 30 जुलाई 2022 तक 'उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य-पावर@2047' के तहत बिहार सहित देश भर में आयोजित बिजली महोत्सव का समापन समारोह 30 जुलाई को राष्ट्रीय स्तर पर उज्जवल दिवस के रूप में मनाया गया। भोजपुर जिलान्तर्गत आरा शहर अंतर्गत मास्टिफ ग्रांड रिसोर्ट, आरा पटना बाई पास रोड के प्रांगण में उज्ज्वल भारत उज्ज्वल भविष्य, पावर@2047 बिजली महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय सभापति, बिहार विधान परिषद अवधेश नारायण सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वर्चूअल मोड के माध्यम से बिजली क्षेत्र के विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करने के साथ स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाए, आधुनिकिकरण से जुड़ी पुनरुत्थान आधारित वितरण क्षेत्र योजना एवं नेशनल रूफटॉप सोलर पोर्टल योजना देश को समर्पित किया। इसी दौरान आजादी के इन 75 वर्षो में विद्युत के क्षेत्र में प्राप्त की गयी उपलब्धिया एवं नवी एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धिया एवं 2047 तक उक्त दोनों क्षेत्रो में किये जाने वाले कार्य का रोडमैप को दिखाने हेतु डाक्यूमेंट्री प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित माननीय सभापति, बिहार विधान परिषद, श्री अवधेश नारायण सिंह द्वारा अपने संबोधन में कहा कि माननिय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता की बदौलत आज बिहार के हर गाँव मे 22 घंटे बिजली दे रहे है। साथ ही सभी विद्युत कर्मियो को धन्यवाद दिया कि आपके कठिन परिश्रम की बदौलत आज बिहार के हर घर मे बिजली पहुँचा दी गई है। आगे बताते चले कि जिला पदाधिकारी, भोजपुर ने अपने संबोधन में सभी लोगो से अपील की लोग विद्युत के उपभोग करने के साथ समय से बिजली बिल का भुगतान करें। गाँव की बिजली काटी जाती है तो उन्हें समझना चाहिए कि वहाँ के लोगो द्वारा बिजली बिल जमा नही किया जा रहा है।

# डीजल अनुदान के आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश

गया, प्रात : किरण संवाददाता

जिला पदाधिकारी, गया के द्वारा शनिवार को *जिला कृषि टास्क फोर्स* की बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यो की समीक्षा की गयी है। इस क्रम में जिले में कम वर्षापात से उत्पन्न स्थितियों की भी जानकारी ली गयी है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि गया जिले में इस खरीफ मौसम में वर्षापात की स्थिति दयनीय है।

जून महीना के लिये सामान्य वर्षापात 140.70 मि०मी० का है जिसके विरुद्ध ,जून माह में मात्र 47.8 मि०मी० ही वर्षा हुई है। इस प्रकार जून महिने में वर्षापात में 66% की कमी हुई है। इसी प्रकार जूलाई माह में अबतक 279.9 मि०मी० वर्षा होना चाहिए था परन्तु माह जूलाई 2022 में अबतक मात्र 101.1 मि०मी० वर्षा हुई* है अर्थात जूलाई महिने में भी 64% वर्षापात कम हुआ है। अबतक इस खरीफ मौसम में 65%वर्षापात की कमी हो गयी। इसका असर फसल आच्छादन पर पड़ा है वर्ष 2021-22 में 30 जूलाई तक 40.50% धान की रोपनी हो गयी थी जबकि *इस वर्ष अभी तक मात्र 8% ही धान की रोपनी हो सकी* है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि अभी भी जिले में अधिकांष स्थानों पर धान की बिचड़े स्वस्थ हैं यदि अगले दो-चार दिनों में अच्छी बारिष हो जाती है तो धान की रोपनी बढ़ जायेगी। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि दिनांक 31.07.2022 एवं 01.08.2022 की अच्छी बारिष का पूवार्नुमान बताया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा अल्पवृष्टि को देखते हुए डीजल चालित पम्पसेट से पटवन करने वाले किसानों के लिये 60 रुपये प्रति लीटर की दर से प्रति एकड़ 600 रुपये अनुदान की स्वीकृति दी गयी है। एक किसान को धान, मक्का एवं खरीफ फसलों में तीन सिंचाई के लिये अधिकतम 1800 रुपये प्रति एकड़ अनुदान दिया जा सकेगा।

# लोजपा(रा) के प्रदेश उपाध्यक्ष ने ने सर्किट हाउस में की प्रेस वार्ता

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने हाजीपुर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस अपने राजनीतिक रसूख का लगातार गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

बीते 2 दिन पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने हाजीपुर से स्वयं को अगला एनडीए सांसद उम्मीदवार घोषित कर दिया है जबकि श्री पारस ना तो एनडीए के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हैं और ना हीं अभी तक एनडीए की बैठक में कोई इस तरह का प्रस्ताव आया है। इसलिए यह कहना कि मैं अगला एनडीए का उम्मीदवार हूं सर्वथा गठबंधन धर्म का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन है। श्री पारस आत्ममुग्धता से इतने लबरेज हैं कि पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्म भूषण स्वर्गीय राम विलास पासवान जी की प्रतिमा का अनावरण जब उनकी जयंती पर लोजपा



रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद श्री चिराग पासवान द्वारा की गई तब उस मौके पर आमंत्रण के बावजूद उपस्थित होना भी मुनासिब नहीं समझा और ना हीं उनके संसदीय क्षेत्र हाजीपुर में स्थापित दिवंगत नेता रामविलास पासवान जी के प्रतिमा पर कभी माल्यार्पण की। जबकि उनके संसदीय क्षेत्र में उनका कई बार इस दौरान लगातार आना-जाना होता रहा बावजूद उन्होंने दिवंगत नेता का निरंतरता में अपमान करते रहना अपना नैतिक धर्म समझा। गौरतलब है कि आगामी 8 अक्टूबर को दिवंगत नेता की पुण्यतिथि पर पार्टी के संस्थापक श्री चिराग पासवान ने उनके पैतृक ग्राम खगड़िया जिले के शहरबन्नी में उनकी आदमकद प्रतिमा लगाने का जब ऐलान किया है तब उनके द्वारा इस प्रतिमा की स्थापना पर भी लगातार विवादास्पद बयान दिए जा रहे हैं और उनके द्वारा भी लगाने की बात कही जा रही है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पशुपति कुमार पारस मीडिया में जिस भाई और अपने दिवंगत नेता को भगवान की संज्ञा से नवाजते नहीं थकते वहीं दूसरी ओर निरंतर उनका अपमान करने का कोई मौका नहीं चूकते जो उनके दोहरे चरित्र और कलुषित मानसिकता को दशार्ता है। इससे साबित होता है कि पशुपति कुमार पारस दोहरे चरित्र के पर्याय हैं।आगे श्री कुशवाहा ने कहा कि अगर पारस जी सही मायने में दिवंगत नेता के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा रखते हैं तो उन्हें अपने दिवंगत नेता स्वर्गीय पासवान जी की आदमकद प्रतिमा बिहार विधान सभा में राजधानी पटना और देश की राजधानी दिल्ली के किसी मुख्य चौराहे पर स्थापित कराने को लेकर सरकार से अनुशंसा कराकर उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित कराने का कार्य करना चाहिए ।

### कुर्था थाना के धमौल गांव से 3 वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**कुर्था/अरवल ।** पुलिस अधीक्षक अरवल के निर्देश पर चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत कुर्था थाना की पुलिस ने पुराने केस में फरार तीन वारंटी को धमौल गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. इस संबंध में थानाअध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि अरवल पुलिस अधीक्षक हिमांशु शंकर त्रिवेदी के निदेर्शानुसार लंबित वारंट के निष्पादन के लिए क्षेत्र में समकालीन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान छापेमारी अभियान चलाकर वारंटी धमौल गांव निवासी सुरेश पासवान,सूर्यदेव पासवान, एवं विरदा पासवान जो कि तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में अरवल भेज दिया गया. छापेमारी दल में थानाअध्यक्ष उमाशंकर सिंह के अलावा एसआई संजय सिंह,कृष्णनंदन राम,अनवर अली ,एएसआई पीयूष जायसवाल सहित कई पुलिस कर्मी शामिल शामिल थे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर सूखा राशन का किया गया वितरण



गडहनी, प्रात : किरण संवाददाता

बाल विकास परियोजना गडहनी के विभिन्न आँगनबाड़ी केंद्रों पर शनिवार को टीएचआर का वितरण किया गया।परियोजना पदाधिकारी आभा कुमारी ने बताया कि प्रखण्ड के आँगनबाडी केन्द्र संख्या 9, 10, 21, 90 पर महिला प्रवेक्षिका शकुन्तला कुमारी के देखरेख मे वितरण कराया गया।

वहीं बरौड़ा पंचयात की आँगनबाड़ी सेविका सीमा तिवारी केन्द्र संख्या 01 व पडरिया केन्द्र संख्या 86 पर सेविका जुही सहित अन्य केन्द्रो पर सेविकाओ ने बच्चे व गर्भवती धात्री महिलाओं के बीच सूखा राशन का वितरण किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर छह माह से तीन साल के बच्चों एवं तीन साल से छह साल के बच्चों के बीच कच्चा राशन के अंतर्गत ढाई किलो चावल, सावा किलो दाल व 250 ग्राम सोयाबीन,500 ग्राम गुड़ बांटे गए। वहीं गर्भवती व धात्री माताओं के बीच साढे तीन किलो चावल, डेढ़ किलो दाल व 250 ग्राम सोयाबीन,500 ग्राम गुड़ वितरित किया गया।

# अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संगठन के विस्तार में सहयोग करने का संकल्प

गुरारु, प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड जनता दल यू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक जिला सचिव वह्मदेव शर्मा के निवास पर संपन्न हुई है ।इस ब्रजेंद्र कुमार दांगी ने बैठक की अध्यक्षता किया और संचालन बह्मदेव शर्मा ने कियाहै। इस बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि नीतीश राज में शैक्षणिक, समाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विकास अतिपिछडा वर्ग में दिखने लगी है।

जनहित में कार्य करने से संगठन का विस्तार होगा। नीतीश सरकार के कल्याणकारी योजनाएं की जानकारी घर घर देने से संबंध मजबूत होगी। नीतीश सरकार के विभिन्न सारी योजनाओं में से सालों भर चलने बाली योजनाएं स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना,स्वयं सहायता भत्ता योजना,मुख्यमंत्री उधमी



योजना,मुख्यमंत्री ग्रामीण सवारी गाडी योजना की जानकारी घर पर जाकर देने से संगठन मजबूत होगा और लोग पार्टी से जुड़ेंगे। कुमार ने उधमी योजना में लाये गए बदलाव को बताया। 102 ट्रैड को कम करके अब 54 कर दिया गया है। उन्ही 54 टरैड पर ही अब अनुदान मिलेगा। जनता दल यू के संगठन का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचाना है। पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि 2005 के बाद राजनीति का दशा दिशा अतिपिछडा वर्ग बदल दिया है और कार्यकताओं से अपील किया कि पार्टी के विचारधारा से लोगो को अवगत कराएं।पुष्पेंदु पुष्प ने कहा कि जनता दल यू महापुरुषों के विचारधारा पर आधारित है। जनता दल यू में परिवारवाद का कहीं कोई गुंजाइश नहीं है। जनता दल यू समाज सुधार का कई कार्यक्रम चलाई है। संगठन के माध्यम से ही कार्यकताओं को मान सम्मान मिलता है। जनहित में कार्य करने से संगठन मजबूत होगा। बैठक को संबोधित करने वाले में गिरीश प्रसाद,अजय प्रसाद,राकेश कुमार आडवाणी,शिवनंदन प्रसाद ने अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संगठन के विस्तार में सहयोग करने का संकल्प लिया। नीतीश सरकार के द्वारा जातीय जनगणना कराने के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कोटि-कोटि आभार प्रकट किया। गुरारु बाजार में जुलूस निकालकर नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट करने का निर्णय लिया गया।

# विश्व साहित्य में मैक्सिम गोर्की से होती है प्रेमचंद की तुलना : अनिल

हाजीपुर, प्रातः किरण संवाददाता

कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में जो सर्वव्यापी जीवन अनुभव परिलक्षित होता है वह उनका अपना जीवन अनुभव है, कहीं से सुना-सुनाया या पढा-पढाया नही। एक भविष्य द्रष्टा होने के कारण प्रेमचंद अपने युग से बहुत आगे बढ आए थे, सम्यक वर्तमान से बहुत आगे तक देख सकते थे।

जीवन की पाठशाला में उन्होंने बहुत कुछ सीखा था और वह एक परिष्कृत, कलापूर्ण रूप में उनके प्रत्येक शब्द में प्रतिबिंबित हुआ है। उनके साहित्य की महानता का प्रमुख कारण उनका जीवन पर आधारित अनुभव है, बुद्धि पर आधारित चमत्कार या विलास नही है। इसलिए विश्व साहित्य में उनकी तुलना मैक्सिम गोर्की से की जाती है। यह बातें कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए शिक्षक अनिल कुमार ने कही।भगवानपुर प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय शंभूपुर कोआरी के हिंदी विभाग में प्राचार्य संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता और शिक्षक संतोष कुमार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक प्रभाकर कुमार झा ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद किसान की जिंदगी के कुशल चितेरे थे।

कार्यक्रम में शिक्षक सुरविंद कुमार, अजित कुमार, डा. ज्योति, प्रवीण कुमार, आशुतोष कुमार, प्रियांशु प्रियदर्शी, मुक्ति कुमारी, विक्रांत कुमार, उत्पल किशोर, सावित्री कुमारी, माधुरी ज्योति, शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, ललित कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने प्रेमचंद की रचनाओं को युगों-युगों तक जीवंत रहने वाला साहित्य करार दिया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने की।

# अरवल: जिले के हर घर में तिरंगा उत्सव का किया जाएगा आयोजन

अरवल, प्रात :किरण संवाददाता

हर घर तिरंगा महोत्सव के आयोजन को लेकर अपर समाहर्ता के कक्ष में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता ज्योति कुमार द्वारा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त रविंद्र कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री मनोज कुमार वर्मा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ,वरीय उप समाहर्ता राजेश रंजन, सिविल सर्जन डॉ राम कमलेश्वर नाथ सहाय, पुलिस उपाधीक्षक विपिन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी देव ज्योति कुमार ,सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

जिला से प्रत्येक प्रखंड को ₹7000 की राशि आवंटित की गई है। अपर समाहर्ता द्वारा निर्देश दिया गया कि आवंटित राशि से तिरंगे की खरीदारी की जाएगी। उनके द्वारा निर्देश देते हुए कहा



गया कि तिरंगे की खरीदारी जीविका से की जाएगी। जीविका को निर्देश दिया गया कि 30इंच X20 इंच का झंडा बनाकर विभागीय निदेर्शानुसार झंडा का निर्माण करेंगे। जिले में हर घर तिरंगा को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंड पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा गया कि वे अपने स्तर से प्रत्येक पंचायत में मुखिया, सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि के साथ बैठक करेंगे। हर घर तिरंगा के विभिन्न हित धारकों के साथ एक्शन प्लान की भी चर्चा की गई तथा सरकारी निदेश से अवगत कराया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को बताया गया कि इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें एवं उनके अभिभावक के साथ बैठक करें तथा इस महोत्सव की महत्ता उनको बताएं। यह भी निर्देशित किया गया कि सभी सरकारी संस्थान व गैर सरकारी संस्थान व घरों में तिरंगा महोत्सव मनाए। जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह अपने स्तर से इस महोत्सव को विभिन्न पंचायतों में मनाना सुनिश्चित करेंगे। सिविल सर्जन से अपील की गई कि विभिन्न पीएससी ,एपीएससी एवं अन्य हेल्थ सेंटर में इस महोत्सव को मनाना सुनिश्चित करेंगे। आईसीडीएस को निर्देश दिया गया कि वह इस कार्यक्रम को विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में मनाना सुनिश्चित करेंगे। अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह अपने स्तर से इस महोत्सव का क्रियान्वयन करेंगे तथा इसे बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाना सुनिश्चित करेंगे। जिला परिवहन पदाधिकारी को सरकारी वाहन से हर घर तिरंगा महोत्सव का संदेश जनमानस में फैलाने की अपील की गई। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वह विभिन्न माध्यम से जनमानस में जागरूकता फैलाएं एवं इस संदेश को घर-घर तक फैलाएं ताकि आमजन इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी ले। आम जनता से यह अपील की गई कि इस महोत्सव को बरेली हर्षोल्लास के साथ मनाएं एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं।

- प्रत्येक प्रखंड में 7000 राशि होगा आवंटन

### वज्रपात के चपेट में आने से 1 युवक का मौत, चार घायल

**परैया।** प्रखण्ड के अन्तर्गत आए बगाही पंचायत के ग्राम बछेडिया में वज्रपात के चपेट में आने से एक युवक का मौत चार लोग घायल अचानक से बिजली कड़की और आकस्मिक बिजली के चपेट में पांच लोग आ गये पांच लोग में से एक युवक का मौत हो गया मृत युवक का पहचान स्वर :- हरी यादव के पुत्र रामाधार यादव ग्राम बछेडिया के था उसे घटना स्थल पर ही मौत हो गया बाकि चार लोग गंभीर रूप घायल हो गया घायल व्यक्ति को आनन - फानन में अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल में ले गये साथ ही साथ मृत व्यक्ति को अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल में पोस्टमार्टम के लिए ले गये यह घटना के सुचना मिलते ही हमारे बहुजन समाज पार्टी के गुरुआ विधान सभा प्रभारी राघवेंद्र नारायण जी एवं मांगरावा पंचायत के पंचायत समिति सुजीत कुमार अकेला ने घायल व्यक्ति को तथा मृत व्यक्ति सबो को देखने के लिये अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल पहुचे आकस्मिक घटना को सुनकर राघवेंद्र नारायण यादव, सुजीत कुमार अकेला, राकेश कुमार ने दुःखी परिवार के साथ शोख प्रकट किये और दुःखी परिवार को संवेदनशील व्यक्त किये।

# बाल मजदूरी और बाल विवाह रोकने के लिए चलाया जागरुकता अभियान

मुजफ्फरपुर, प्रात :किरण संवाददाता

जिले के बंदरा प्रखंड अंतर्गत बड़गांव ग्रामपंचायत में आज बाल मजदूरी और बाल विवाह रोकने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। पंचायत भवन में मुखिया अब्दुल सत्तार अंसारी की अध्यक्षता में स्वयंसेवी संगठन ऐक्सन एंड की ओर से आयोजित इस बैठक में जिला समन्वयक अरविंद कुमार ने ग्रामीणों को प्रखंड, पंचायत व वार्ड स्तर पर बाल संरक्षण समिति की संरचना, कार्य व जबावदिहियों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों में कुपोषण की स्थिति पहले से और गंभीर हुई है तथा जिले में आज भी 36 प्रतिशत बच्चों का बाल विवाह होता है। चर्चा के क्रम में उन्होंने बताया कि किस प्रकार विवाह के नाम पर आज लड़िकयों का व्यापार किया जाता है। दूसरी ओर इन बाल विवाह, बाल श्रम, बाल व्यापार जैसी कुरितियों को रोकने के लिए कारगर कानून बने हुए हैं। विस्तार से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर चर्चा की गई जिसमें बताया गया कि बाल विवाह को संपन्न कराने व सहयोग करने में जो भी लोग संलिप्त होंगे यथा पंडित, मौलाना,बरतुहार, अगुआ, बाराती,साराती, टेंट हाउस वाले, कैटरर, विडियोग्राफर, आदि तो उन्हें दो वर्षों तक का कारावास तथा एक लाख रुपए तक का जुमार्ना हो सकता है। इसके तहत दोषी पाए जाने वाली महिलाओं को सिर्फ जुमार्ना होगा। बाल श्रम को रोकने के कानून का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से नीचे के बच्चों को काम पर लगाने वाले दंडित किये जाते हैं। 6-14 वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था शिक्षा के अधिकार प्राप्त है। 6-14 वर्ष के सभी बच्चों को विद्यालय में नामांकित होना है और नियमित उपस्थित होना है। मुखिया अब्दुल सत्तार अंसारी ने बाल विवाह को पूर्णतः रोकने के लिए बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग के द्वारा निर्गत पत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि यदि कोई बाल विवाह का मामला संज्ञान में आये तो उसे मुखिया, बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी सह अनुमंडलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी को तुरंत दे जिससे उसको ससमय रोका जा सके। चाईल्ड लाईन को भी 1098 पर खबर दें जो टाल फ्री नंबर है।

बैठक में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का उल्लेख करते हुए एक्शन एड के प्रखंड समन्वयक राजगीर कुमार ने चर्चा किया कि प्रत्येक लड़की को इस योजना के तहत 90 हजार रुपया से अधिक मिलता है। परवरिश योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि वैसे बच्चे जिनके माता पिता की मृत्यु हो गई है और बच्चे का उम्र 18 वर्ष से कम है तो इस योजना के तहत 1000 रुपया प्रतिमाह मिलना है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### स्कूल जा रही बच्ची को स्कॉर्पियो ने कुचला, घटना स्थल पर मौत

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना के दहिभता गांव में एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो के चपेट में आने से 6 वर्षीय मासूम बच्ची की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, इस घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक गाड़ी लेकर फरार होने में सफल रहा। फिलहाल सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृत बच्ची दही भत्ता गांव निवासी छोटन सिंह की 6 वर्षीय बेटी सोना कुमारी बतायी गयी है। बताया जाता है कि सोना कुमारी सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। इसी दौरान एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतका तीन भाइयों में एक बहन थी। वही पुलिस मामले की जांच पडताल करने में जुटी हुयी है।

### आंगनबाड़ी की जमीन को लेकर सीओ ने किया स्थल निरीक्षण

गोपालगंज। जिले के उचकागांव प्रखंड के बलेसरा पंचायत के वार्ड नंबर 11 में आंगनबाड़ी के भवन निर्माण को लिकर स्थल निरीक्षण किया गया। बताया जाता है कि बाल विकास परियोजना के तहत चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का निर्माण कराया जाना है। जिसको लेकर बलेसरा पंचायत के वार्ड नंबर 11 के ग्रामीणों द्वारा सड़क तथा आंगनबाड़ी केंद्र के जमीन हेतु आवेदन दिया गया था।

# मोहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की हुई महत्वपूर्ण बैठक

रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण



कार्यक्रम
- असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई के लिए धारा 107 रहेगा लागू

**सासाराम।** आज दिनांक 30 जुलाई 2022 को समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में जिलाधिकारी रोहतास धर्मेन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक रोहतास आशीष भारती द्वारा आगामी मोहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई जिसमे डीडीसी रोहतास शेखर आनंद, एसडीएम सासाराम मनोज कुमार, एसडीएम डेहरी समीर सौरभ, एसडीपीओ डेहरी सुश्री नवजोत सिम्मी, भा पु से, अपर समाहर्ता, एसडीएम बिक्रमगंज, नगर आयुक्त सासाराम, एसडीपीओ सासाराम, बिक्रमगंज, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष इत्यादि के साथ साथ शांति समिति के सदस्यों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों को आगामी मुहर्रम पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था बनाए रखने के बिंदु पर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आगामी मुहर्रम पर्व पर विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिस रूट से जुलूस निकलना है उस रूट का भौतिक सत्यापन सभी थानाध्यक्ष द्वारा अनिवार्य रूप से कर लेना है। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुहर्रम पर्व के पूर्व मिट्टी लाने के समय भी सतर्कता रखनी है। सोशल मीडिया पर भी नजर रखनी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी थानों में शांति समिति की बैठक भी अनिवार्य रूप से कर ली जाए। विसर्जन के समय एवं इसके पश्चात भी पैनी नजर बनाए रखना है। साथ ही जबरन चंदा वसूली कहीं न हो यह भी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सिविल सोसाइटी एवं धार्मिक जन प्रतिनिधियों के साथ भी बीडीओ एवं थानाध्यक्ष बैठक कर लें।

संवेदनशील स्थलों पर जहां दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जानी है, उन स्थलों का एसडीओ, एसडीपीओ भ्रमण कर लें। पुलिस अधीक्षक रोहतास आशीष भारती ने कहा कि बिना लाइसेंस के किसी भी प्रकार का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। वाहन चेकिंग भी लगातार करते रहें। कोविड 19 के गाइडलाइंस का अनुपालन भी कराने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि कोई भी कार्यक्रम बिना प्रशासन की अनुमति के संपन्न नहीं होगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई के लिए धारा 107 का प्रस्ताव अविलंब भेज दें। बताया कि पूर्व की घटनाओं से प्रेरणा लेकर हमें आगे की कार्रवाई करनी है। बीडीओ, सीओ एवं एसएचओ आपस में समन्वय स्थापित कर विधि व्यवस्था संधारित करें।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी थानों में अगली 05 तारीख से पहले शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया गया। निर्देश दिया गया कि सभी सीओ एवं थानाध्यक्ष जुलूस के रूट का भ्रमण कर सत्यापन कर लें, साथ ही अपने क्षेत्र अंतर्गत एरिया डॉमिनेशन की कार्रवाई भी करने का निर्देश दिया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ शांति समिति की बैठक की कारवाई समाप्त की गई।

# जीएसटी में बढ़ोतरी से नराज चिमनी मालिको ने आंदोलन की बनायी रणनीति

**गोपालगंज।** जीएसटी में 6 गुना व कोयले के दाम में बढ़ोतरी के खिलाफ जिले के चिमनी मालिको ने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर सरकार के खिलाफ आंदोलन करने की रणनीति बनायी। शहर निजी मैरेज हॉल में बैठक आयोजित कर चिमनी मालिको द्वारा सरकार के खिलाफ आवाजे बुलंद कर अपनी रणनीति तैयार की गई। कार्यक्रम की शुरूआत ईंट निमार्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष द्वारा दीप प्रजवलित कर की गयी। इस दौरान जिले के तमाम चीमनी मालिक उपस्थित हुए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष मुरारी कुमार मन्नु व जिलाध्यक्ष ने बताया कि सरकार द्वारा कोयले के दामो में वेतहासा बढ़ोतरी और जीएसटी में छः गुना बढ़ोतरी के कारण सत्र 2022-2023 में सभी चीमनी मालीक ईट का निर्माण नहीं करेंगे साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदूषण को कम करने के लिए फिक्स चीमनी को तोड़कर नई तकनीक जीक - जौग सिस्टम में तब्दील किया जा चूका है जिसमें 40 से 50 लाख रुपए प्रति चीमनी कौस्ट आया है। प्रदूषण टैक्स सभी लोग एक लाख पचास हजार पचास देकर लिये हैं। उसर मिट्टी जो कृषि कार्य में उपयोग नहीं होता है उससे हम ईट बनाने का कार्य करते है। परन्तु इसी खेत या मिट्टी को निकालकर भूर भूरा मिट्टी को अलग निकाल कर चीमनी पर ले जाते है तो उसे प्रशासन बालू का नाम देकर चीमनी मालीक को बेवजह परेशान किया करता है।

# हथुआ में बरामद नरकंकाल मामले का हुआ खुलासा



गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता

- गर्भवती होने पर प्रेमी ने ही प्रेमिका का कर दिया था कत्ल
- एसआइटी ने हत्यारे प्रेमी को किया गिरफ्तार

जिले के हथुआ थाने के यादो पिपरा गांव में बरामद युवती के नरकंकाल मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। गर्भवती होने पर प्रेमी ने ही अपनी प्रेमिका की हत्या कर शव को चंवर में फेंक दिया था। एसआइटी ने पुरे मामले का खुलासा करते हुए हत्यारे प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने बताया कि 19 जुलाई को हथुआ थाने के यादो पिपरा गांव के गुमान राय के टोला में एक युवती का नरकंकाल बरामद किया गया था। कपडे के आधार पर युवती की पहचान ज्ञान्ती देवी के पुत्री के रूप में की गयी थी। इस मामले को लेकर मृतका की मां ज्ञान्ती देवी के बयान पर हथुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। जिसके बाद हथुआ एसडीपीओं नरेश कुमार के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया था। गठित एसआइटी की टीम ने बरामद कंकाल के मामले की जांच करते हुए कंकाल के पास से एक पर्स बरामद किया। जिसमें आधार कार्ड सहित अन्य कागजाज मौजुद थे। जिसके आधार पर कांड का खुलासा करते हुए उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार प्रेमी ने अपने स्वीकृति बयान में हत्या की बात स्वीकार करते हुए कई खुलासे किए है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार प्रेमी को स्पीडी ट्रायल चलाकर सजा दिलायी जाएगी। गठित टीम में एसडीपीओ नरेश कुमार, हथुआ थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार राय, मीरगंज थानाध्यक्ष छोटन कुमार, हथुआ थाने के परि0 पुलिस अवर निरीक्षक राजा कुमार, सिपाही दिवाकर कुमार शामिल थे।

# जिला केन्द्रीय पुस्तकालय का डीएम ने किया निरीक्षण

गोपालगंज, प्रात : किरण संवाददाता

- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से लिया फीडबैक

जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चैधरी द्वारा जिला केंद्रीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने जीणोद्धार के उपरांत पुस्तकालय की बदली तश्वीर को देखकर काफी खुशी व्यक्त की। उन्होने पुस्तकालय की बॉउंड्री वॉल, स्टडी रूम, बुनियादी सुविधाओं यथा पानी, शौचालय, डेस्क, कुर्सी, एसी, मेज, प्रतियोगी किताबों की उपलब्धता इत्यादि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय की शानदार व्यवस्था को लेकर सम्बंधित पदाधिकारियों की जमकर तारीफ की। इस दौरान डीएम ने पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से बातचीत कर पुस्तकालय के सम्बंध में फीड बैक लिया। उपस्थित छात्रों ने केन्द्रीय पुस्तकालय का कायाकल्प बदलने के लिए डीएम को धन्यवाद दियाा। छात्रों ने कहा कि अब हमें बिना किसी शुल्क के शांत व बेहतर वातावरण में पढ़ने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में शुद्ध पेयजल, वातानुकूलित स्टडी रूम, प्रतियोगिता परीक्षाओं से सम्बंधित पुस्तको की उपलब्धता है। डीएम द्वारा सम्बन्धित पदाधिकारियों को पुस्तकालय के ग्राउंड फ्लोर में अतिरिक्त स्टडी रूम डवलप करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की बढ़ती तादाद को देखते हुए अतिरिक्त स्टडी रूम की आवश्यकता है। इस दौरान अनुमण्डल पदाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, ईओ, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शराब माफियाओं में ड्रोन की दहशत

**गोपालगंज।** गोपालगंज में उत्पाद विभाग ने शराब माफियाओं को दबोचने के लिए अब तकनीक का सहारा जोर-शोर से लेना शुरू कर दिया है। ड्रोन कैमरे से अब दियारा क्षेत्रों में शराब बनाने वाले जगहों पर धावा बोला जा रहा है। कैमरे से आयी तसवीरों का सहारा लेकर सटीक ठिकानों पर पुलिस छापेमारी कर रही है। जहां पहले दियारा के दुर्गम इलाकों में शराब माफिया आसानी से धंधा पसारकर बैठते थे वहीं अब उनके अंदर दशहत है। बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सुन्दरपुर में शराब बनाने व बेचने वाले धंधेबाजों के खिलाफ अभियान के तहत शनिवार को उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर शराब की कई भट्ठियां ध्वस्त कर दीं। उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सुन्दरपुर में ड्रोन कैमरे की मदद से छापेमारी की गई। छापेमारी में जमीन के अंदर छुपाकर रखे गए करीब 3200 किलो गुड का पाश, शराब बनाने के उपयोग में लायी जाने वाली गैस, चूल्हा, ड्रम सहित अन्य उपकरण बरामद किया गया।

# शिक्षा दान सभी दानो में सर्वश्रेष्ठः बीडीओ

गोपालगंज, प्रात :किरण संवाददाता

- शिक्षक समागम में शिक्षकों ने नई पीढ़ी के युवाओं के पढ़ाई पर की चर्चा

जिले के फुलवरिया प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को शिक्षक समागम का उद्घाटन वैदिक मंत्रोचार के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार रोशन व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रत्ना घोष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिक्षक समागम बैठक में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व वरिष्ठ शिक्षक शामिल हुए।

शिक्षक समागम में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि शिक्षा दान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ है गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है इसलिए इसका सही ढंग से सदुपयोग करना चाहिए, सही ढंग से शिक्षा देने के लिए अच्छे शिक्षक का समाज में होना आवश्यक है। उन शिक्षकों द्वारा दी गई शिक्षा को युगो-युगो तक याद रखा जाता है। वह शिक्षा अमर रहता है। इतना ही नहीं बीडीओ ने शिक्षकों से कहा कि कई विद्यालयों से यह शिकायत सुनने को मिलता है कि कुछ शिक्षक समय से विद्यालय नहीं पहुंचते हैं, यदि पहुंचते हैं तो क्लास रूम में बच्चों को पढ़ाने के जगह कुर्सी पर बैठकर मोबाइल चलाते हैं, उन्हें खुद पहले अपने आप में सुधार लाने की जरूरत है।

वैसे शिक्षकों पर प्रशासन अब करवाई करने कि मूड में है। वही बैठक में उपस्थित बीईओ रत्ना घोष ने शिक्षकों से नई पीढ़ी के युवाओं के पढ़ाई पर विशेष चर्चा की, कई शिक्षकों ने कहा की नई पीढ़ी के युवा पढ़ने में काफी रुचि रख रहे हैं।

# राजनीतिक संचार व पत्रकारों के कार्यशैली पर व्याख्यान आयोजित

रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण



सासाराम। आज दिनांक 30 जुलाई 2022 को गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कला संकाय अंतर्गत पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के तत्वाधान में राजनीतिक संचार और पत्रकारों के कार्यशैली पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान आमंत्रित वक्ता के रूप में एक न्यूज चैनल के राजनीतिक सम्पादक शैलेन्द्र कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारिता की विधा बहुत बदल चुकी है और पत्रकारों के समक्ष नई चुनौतियां आ गयी हैं।

ऐसे में पत्रकारिता के नए साथियों को नए विधा के साथ अपने आप को समायोजित करने की जरूरत है। पत्रकारिता समाज का आईना होती है और वो आम लोगों की बातों को विस्तृत फलक प्रदान करती है। साथ ही उन्होंने अपने उद्बोधन में राजनीतिक पत्रकारिता के गुण और बारीकियों को समझाया। व्याख्यान के शुरूआत में कला संकाय के अध्यक्ष प्रो डॉ सुरेश चंद्र नायक ने विभाग में आगत वक्ता का सम्मान करते हुए कहा कि पत्रकारिता के छात्रों को अध्ययन के साथ फील्ड की जानकारी भी रखनी चाहिए क्योंकि पत्रकारिता समाज के बीच जाकर करनी होती है। पत्रकारिता के छात्रों को अध्ययन के दौरान समय का उचित प्रबंधन और भाषाई मयार्दा पर विशेष जोर देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ स्नेहाशीष वर्धन ने किया।

इस दौरान विभाग के सहायक प्राध्यापक फहमीना हुसैन, डॉ अमित कुमार सिंह, स्मृति, चंचल सिंह, सहायक कुलसचिव मिथिलेश सिंह सहित विभाग के परास्नातक और स्नातक के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### भाजपा मण्डल कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**अगिआँव।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा अगिआंव मण्डल के मण्डल कार्यसमिति की बैठक अगिआंव हनुमान मंदिर ( मिडिल स्कूल के बगल में ) के प्रांगण में किया गया।बैठक की शुरूआत डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रीय गीत- वंदे मातरम गाकर किया गया।बैठक में संगठन विस्तार एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर कार्यकताओं को मार्गदर्शन किया गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में अभी से ही तन-मन से लगने का आह्वान किया गया।बैठक में वक्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने और पन्ना प्रमुख बहुत जल्द बनाने की अपील किये गए। आजादी के 75वें वर्षगाठ पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा फहराने सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में अगिआंव मण्डल महामंत्री- कुन्दन कुमार कुशवाहा,युवा मोर्चा अध्यक्ष-सचिन कुमार सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व विस्तारक सियाराम सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, सम्राट अलख सिंह, आई टी सेल मण्डल संयोजक चन्दन कुमार और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संतोष बने बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष

उदवंतनगर, प्रात :किरण संवाददाता



प्रखण्ड मुख्यालय स्थित जनप्रतिनिधि भवन में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की सांगठनिक ढांचा तैयार करने को लेकर बैठक आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता संघ के जिला मीडिया प्रभारी संजय पांडेय ने किया। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में जिला उपाध्यक्ष नन्द किशोर सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर राम ने किया।

आयोजित बैठक में राजकीय मध्य विद्यालय,एड़ौरा के शिक्षक संतोष कुमार को सर्वसम्मति से प्रखण्ड अध्यक्ष मनोनीत किया गया वहीं प्रेमजीत कुमार को उपाध्यक्ष, आफताब आलम को प्रखण्ड सचिव व गोपाल प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक हित में कार्य करूंगा तथा संध के सिद्धांतों पर चलूंगा।लंबी होने के बावजूद हमारी लड़ाई निरन्तर जारी रहेगी।सभी से सकारात्मक सहयोग की अपील की। धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार ने किया।

मौके पर नन्दन किशोर सिंह, संजय पाण्डेय, सुनील कुमार, सुनील कुमार सिंह, पल्लवी सिंह, हबीबुल हक, बीरेंद्र कुमार, राधेश्याम ठाकुर, विनय कुमार चौधरी,राधवेन्द्र कुमार सिंह, राजेश कुमार, संतोष कुमार केसरी,आशा रानी,सुनीता कुमारी, मैंनेजर सिंह, गजेन्द्र सिंह प्रियंका कुमारी सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

# ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा की मासिक बैठक आयोजित

गया, प्रात : किरण संवाददाता



ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा गया कि शाखा पार्षदों की मासिक बैठक यूनियन कार्यालय गया में की गई। शाखा अध्यक्ष मधुर लाल मंडल ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य रूप से बरसात के दिनों में रेलवे आवासों में रहने वाले रेल कर्मचारियों को छत चुने ,शुद्ध पीने की पानी की व्यवस्था, टूटे-फूटे आवास की मरमति, कर्मचारियों को मिलने वाले सुविधाओं में कटौती के अलावा विभिन्न कल्याण योजनाओं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

आज की इस बैठक में विशेष आगंतुक अतिथि के रूप में कार्यकारी अध्यक्ष हाजीपुर सह पी एन एम प्रभारी डीडीयू सह कार्यकारिणी सदस्य एआईआरएफ नई दिल्ली मिथिलेश कुमार की उपस्थिति सराहनीय रही। उन्होंने अपने संबोधन में एआईआरएफ तथा इसकी जोनल इकाई ईसीआरकेयू के इतिहास के बारे में उपस्थित शाखा पार्षदों को काफी विस्तार से बताया। शाखा सचिव मुकेश सिंह ने बताया कि पिछले माह यूनियन द्वारा कर्मचारी हित में एमएसीपी के तहत वित्तीय लाभ, बकाया एरियर तथा 108/2008 के तहत टीआरएस विभाग में 71 कर्मचारियों को वरीयता का लाभ यूनियन के प्रयास से दिया गया।

शाखा अध्यक्ष मधुर लाल मंडल ने कहा कि यूनियन आपने प्रयास से सभी कर्मचारियों को सभी प्रकार का सहयोग करते आ रही है फिर भी कुछ कर्मचारियों की समस्याएं रह जाती है तो उन्हें भी शीघ्र प्रयास कर पूरा किया जाएगा।

इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष मिथिलेश कुमार, शाखा अध्यक्ष मधुर लाल मंडल ,शाखा सचिव मुकेश सिंह ,उपाध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ,लक्ष्मण प्रसाद ,अजीत कुमार श्रीवास्तव, संगठन मंत्री बीके चौधरी, संतोष कुमार ,राजीव रंजन कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, सहायक सचिव राजन कुमार सिन्हा ,युवा शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष कुणाल रंजन, शाखा पार्षद रविंद्र कुमार, पीयूष शर्मा, एवं वीरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

# लेखापाल योजनाओं को कर रहे बाधितः मुखिया सुनील

गडहनी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रखण्ड कार्यालय स्थित सभागार मे शुक्रवार को प्रखण्ड प्रमुख विमल कुमार सिंह की अध्यक्षता मे पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक का नेतृत्व व संचालन बिडिओ बीरेन्द्र कुमार के द्वारा की गई। बैठक मे स्वास्थ्य केन्द्र की लचर ब्यवस्थाओं पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अभिषेक कुमार से सवाल जबाव तलब किया गया।

वहीं राजस्व से संबंधित मोटेशन परिमार्जन सहित आपदा को लेकर आरओ विपुल कुमार से चर्चा की गई। लेखापाल के द्वारा पंचायत की योजनाओं को बाधित किए जाने को लेकर मुखिया सुनील कुमार द्वारा सवाल उठाया गया कि पंचायत में चल रही विकास योजनाओं का नाइटी नाइन प्वाइंट फाइव पर्सेंट काम हो जाने के बावजूद भी अग्रिम भुगतान के लिए रोका जा रहा है जबकि विचौलियों के द्वारा किए गए कार्यों में मिली भगत से योजना शुरू होते ही अग्रिम भुगतान कर दी जाती है। अतः विकास योजनाओ को समुचित रुप से संचालित करने के लिए लेखापाल को हटाते हुए दूसरे लेखपाल की नियुक्ति करने की मांग सदन में की गई साथ ही साथ विभागीय कार्रवाई करने की मांग की गई वही कुरकुरी पंचायत समिति सदस्य पुरूषोत्तम कुमार द्वारा बैंकर्स, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष की बैठक से गायब रहने को लेकर सवाल उठाया गया।

मोहन राम ने रोगी कल्याण समिति की गठन करने की मांग उठाई तो वही चंद्रशेखर मुखिया द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र को सुचारु रुप से संचालित किए जाने की मांगें सदन मे उठाई। बैठक मे बाल विकास परियोजना, आँगनबाडी, मनरेगा, कृषि, पैक्स, पीएचडी से संबंधित विभिन्न समस्याओ को दुर करने को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दी गई।

# सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज

गोपालगंज, प्रात :किरण संवाददाता



कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय अंडर 17 सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का आयोजन शहर के मिंज स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चैधरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

उद्घाटन के बाद डीएम ने एक-एक खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। डीएम ने खिलाड़ियों का उत्साह बढाते हुए अपने संबोधन में कहा कि राज्य स्तरीय खेल में विजेता बनकर अपने जिले का नाम रौशन करें। प्रतियोगिता में तकरीबन एक दर्जन अलग-अलग प्रखंडों से आयी हुई फुटबॉल की टीमें शिरकत कर रही हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ विजेता एवं उपविजेता को ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। वहीं खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर नवाजा जाएगा। फुटबॉल प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय बरौली, डीएवी उच्च विद्यालय थावे, उच्च विद्यालय मांझागढ़, वीएम उच्च विद्यालय, उच्च विद्यालय रेवतिथ, उच्च विद्यालय रामचंद्रपुर, मुखीराम उच्च विद्यालय थावे, उच्च विद्यालय लक्षवार व डॉक्टर नंदीग्रेस इंग्लिश स्कूल सहित नौ टीमें भाग ले रही है। इस दौरान अपर समाहर्ता बीरेंद्र प्रसाद, एसडीएम डॉ प्रदीप कुमार, एसडीपीओ संजीव कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनंत कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सन्दीप कुमार, कोषागार पदाधिकारी शशीकांत आर्या, सहायक कोषागार पदाधिकारी सुनिल पासवान सहित मैच आयोजन में खेल शिक्षक राजीव कुमार सिंह, डॉक्टर रमण कुमार, ज्योति भूषण सिंह, माधो ठाकुर, राजेश्वर प्रसाद, अनवर हुसैन, रमेश चैबे, मोहम्मद एसरार, दिनेश प्रसाद व सुभद्रा कुमारी आदि मौजुद थे।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर होगा आंदोलनः मंटु

आरा, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की बैठक आदर्श मध्य विद्यालय नवादा,आरा में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु ने किया। जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु ने नवगठित उदवंतनगर कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुमार,सचिव मोहम्मद आफताब अहमद,कोषाध्यक्ष गोपाल जी प्रसाद,उपाध्यक्ष प्रेमजीत पासवान सहित 14 सदस्यी कमिटी को बधाई दी। बैठक में विभिन्न विंदुओं पर विचार -विमर्श किया गया। नवनियुक्त शिक्षकों का वेतन भुगतान एवं सेवा पुस्तिका संधारण की स्थिति। जिले में शिक्षकों के सम्मान के विरुद्ध निकाले गए डीईओ द्वारा पत्र पर आन्दोलन की रणनीति बनाने हेतु चर्चा। बकाया भुगतान हेतु आवंटन का अद्यतन स्थिति एवं भुगतान की स्थिति। प्रोन्नति हेतु सामूहिक निर्णय एवं कार्य योजना। अनुकंपा नियुक्ति, अनुग्रह राशि एवं इपीएफ से मिलने वाली लाभ। अप्रशिक्षित शिक्षकों के वेतन भुगतान।15% वेतन वृद्धि में व्याप्त त्रुटि पर चर्चा। नवनियुक्त शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक का वेतन भुगतान। ऐच्छिक स्थानांतरण करवाने हेतु महिला शिक्षिकाओं को एकजुट करने पर चर्चा। संघ की सदस्यता का अधतन स्थिति व व्यापक कार्य योजना। प्रखंड, अनुमंडल, जिला संघ में नए एवं सक्रिय नेतृत्व को लाने तथा मजबूत करने हेतु व्यापक रणनीति तैयार करने पर विचार विमर्श।

# नाढ़ी पंचायत में एक्शन एड यूनिसेफ के द्वारा बाल संरक्षण समिति का गठन

चंचल कुमार, प्रात : किरण



**मुरलीगंज/मधेपुरा।** प्रखंड के नाढी पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया एक्शन एड यूनिसेफ के तत्वधान में शनिवार को पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन की अध्यक्षता मुखिया श्रीमती झलिया देवी ने किया। कार्यक्रम में एक्शन एड यूनिसेफ का प्रखंड समन्वयक नीतीश कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाल मजदूरी, बाल विवाह ,बाल व्यापार ,का तिरस्कार करना जरूरी है उन्होंने इन बुराइयों से समाज में कुप्रभाव के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की है तथा शिक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार पर जोर दिया कहा कि शिक्षा ही समाज के अंधकार से प्रकाश की ओर ले जा सकता है जिला समन्वयक नूतन मिश्रा ने कहा कि बाल विवाह बाल मजदूरी बाल व्यापार आदि बुराइयों समाज के लिए घातक उन्होंने इन बुराइयों से सावधान रहने तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता बताएं मुखिया झरिया देवी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में फैले बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल व्यापार, दहेज प्रथा आदि कुरीतियों को अंकुश लगाना समाज के सभी लोगों का परम कर्तव्य बनता है उन्होंने सामाजिक कृतियों पर रोक लगाने के लिए कानूनी प्रावधानो की चर्चा करते हुए व्यापक पैमाने पर लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताएं कार्यक्रम मैं उपस्थिति उप मुखिया निभा देवी सरपंच, सुभद्रा देवी वार्ड, सदस्य पंकज कुमार ,मिथिलेश कुमार, पंच चंद्रकांत खान एवं ग्रामीण जनता अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### ईंधन के मूल्य में बदलाव नही

नई दिल्ली। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में शनिवार को कोई बदलाव नहीं हुआ। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की एक अधिसूचना के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में एक लीटर पेट्रोल 106.31 रुपये में मिल रहा है जबकि डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। चेन्नई में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 102.63 रुपये जबकि डीजल की 94.24 रुपये है। इसी तरह कोलकाता में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 106.03 रुपये है जबकि डीजल की कीमत 92.76 रुपये है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें वैट और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग हैं। केन्द्र सरकार भी मोटर ईंधन पर उत्पाद शुल्क लेती है।

### आरआईएनएल के अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभाग को निर्यात उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभाग (आईटीडी) को भारतीय दक्षिणी क्षेत्र अभियंत्रण निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) की ओर से वर्ष 2018-19 के लिए स्टार परफॉर्मेंस अवॉर्ड दिया गया। आरआईएनएल को यह पुरस्कार लोहे और स्टील के रोल्ड, ड्रान और फोल्डेड उत्पादों के बड़े उद्यम की श्रेणी के तहत निर्यात उत्कृष्टता के लिए मिला है। इस्पात मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने पुरस्कार प्रदान किया। आरआईएनएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अतुल भट्ट ने निर्यात उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार मिलने पर कंपनी के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभाग की सराहना की। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार किसी ऐसे संगठन को दिया जाता है जिसने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो और तीन वित्तीय वर्षों में से दो में निर्यात प्रदर्शन की एक निश्चित न्यूनतम राशि सफलतापूर्वक हासिल की है। आरआईएनएल के उत्पाद अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता और वितरण कार्यक्रम के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में अत्यधिक प्रसिद्ध हैं।

### महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन की पहले 30 मिनट में एक लाख से ज्यादा की बुकिंग

नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी की नई एसयूवी स्कॉर्पियो-एन की बुकिंग शनिवार से शुरू हो गई है। कंपनी यह बुकिंग 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर कर रही है। स्कॉर्पियो-एन की पहली 25 हजार कारों की बुकिंग्स के लिए 21 हजार रुपये वाला ऑफर लागू है। कंपनी को स्कॉर्पियो-एन की एक लाख से ज्यादा बुकिंग 30 मिनट के भीतर प्राप्त हुई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि ग्राहक मात्र 21 हजार रुपये में इस कार की ऑनलाइन बुकिंग करा सकते हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के मुताबिक नई एसयूवी स्कॉर्पियो-एन की बुकिंग की शुरूआत 30 जुलाई से हो गई है। कंपनी के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने ट्विट कर इस कार की बुकिंग के लिए लोगों से तैयार रहने को कहा था। दरअसल यह एक मिडसाइज एसयूवी कार है।

# मामाअर्थ ने अपना एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट मुंबई में किया लॉन्च

**मुंबई, एजेंसी**

हाउस ऑफ होनासा के तेजी से बढ़ते हुए एफएमसीजी ब्रांड, मामाअर्थ ने अपने एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट (ईबीओ) मुंबई के फोनिक्स मार्केट सिटी, कुर्ला और इनफिनिटी मॉल मॉलाड में खोले हैं।

इस टॉक्सिन फ्री पर्सनल केयर ब्रांड के तहत बेबी केयर से लेकर ब्यूटी और पर्सनल केयर के उत्पादों की फुटकर (रिटेल) बिक्री की जाएगी। मामाअर्थ ने एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट का शुभारंभ वरुण अलघ-सीईओ, होनासा कंज्युमर प्राइवेट लिमिटेड और गजल अलघ-सीआईओ और सह-संस्थापक, मामाअर्थ, फीनिक्स मार्केट सिटी, कुर्ला में किया।

ग्राहक केंद्रित ब्रांड होने के कारण, जो ग्राहकों की पसंद के साथ-साथ आगे बढ़ता है के मद्देनजर मामाअर्थ ने बेबीकेयर ब्रांड की टाक्सिक फ्री ब्रांड से शुरूआत की थी, लेकिन ग्राहकों की मांग के चलते इसने वयस्कों के लिए भी टाक्सिन फ्री पर्सनल केयर उत्पादों के क्षेत्र में भी अपने कदम फैला दिए।

ग्राहकों पर बारीक नजर रखते हुए और उत्पादों की ऑफलाइन उपलब्धता की बढ़ती



मांग के मद्देनजर इस ब्रांड ने ऑफलाइन तरीके से उत्पाद बेचने का निश्चय किया। यह जानते हुए कि एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स ब्रांड को मजबूती और विस्तार देने के लिए जरूरी हंम मामाअर्थ ने अपने एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स शुरू किए हैं। ईबीओ के माध्यम से ग्राहक ब्रांड को लेकर आकर्षित करते हैं और उन्हें ब्रांड का एक नया अनुभव मिलता है।

ब्रांड ने अपना पहला स्टोर राजधानी शहर में खोला था, फिर दो ईबीओ मुंबई में खोले हैं। ये स्टोर अभी मुंबई की दो महत्वपूर्ण जगहों- इनफिनिटी मॉल मालॉड और फोनिक्स मार्केट सिटी कुर्ला में खोले गए हैं। 380 वर्ग फीट और 197 फीट की एरिया वाले इन स्टोरों में 140 से ज्यादा मामाअर्थ के एस्केयू मिलेंगे जिनमें स्किनकेयर, हेयरकेयर, पर्सनल केयर और नए रेंज के कलर केयर शामिल हैं।

एक्सक्लूसिव ब्रांड आउलेट की लांचिंग के अवसर पर बोलते हुए होनासा कंज्युमर प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ वरूण अलघ ने कहा, होनासा कंज्यूमर का कारोबार, ब्रांड का निर्माण करना है और ब्रांड का निर्माण ग्राहकों के दिमाग में होता है। ग्राहकों के साथ संवाद करने के जो माध्यम हैं वह बदलते और विकसित होते रहेंगे। चूंकि हम एक डिजिटल कंपनी भी हैं लिहाजा, डिजिटल प्लेटफार्म और तकनीकि हमारे साथ अच्छे से जुड़े हुए हैं। लेकिन हमारा मुख्य उद्देश्य ग्राहकों से जुड़े रहना है, और हमारी प्राथमिकता है कि ग्राहकों की यात्रा में साथ-साथ चलें।

अगर ग्राहक आपसे ऑफलाइन खरीदी करना चाहते हैं तो आपको वहां उपस्थित रहना होगा। इसी जरूरत को समझते हुए हमने ऑफलाइन जाने का निर्णय लिया और उसके लिए एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स खोले हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ग्राहक हमें ऑफलाइन भी उसी तरह का प्रतिसाद देंगे जैसा कि उन्होंने डिजिटल रूप में दिया है।

मामाअर्थ एक उद्देश्य से चलने वाला ब्रांड है जिसका इस बात में मजबूती से विश्वास है कि अच्छाई भीतर की चीज होती है, इसी के मद्देनजर वह अच्छाई को अपने उत्पादों और कार्यों से आगे बढ़ाना चाहती है।

मामाअर्थ का मानना है कि अच्छाई हमारे उन छोटे-छोटे चुनावों से शुरू होती है जिन्हें हम रोजाना करते हैं। ब्रांड का विचार इस मामले में शुरू से ही बहुत स्पष्ट रहा है कि वह हमेशा ही प्रकृति के श्रेष्ठ चीजों का इस्तेमाल करेगी और किसी तरह के टॉक्सिन या खतरनाक रसायनों का प्रयोग अपने उत्पादों में नहीं करेगी। ये सारे उत्पाद बिना जानवरों की हत्या किए, प्लॉस्टिक फ्री हैं और कंपनी ने पिछले साल ही पौधों को संवारने का संकल्प किया है।

इस संकल्प के तहत ही ब्रांड को जो भी आर्डर उसके वेबसाइट पर मिलते हैं उस प्रत्येक आर्डर पर एक पौधा लगाया जाता है, कंपनी का इरादा साल 2025 तक 15 लाख से ज्यादा पौधे लगाने का है।

# श्रीलंका में मुद्रास्फीति जुलाई महीने में 61 % के करीब पहुंची

**कोलंबो, एजेंसी**



गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहे श्रीलंका में मुद्रास्फीति जुलाई महीने में बढ़कर 60.8 प्रतिशत के उच्च स्तर पर पहुंच गई। खाद्य उत्पादों एवं ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रहने से मुद्रास्फीति बढ़ी है। श्रीलंका के सांख्यिकीय विभाग ने शनिवार को जारी एक बयान में जुलाई के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि एक साल पहले की तुलना में इस महीने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति 60.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। एक महीना पहले जून में यह 54.6 प्रतिशत पर थी।

श्रीलंका में जरूरी वस्तुओं की खरीदारी के लिए भी समुचित विदेश मुद्रा नहीं होने से हालात काफी खराब हो चुके हैं। विदेशी मुद्रा भंडार के अभाव में खाद्य पदार्थों और ईंधन की कमी का संकट बना हुआ है।

जनगणना एवं सांख्यिकीय विभाग ने कहा कि जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति सालाना आधार पर 90.9 प्रतिशत हो गई जबकि जून में यह 80.1 प्रतिशत रही थी। देश के केंद्रीय बैंक ने कहा है कि मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी का सिलसिला अभी जारी रहने के आसार हैं और यह 75 प्रतिशत के उच्च स्तर तक जा सकती है। श्रीलंका में जारी आर्थिक संकट ने राजनीतिक अस्थिरता एवं जन असंतोष भी पैदा किया है। व्यापक विरोध-प्रदर्शन के बाद गोटबाया राजपक्षे को देश छोड़कर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा और रानिल विक्रमसिंघ ने नए राष्ट्रपति के रूप में कमान संभाली है। विक्रमसिंघे के कार्यालय की तरफ से शुक्रवार को बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के साथ राहत पैकेज के मुद्दे पर बातचीत जारी है।

**समस्या**

- श्रीलंका में जरूरी वस्तुओं की खरीदारी के लिए भी समुचित विदेश मुद्रा नहीं होने से हालात काफी खराब हो चुके हैं।

# उबर ड्राइवरों को यात्रा स्वीकार करने से पहले दिखाएगी, वे कितना कमाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राइड-हेलिंग प्रमुख उबर ड्राइवरों को यात्रा स्वीकार करने से पहले यह दिखाने जा रहा है कि वे कितना कमाएंगे और कहां जा रहे हैं। उबर के सीईओ दारा खोस्त्रोशाही ने कहा कि अपफ्रंट फेयर के साथ कंपनी ने ड्राइवरों को सवारी स्वीकार करने के तरीके को पूरी तरह से फिर से तैयार कर लिया है।

खोस्त्रोशाही ने शुक्रवार देर रात एक बयान में कहा, हमारी नई यात्रा अनुरोध स्क्रीन ड्राइवरों के लिए यह तय करना आसान बनाती है कि क्या यात्रा उनके समय और प्रयास के लायक है, जिसमें वे कितना कमाएंगे और कहां जा रहे हैं, सहित सभी विवरण प्रदान करें। उबर ने इस साल की शुरूआत में कुछ शहरों में अपफ्रंट फेयर की शुरूआत की थी। ट्रिप राडार नामक एक अन्य विशेषता ड्राइवरों को आस-पास होने वाली अन्य यात्राओं की सूची देखने देती है। खोस्त्रोशाही ने बताया, ड्राइवरों को अभी भी पहले




की तरह व्यक्तिगत यात्रा अनुरोध प्राप्त होंगे, लेकिन ट्रिप रडार के साथ उनके पास एक और यात्रा चुनने की क्षमता होगी जो उनके लिए बेहतर काम कर सकती है। कंपनी ने कहा कि अगले कुछ महीनों में अपफ्रंट किराए के साथ ट्रिप रडार का विस्तार होगा।

उबर के सीईओ ने कहा, मुझे वाशिंगटन डीसी में सौ से अधिक ड्राइवरों के लिए इन नए नवाचारों की घोषणा करने का मौका मिला। उबर ने एक नए उबर प्रो डेबिट कार्ड और चेकिंग अकाउंट पर मास्टरकार्ड, ब्रांच और मार्केटा के साथ भी भागीदारी की है जो ड्राइवरों को गैस, फीस और बहुत कुछ बचाने में मदद करेगा।

# विदेशों में तेजी के रुख से तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी बाजारों में तेजी के बीच दिल्ली तेल- तिलहन बाजार में शनिवार को लगभग सभी तेल-तिलहनों के दाम सुधार के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि शिकागो एक्सचेंज शुक्रवार को लगभग तीन प्रतिशत मजबूती के साथ बंद हुआ था। इस बीच सरकार ने आयात शुल्क मूल्य में पाक्षिक कटौती की है। इस कटौती के तहत पामोलीन के आयात शुल्क में 307 रुपये प्रति क्विन्टल की भारी कमी की गई है जबकि सोयाबीन डीगम में 69 रुपये प्रति क्विन्टल की और कच्चा पाम तेल (सीपीओ) के आयात शुल्क मूल्य में 47 रुपये प्रति क्विन्टल की कमी की गई है। इस कटौती के बाद जिस सोयाबीन तेल का दाम पहले सीपीओ से लगभग 50 डॉलर अधिक हुआ करता था, वह अंतर अब बढ़कर 310 डॉलर हो गया है। वर्ष 2010 के बाद एक सप्ताह के अंदर सोयाबीन दाना के भाव पहले कभी इतनी तेजी से बढ़ते नहीं देखे गये हैं। इससे विश्व में सीपीओ और पामोलीन की मांग बढ़ेगी क्योंकि सोयाबीन की तुलना में ये काफी सस्ते होंगे। मलेशिया



में सीपीओ और पामोलीन लगभग बराबर भाव पर हैं क्योंकि सीपीओ तेल पर निर्यात शुल्क लगाया जाता है जबकि पामोलीन पर निर्यात शुल्क नहीं के बराबर है। सूत्रों ने कहा कि सीपीओ और पामोलीन के मुकाबले प्रति टन सोयाबीन डीगम का भाव 300 डॉलर महंगा होने से सीपीओ और पामोलीन के आयात में इजाफा होगा। इससे स्थानीय तेल प्रसंस्करण उद्योग प्रभावित होंगे क्योंकि उनका कामकाज ठप पड़ सकता है। सूत्रों ने कहा कि आयात शुल्क में छूट दिये जाने के बाद सोयाबीन डीगम का भाव लगभग छह रुपये किलो सस्ता होना चाहिए था लेकिन कांडला बंदरगाह पर थोक बिक्री मूल्य में सिर्फ दो रुपये प्रति किलो की ही कमी आई है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार की रियायतों का लाभ न तो उपभोक्ता को मिल रहा है, न किसानों को और न ही तेल उद्योग को। ऐसे में आयात शुल्क में कमी करने से सिर्फ सरकार को राजस्व की ही हानि है।

नमकीन बनाने वाली कंपनियों की मांग होने से मूंगफली तेल तिलहन के साथ साथ बिनौला तेल कीमतों में भी सुधार आया। तेल तिलहन उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने की ओर ले जाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किये जाने की आवश्यकता है। किसानों को उनकी उपज का लाभकारी दाम दिये जाने से वे उत्पादन बढ़ाने को प्रेरित होंगे।

